You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-18 ❑ रविवार, 15 फरवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

131 किमी के कसारा–मनमाड़ सेक्शन पर तीसरी और चौथी का काम 10,154 करोड़ रुपये की लागत से पांच साल में पूरा किया जायेगा। यह काफी चुनौतीपूर्ण परियोजना है। इसमें 28 किमी की पांच सुरंगों का निर्माण किया जायेगा। **अश्विनी वैष्णव**



निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी को खुली बहस की चुनौती दी 11

महाशिवरात्रि : 'बोध' रैली, नशा-मुक्ति का दिया संदेश 12

## संक्षेप

### शिक्षा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं : नड्डा

**जॉलीग्रांट/ऋषिकेश।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का दायित्व भी है। उन्होंने युवाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की अपील करते हुए अमृतकाल के आगामी 25 वर्षों को देश के लिए निर्णायक बताया। श्री नड्डा आज रिषीकेश में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### बाढ़ अनुमान के लिए एआई शक्ति प्रदद चैट और डेटामैनेजमेंट प्लेटफार्म शुरु

**नयी दिल्ली।** बांध सुरक्षा और जल अवसंरचना प्रबंधन के क्षेत्र में जानकारी, नीति और अभ्यास को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित 2026 के बड़े वैश्विक मंच अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन (आईसीडीएस) ने एआई-पावर्ड चैट और डेटा मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म शुरू किया है जिसका डिजाइन बाढ़ अनुमान पर दिशानिर्देश भी जारी कर सकेगा। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार सम्मेलन के शुरुआती सत्र में डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च की गई जिसमें कई ज़रूरी दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इनका मकसद बांध सुरक्षा प्रशासन को मज़बूत कर तकनीकी अनुरूपता में सुधार लाना और पूरे देश में ज़रूरी पानी और अवसंरचना आंकड़ों तक पहुंच बढ़ाना है।

### अधिकारियों के लिए कर्मयोगी पोर्टल पर आपदा प्रबंधन अनिवार्य

**लखनऊ।** प्रदेश में कुशल आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के लिए आपदा प्रबंधन के लिए विशेष प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया है। राहत आयुक्त व अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. हृषिकेश भास्कर यशोद ने इसे लेकर जिलों में तैनात अधिकारियों से कहा है कि कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध आपदा प्रबंधन कोर्स में अनिवार्य रूप से भाग लें। डीएम, एसपी, सीडीओ, नगर आयुक्त, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एडीएम, एसडीएम, अपर नगर आयुक्त, एएसपी व तहसीलदार को कोर्स पूरा करने के बाद एक माह के भीतर प्रमाण-पत्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराना होगा। इन पदों पर तैनात होने वाले नवनियुक्त अधिकारियों के लिए पद ग्रहण करने के पहले महीने के भीतर ही इन कोर्सेस को पूरा करना अनिवार्य किया गया है। कर्मयोगी पोर्टल पर प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदा प्रबंधन योजना, बाढ़, वज्रपात (बिजली गिरना) व हीटवेव रिस्पांस ट्रेनिंग, आपदा के दौरान संचार के विभिन्न साधनों का उपयोग, जोखिम मूल्यांकन और नियंत्रण व अन्य विषयों का प्रशिक्षण करना होगा।

# कांग्रेस भारत को एक राष्ट्र नहीं मानती, उससे उम्मीद बेकार : मोदी

एजेंसी

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी को भारत का बुरा चाहने वाली और आतंकी सोच रखने वालों के साथ चलने वाली पार्टी बताते हुए उसकी तीखी आलोचना की और कहा कि यह भारत को एक राष्ट्र मानने से इनकार करती है, इससे राष्ट्र के भले की उम्मीद नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि जो पार्टी देश को एक राष्ट्र मानने से परहेज करे, माँ भारती के प्रति सम्मान न दिखाए वह देश का भला नहीं कर सकती। वह विधानसभा चुनावों के मूड में चल रहे असम के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विपक्षी दल पर असम में केवल तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति करते तथा विकास और शांति की उपेक्षा करने के भी आरोप लगाये। प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को इस अवसर पर पुलवामा (कश्मीर) आतंकवादी हमले की बरसी की याद दिलाते हुए उस हमले में जान गंवाने वाले जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि पुलवामा के बाद भारत ने जिस तरह आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की उसे दुनिया ने देखा है। कुछ लोग भारत की कार्रवाई से आज भी कांप रहे हैं। माँ भारती की शक्ति को आप ने ऑपरेशन सिंदूर में भी देखा। प्रधानमंत्री ने इसी संदर्भ में राष्ट्र और आतंकवाद के प्रति कांग्रेस की कथित कमजोरियों का जिक्र किया और सवाल




❑ पुलवामा की बरसी पर शहीदों को नमन, आतंकवाद पर सख्त रुख दोहराया

❑ तुष्टीकरण और विकास की अनदेखी का लगाया आरोप

❑ भाजपा कार्यकर्ताओं से राष्ट्रवाद का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

किया, 'क्या कांग्रेस में देश हित के लिए इस तरह के फैसले करने की ताकत है?' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसे मौकों पर ज्यादा से ज्यादा एक बयान दे सकती है।'


श्री मोदी ने कहा, ' जो कांग्रेस भारत को राष्ट्र मानने से भी इनकार करती हो...जो सवाल करते हैं कि मां भारती क्या होती है, जो माँ भारती के प्रति जरा सा सम्मान नहीं दिखाते... वह कांग्रेस कभी भारत का भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी, उसके समय में पूरा पूर्वोत्तर डर और असुरक्षा में जीता रहा। कांग्रेस ने सुरक्षा के लिए कुछ खरीदा तो , उसमें भी घोटाले किये गये। प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा और विकास की दृष्टि से सड़कों , सुरंगों हवाई पट्टियों और अन्य सुविधाओं के विकास के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं का उल्लेख किया और कहा कि भारत सीमाओं की सुरक्षा बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा , 'यह सब देख कर कांग्रेस बौखलाई हुई है, उसे लगता है मोदी यह सब कैसे कर लेता है। उसे रात में नींद नहीं आती और वह दिन में कुछ भी बोले जा रही है। आज कांग्रेस हर उस विचारधारा के साथ है जो भारत का बुरा चाहते हैं , जो भारत को टुकड़े टुकड़े करने का नारा लगाते हैं', जो पूर्वोत्तर को भारत से अलग करना चाहते हैं, उन्हें कांग्रेस अपने कंधे पर पर बिठाती है। श्री मोदी ने कहा, ' कांग्रेस एमएमसी (माओवादी मुस्लिम लीग) बन गयी है।' उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को यह संदेश असम की जनता ( मतदाताओं ) तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि असम के विकास में महान ● शेष पेज 11 पर

### मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले के मोरान में 4.25 किलोमीटर लंबे हाईवे आधारित इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड (ईएलएफ) का उद्घाटन किया। यह पूर्वोत्तर भारत का पहला ऐसा हाईवे-आधारित इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड (ईएलएफ) है, जो देश की पूर्वी सीमा पर रक्षा तैयारियों



# 'राहुल गांधी की नीति है झूठ बोलो, बार-बार दोहराओ : शाह



एजेंसी

कराईकल। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की तरफ से हालिया भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और केंद्र की नीतियों पर दिए बयान के बाद सियासत गरमा गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मामले में राहुल गांधी को सीधे निशाने पर लिया और झूठ फैलाकर जनता को गुमराह करने का आरोप भी लगाया है। शाह ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों में किसानों और मछुआरों के हित पूरी तरह सुरक्षित किए गए हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी आरोप लगाया कि वह झूठ फैला रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा की एक रैली में शाह ने कहा कि राहुल गांधी रोजाना झूठ बोलने की नई परंपरा चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की नीति है झूठ बोलो, जोर से बोलो और बार-बार दोहराओ। शाह ने कहा कि लेकिन लोग अब आपकी झूठ फैक्टरी को पहचान चुके हैं। इसके साथ ही शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत अमेरिका के साथ हाल ही में हुए समझौते में किसानों और मछुआरों के हितों की

❑ पीएम मोदी ने किसानों-मछुआरों का हित सुरक्षित किया

❑ शाह ने बताया पुडुचेरी को विकसित बनाने का लक्ष्य

100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले यूपीए सरकार के दौरान किसानों के हितों की अनदेखी हुई और उनका फायदा नहीं हुआ। इसके साथ ही अमित शाह ने यह भी भरोसा जताया कि 2029 में भी पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा-नेतृत्व वाली एनडीए सरकार केंद्र में सत्ता में आएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुडुचेरी में आयोजित रैली में पुडुचेरी के तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि नारायणासामी की सरकार ने पुडुचेरी को गांधी परिवार के लिए एक एटीएम बना दिया था। उन्होंने खुलकर कहा कि पीजी और डिप्लोमा सीटों की नीलामी की गई और अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षित सीटें भी अमीरों को बेच दी गईं। उन्होंने कहा कि परिवहन माफियाओं को जनता को परेशान करने की पूरी आजादी दी गई थी। ● शेष पेज 11 पर

केंद्रीय मंत्रियों का राहुल पर हमला, कहा-

# व्यापार समझौते पर झूठ की राजनीति कर रहे हैं कांग्रेस नेता

एजेंसी

नयी दिल्ली / मुंबई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के अभियान पर तीखा पलट वार करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर झूठ का सहारा लेकर राजनीति कर रहे हैं।

श्री गोयल ने शनिवार को मुंबई में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अपने आप को ही सवालों के घेरे में ले रहे हैं। भारत को कपास मंगवाने की जरूरत पड़ती है। खुद कांग्रस के नेतृत्वाली संप्रग सरकार में एसईजे क्षेत्र की इकाइयों को कपास के लिए शुल्क मुक्त आयात की छूट दी गयी है। उन्होंने कहा कि श्री गांधी भारत- अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ राजनीति कर रहे हैं और इसके लिए 'अब झूठ का सहारा लिया जा रहा है।



वाणिज्य मंत्री श्री गोयल ने कहा कि कांग्रेस के नेता जब इस समझौते में कोई खामी नहीं ढूंढ सके तो वे झूठ पर आ गये। इस तरह वह अपने अपना खोखलापन साबित करने की नासमझी कर रहे हैं। श्री गोयल मुंबई में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। श्री गोयल ने लम्बी बातचीत के बाद हुए भारत-अमेरिका अंतरिम समझौते को भारत के लिए अवसरों भरा बताया और कहा कि इसमें देश के किसानों, मछुआरों और अन्य कमजोर वर्गों के ● शेष पेज 11 पर

### एसएससी एमटीएस परीक्षा में नकलची गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (मेरठ यूनिट) और उत्तराखंड एसटीएफ की संयुक्त टीम ने देहरादून के कोतवाली क्षेत्र में एसएससी एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीतीश कुमार निवासी ग्राम सुरजीपुर, पोस्ट भाटपाररानी, जनपद देवरिया (उ.प्र.) तथा भास्कर नैथानी निवासी मोहल्ला सरस्वतीपुरम, लेन नंबर 4, पोस्ट नाथ वाला, जनपद देहरादून (उत्तराखंड) के तौर पर हुई है। एसटीएफ के मुताबिक जांच में पता चला कि अभियुक्त एड्यूक्विटी कंपनी द्वारा आयोजित एसएससी एमटीएस परीक्षा के परीक्षा केंद्र महादेव डिजिटल जोन, देहरादून में मास्टर कंप्यूटर लगाकर कंप्यूटर हैकिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को नकल करा रहे थे। आरोपियों ने लोकल नेटवर्किंग और प्रॉक्सी सर्वर सेटअप कर रिमोट एक्सेस के जरिए प्रश्नपत्र हल कराए। एक दिन पूर्व हुई कार्रवाई के दौरान ● शेष पेज 11 पर

# पीएमओ के सेवा तीर्थ में स्थानांतरण को 'अतीत और भविष्य का संगम' बताया

❑ मंत्रिमंडल ने नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक से 'सेवा तीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानांतरण प्रस्ताव को दी स्वीकृति

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक से प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानान्तरण को मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी दी गयी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि नये प्रधानमंत्री कार्यालय का नामकरण 'सेवातीर्थ' किया गया है। श्री मोदी ने शुक्रवार को इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। साउथ और नार्थ ब्लॉक का निर्माण अंग्रेजों ने भारत को गुलामी की बेड़ियों में जकड़े रहने के लिए किया था। वर्ष 1947 में भारत को गुलामी से तो मुक्ति मिली, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इन भवनों से ही अपने कार्यों का निष्पादन किया। प्रधानमंत्री कार्यालय भी साउथ ब्लॉक के इस भवन से कार्य करता रहा है। शुक्रवार को अंतिम बार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक साउथ ब्लॉक में हुई। अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी। साउथ ब्लॉक परिसर ने गुलामी से आज़ादी और फिर स्वतंत्र भारत की अनेक ऐतिहासिक ● शेष पेज 11 पर



### एक लाख करोड़ के अर्बन चैलेंज फंड को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरों में बुनियादी ढांचों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये के अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि यूसीएफ के तहत परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देगी जिससे चार लाख करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचों का विकास होगा। केंद्र सरकार यूसीएफ से परियोजना राशि के 25 प्रतिशत के बराबर योगदान देगी, बशर्ते कम से कम 50 प्रतिशत राशि बाजार से म्यूनिसिपल बॉन्ड, बैंक लोन ● शेष पेज 11 पर

बीएनपी की जीत के बाद तारिक रहमान का बड़ा संदेश, कहा-

# देश के लोगों को अब मिली असली आजादी और अधिकार

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में बीएनपी को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान ने इसे जनता की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतंत्र के लिए बलिदान देने वाले लोगों को समर्पित है। चुनाव नतीजों के बाद ढाका के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में तारिक रहमान ने कहा कि आज से देश में आजादी और अधिकारों का असली स्वरूप फिर से बहाल हुआ है। उन्होंने सभी दलों से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील भी की।

तारिक रहमान ने कहा कि यह जीत बीएनपी की नहीं, बल्कि देश की जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राजनीतिक विचार हो सकते हैं, लेकिन देशहित में सभी को साथ रहना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय एकता ही

❑ कानून व्यवस्था हर हाल में कायम रखने की अपील, अर्थव्यवस्था और संस्थाओं पर भी जताई चिंता

सबसे बड़ी ताकत है और बंटवारा सबसे बड़ी कमजोरी। रहमान ने कहा कि लोगों ने तमाम बाधाओं को पार कर लोकतंत्र की राह दोबारा खोल दी है और सीधे वोट से जवाबदेह संसद और सरकार की वापसी हुई है। बीएनपी प्रमुख ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था बनाए रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी बहाने से किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। सुरक्षित और मानवीय बांग्लादेश बनाने के लिए सबके सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब देश के पुनर्निर्माण का समय है और हर पक्ष को जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। उन्होंने समर्थकों से भी संयम बरतने और शांति बनाए रखने की अपील की। तारिक ● शेष पेज 11 पर

# नौकरी की गारंटी होगी प्रदेश के वानिकी विविकी डिग्री: मुख्यमंत्री

## यूपी में विकास के साथ दमघोंटू वातावरण से मुक्ति : सीएम योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी। इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे। साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सीएम योगी शनिवार को जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में बने गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। हमारे लिए किसी ने कुछ किया तो उसके प्रति कृतज्ञ होना हमारी जीवनशैली का हिस्सा है। गिद्धराज जटायु की मानव जाति पर बड़ी कृपा रही। माता सीता का हरण कर ले जा रहे रावण का पहला प्रतिकार गिद्धराज जटायु ने किया था। वह सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु की सवारी भी हैं। आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही, वे मर रहे हैं। ऐसे में गिद्धराज के प्रति कृतज्ञता जताने और उनको संरक्षण देने के लिए कैम्पियरगंज में संरक्षण केंद्र बनाया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कैम्पियरगंज में प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। यहां युवाओं को जो डिप्लोमा व डिग्री मिलेगी, वह देश-दुनिया में नौकरी की गारंटी वाली होगी। आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण की है। वायु प्रदूषण से फ़ेफड़े खराब होंगे और धीरे-धीरे पूरा शरीर खराब हो जाएगा। जब प्रदूषण नहीं होगा तो बीमारी भी नहीं होगी। उन्होंने वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली की चर्चा करते हुए कहा कि वहां डॉक्टर दमा रोगियों, बुजुर्गों और बच्चों को घर से बाहर न




निकलने की सलाह देते हैं। यह स्थिति पर्यावरण के साथ खिलवाड़ से बनती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास भी है और दमघोंटू वातावरण से मुक्ति भी। इसी क्रम में कैम्पियरगंज में बनने जा रहा वानिकी विश्वविद्यालय पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने में और कारगर सिद्ध होगा। यह वनाच्छादन बढ़ाने और किसानों की आमदनी में वृद्धि का भी नया प्रयास होगा। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 के बाद प्रदेश और गोरखपुर के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि जब नीयत साफ हो तो परिणाम अपने आप आ जाते हैं। अच्छी दिशा में किए गए प्रयास से आज गोरखपुर में खाद कारखाना चालू हो चुका है। गोरखपुर में एम्स सेवाएं दे रहा है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा का उत्कृष्ट केंद्र बन चुका है। पिपराइच में चीनी मिल दोबारा चालू हो गई है। धुरियापार में कम्प्रेस्ड बायो गैस का प्लांट लग चुका है। गीडा में उद्योग ही उद्योग नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर और प्रदेश में विकास के बहुत बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। विकास की सोच ही वर्तमान और भावी पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक होगी। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जंगल कौड़िया ब्लॉक के हर गांव से जुड़ाव का जिक्र किया। कहा कि वह यहां एक-एक गांव गए हैं। हर गांव की समस्या जानते हैं, समस्या समाधान के लिए संघर्ष किया है। बाढ़ की स्थिति में पानी में घुसकर लोगों तक पहुंचे हैं। समस्याओं की तस्वीर पहले से सामने थी तो लखनऊ से उन सभी समस्याओं का समाधान भी करा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जंगल कौड़िया ● शेष पेज 11 पर

# विकास भवन का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, 38 कर्मचारियों का वेतन रोका

❐ डीएम ने सीडीओ को अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को विकास भवन पहुंचकर विभिन्न कार्यालयों का प्रातः औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए 38 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने तथा उनसे स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने हर्षिका सिंह (मुख्य विकास अधिकारी) को निर्देशित किया कि बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण में 24 कर्मचारी आकस्मिक अवकाश पर पाए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालयों की उपस्थिति पंजिका, साफ-सफाई व्यवस्था, फाइलों के रख-रखाव और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि विकास भवन में आने वाले लोगों की समस्याओं का मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र और नियमानुसार निस्तारण किया जाए।सीएम डैशबोर्ड पर सी एवं डी श्रेणी में दर्ज योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाकर उन्हें ए एवं बी श्रेणी में लाने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी भवन निर्माण, छात्रवृत्ति, पेंशन योजनाओं, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तथा गौशालाओं के संचालन की भी समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे और कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।फार्मर रजिस्ट्री में तेजी के निर्देशनिरीक्षण के बाद फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए प्रतिदिन 11 हजार किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कोटेदार, प्रधान, पंचायत सहायक, लेखपाल और सचिवों को अभियान चलाकर कार्य पूर्ण कराने को कहा गया।

# ज्ञान यज्ञ प्रवाह के तहत अयोध्या कांड पर व्याख्यान आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। जगतपुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वाराणसी में दिनांक 13 फरवरी 2026 को ज्ञान यज्ञ प्रवाह के अंतर्गत विजया एकादशी के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि रामायण एवं गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस के अयोध्या कांड पर व्याख्यान आयोजित हुआ।

व्याख्यान के मुख्य अतिथि अंग्रेजी विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के आचार्य प्रो0 नलिनी श्याम कामिल रहे। प्रो0 कामिल ने दोनों सद्ग्रंथों पर पाठांतर करते हुए बताया कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में प्रस्तुत किया है तथा कहा कि श्रीराम में संपूर्ण मानवोचित गुण विद्यमान थे। उनका जीवन मर्यादित था तथा माता एवं पिता के आज्ञा का पालन उनके लिए सर्वश्रेष्ठ धर्म था। गोस्वामी तुलसीदास ने श्री रामचरितमानस में श्री राम को ब्रह्म एवं महा विष्णु के रूप में व्याख्यायित किया है। उन्होंने संवादी परंपरा को अपनाते हुए मानस में संवाद के माध्यम से गूढ़ प्रश्नों का हल दिया है। वे राम कथा को जन-जन तक पहुंचने का कार्य किए हैं जिससे परिवार, समाज, राष्ट्र एवं वैश्विक स्तर पर समरसता एवं समन्वय स्थापित हो सके तथा सभी की गरिमा अक्षुण्य रहे। व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो0 रमेश चन्द ने किया। स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो़फेसर अनिल प्रताप सिंह ने किया तथा संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन व्याख्यान की संयोजिका डा0लक्ष्मी सिंह ने की। व्याख्यान में विख्यात चिकित्सक डॉ0 रामाश्रय उपाध्याय, श्री विजय शंकर मालवीय, श्री निशा पाण्डेय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के शोध छात्र रिशु मिश्रा, शुभम तिवारी तथा विनय राय सहित महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बहुचर्चित निक्की भाटी हत्याकांड में सास को हाईकोर्ट से जमानत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहुचर्चित निक्की भाटी हत्याकांड मामले में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। आरोपी सास दया को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। यह मामला वर्ष 2025 में दर्ज किया गया था। घटना के संबंध में मुकदमा नोएडा के कासना थाना में पंजीकृत हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद सास, ससुर और जेठ सहित परिवार के अन्य सदस्यों को आरोपी बनाया था। इससे पहले मृतका के ससुर सतवीर और जेठ को भी अदालत से जमानत मिल चुकी है। अब सास को भी हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद मामले के सभी प्रमुख आरोपी जमानत पर बाहर हैं। हालांकि, अदालत ने जमानत देते समय कुछ शर्तें भी निर्धारित की हैं। मामले की सुनवाई अभी न्यायालय में जारी है और अंतिम निर्णय साक्ष्यों एवं बहस के आधार पर किया जाएगा। इस प्रकरण को लेकर क्षेत्र में पहले से ही काफी चर्चा रही है। अब हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद एक बार फिर मामला सुर्खियों में आ गया है।

## करेली में युवक को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना करेली थाना क्षेत्र के नयापुरा इलाके में 40 वर्षीय अमित कुशवाहा को देर रात गोली मार दी गई। गोली उनके बाएं हाथ में लगी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में सामने आया कि शराब के दौरान हुए विवाद में मुन्नू उर्फ अफ़ज़ल ने तमंचे से फायर किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से अवैध हथियार भी बरामद किया। अधिकारियों के अनुसार आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संदिग्ध हालात में 17 वर्षीय छात्र की फंासी से मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जार्जटाउन थाना क्षेत्र के फतेहपुर बिछुआ इलाके में 17 वर्षीय आशुतोष प्रताप गिरी उर्फ अमन की संदिग्ध परिस्थितियों में फंासी लगाकर मौत हो गई। परिजनों के अनुसार युवक एनडीए की तैयारी कर रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में एक युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जार्जटाउन क्षेत्र में 17 वर्षीय छात्र की संदिग्ध हालात में मौत, युवती गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के जार्जटाउन थाना क्षेत्र के फतेहपुर बिछुआ इलाके में 17 वर्षीय आशुतोष प्रताप गिरी उर्फ अमन की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक एनडीए की तैयारी कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक युवती को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना से क्षेत्र में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## नई दिल्ली-बरौनी व सुपौल के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे के जनसम्पर्क कार्यालय, प्रयागराज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यात्रियों की सुविधा हेतु दो आरक्षित विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 04054/04053 नई दिल्लीऽबरौनी विशेष एक्सप्रेस 20 फरवरी से 6 मार्च 2026 तक नई दिल्ली से तथा 22 फरवरी से 8 मार्च 2026 तक बरौनी से दैनिक चलेगी। वहीं 04060/04059 नई दिल्लीऽसुपौल विशेष एक्सप्रेस भी निर्धारित तिथियों में प्रतिदिन संचालित होगी। दोनों ट्रेनों में 16 कोच होंगे, जिनमें 8 स्लीपर, 6 सामान्य और 2 एसएलआर शामिल हैं। यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

## सपाइयों ने सौंपा सीएचसी अधीक्षक ज्ञापन

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव की अव्यवस्थाओं को लेकर एसीएमओ और सीएचसी अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति, अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था और 24 घंटे सर्जन की उपलब्धता जैसी मांगें शामिल हैं। एसीएमओ ने आश्वासन दिया है कि अस्पताल की कमियों को शीघ्र ही दुरुस्त कराया जाएगा।



## कस्बा कोरांव की जाम से हर कोई परेशान तहसील समाधान में हुई शिकायत



**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव में जाम समस्या को लेकर सपा नेता मेहताब खान ने तहसील समाधान दिवस में 07 फरवरी को शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सड़क के पटरियों तक दुकानदारों द्वारा अवैध अतिक्रमण किए जाने से जाम की स्थिति बनी रहती है। जिस कारण राहगीरों और व्यापारियों से आएदिन वहां खड़ा करने को लेकर विवाद होता है साथ ही स्कूल छात्र छात्राएं भी जाम का शिकार बनती है एंबुलेंस समेत अन्य वाहन घंटों जाम में फंसे रहते है शिकायतकर्ता को तहसील समाधान दिवस में बैठे प्रभारी ने निराकरण का आश्वासन दिया है और अधिशासी अधिकारी कोरांव थाना प्रभारी को उक्त समस्या का निराकरण करने का आदेश दिया है। अगर समस्या का समाधान नहीं होता है, तो सपा नेता उच्चाधिकारियों का घेराव करने की बात कह रहे हैं।

## उप्र की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी ढाई गुना से ऊपर पहुंची

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में राज्य में महिला श्रम बल भागीदारी दर 13 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इससे उत्तर प्रदेश के विकास को नई गति मिल रही है। इसी अवधि में प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2017 में करीब 13 लाख करोड़ रुपये तक सीमित रही जीएसडीपी 2026-27 में बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये की ओर अग्रसर है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि महिला श्रम बल भागीदारी दर में हर एक प्रतिशत की वृद्धि से सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 0.5 से एक प्रतिशत तक अतिरिक्त उछाल आता है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अर्थशास्त्र का यह सिद्धांत व्यवहार में साबित होता दिख रहा है। यही नहीं, महिला कार्यबल बढ़ने से उत्पादन क्षमता, श्रम उत्पादकता और राज्य के टैक्स बेस तीनों में समानांतर विस्तार हुआ है। महिलाओं की आय बढ़ने से घरेलू उपभोग में वृद्धि हुई है, जिससे एमएसएमई गतिविधियों और सेवा क्षेत्र को लगातार गति मिल रही है।

# 100 कृषकों से 51 बीघे से अधिक भूमि की रजिस्ट्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । शनिवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण की नैमिष नगर योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई। बक्शी का तालाब तहसील स्थित निबंधन कार्यालय में लगभग 100 कृषकों से 51 बीघे से अधिक भूमि की रजिस्ट्री कराई गई।

रजिस्ट्री की प्रक्रिया के साथ ही प्रभावित कृषकों को लगभग 38 करोड़ रुपये के डिमांड ड्राफ्ट तत्काल वितरित किए गए। प्राधिकरण की इस पहल से योजना से प्रभावित किसानों में संतोष का माहौल देखने को मिला। बैनामा निष्पादन में तेजी लाने के उद्देश्य से अवकाश के दिन भी निबंधन कार्यालय खोला गया। अधिकारियों की मौजूदगी में सभी बैनामे विधिवत निष्पादित कराए गए। प्रशासनिक स्तर पर की गई इस विशेष व्यवस्था से किसानों को अनावश्यक देरी का सामना नहीं करना पड़ा। प्राधिकरण के अनुसार, योजना से प्रभावित कृषकों द्वारा लगातार सहमति पत्र दिए जा रहे हैं। रजिस्ट्री के साथ ही प्रतिकर वितरण की पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया से किसानों का भरोसा मजबूत हुआ है। एलडीए अधिकारियों का कहना है कि नैमिष नगर योजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण और प्रतिकर वितरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, ताकि विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सकें। नैमिष नगर योजना को राजधानी के विस्तार और सुव्यवस्थित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिसमें किसानों की सहमति और सहभागिता से कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग पर सख्ती लापरवाह अधिकारियों को नोटिस

❐ निर्माण कार्य गुणवत्ता व समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश, फैमिली आईडी, आयुष्मान व छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति तेज करने का आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खराब प्रगति और बी, सी व डी रैंकिंग वाले विभागों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

आयुष्मान कार्ड निर्माण की अत्यंत धीमी प्रगति और बैठक में अनुपस्थित रहने पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही संविदा कर्मियों को 15 दिन में सुधार न होने पर संविदा समाप्ति का नोटिस देने को कहा गया।फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), कम प्रगति वाले उपजिलाधिकारी एवं उप निदेशक कृषि से जवाब मांगा गया। चेतावनी दी गई कि रजिस्ट्री न कराने वाले किसान आगे पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं से वंचित हो सकते हैं।निर्माण कार्यों की समीक्षा में समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने, लंबित परियोजनाओं का समय विस्तार प्रस्ताव भेजने, अतिरिक्त धनराशि की मांग करने तथा अपूर्ण परियोजनाओं को डैशबोर्ड से हटाने के निर्देश दिए गए। पूर्ण कार्यों का शीघ्र भुगतान एवं अवशेष धनराशि सरेंडर करने को कहा गया।पीएम सूर्यघर योजना, छात्रवृत्ति योजनाओं एवं फैमिली आईडी में खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। गोशालाओं में सीसीटीवी स्थापना, निराश्रित गौवंश संरक्षण, विद्युत आपूर्ति सुधार तथा 102 व 108 एम्बुलेंस रिस्पॉन्स टाइम घटाने के निर्देश भी दिए गए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि अगले माह तक सभी विभाग अपनी रैंकिंग 'ए' श्रेणी में लाएं, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# संगम नगरी प्रयागराज के जायके को मिलेगी ग्लोबल पहचान

❐ नेतराम की कचौड़ी और हरी के समोसे डिस्ट्रिक्ट का सिग्नेचर डिश बनने की दौड़ में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश की समृद्ध पाक विरासत की ग्लोबल ब्रांडिंग के लिए राज्य सरकार आगे आई है। इसके अंतर्गत प्रदेश के हर जिले से एक ब्यंजन की पहचान की जाएगी और फिर सरकार उसका प्रचार प्रसार कर उसे वैश्विक बाजार से जोड़ेगी। एक जनपद एक ब्यंजन योजना के नाम से इसकी शुरुआत हुई है जिसमें प्रयागराज के ज़ायके को भी नई पहचान मिलने की संभावना है।

### संगम नगरी का सिग्नेचर डिश बनने की होड़ में शामिल हरी के समोसे और नेतराम की कचौड़ी

अपनी विविधता से भरी सांस्कृतिक विरासत के धनी उत्तर प्रदेश के व्यंजनों को स्थानीय आजीविक और पर्यटन से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए बजट में शुरू हुई एक जनपद एक ब्यंजन योजना में प्रयागराज के ज़ायके की भी लॉटरी लगने वाली है। सरकार ने इसे लागू करने के लिए 75 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। संगम नगरी में नेतराम की कचौड़ी और हरी के समोसे इस दौड़ में सबसे आगे हैं। हरी के समोसे प्रयागराज के लोकनाथ मोहल्ले में 1890 से अपने जायके का जादू जायके के कद्रदानों पर कर रहे हैं। हरिराम पुरवार के नाम से शुरू हुई इस दुकान को इनकी तीसरी पीढ़ी चला रही है। हरी एंड संस के अरविंद पुरवार का कहना है कि उनके छोटा मसाला छोटा समोसा छोटे आकार के देशी घी से तैयार होने वाले समोसे हैं जो अपने खास स्वाद के साथ 15 दिनों तक खराब नहीं होते। सिग्नेचर ब्यंजन की रेस में प्रयागराज के कटरा चौराहे की नेतराम की कचौड़ी भी है। सन 1854 से प्रयागराज को सांस्कृतिक और ब्यंजन परम्परा का हिस्सा बनी नेतराम की कचौड़ी का 168 साल भी न स्वाद बदला और न इसके कद्रदानों का नजरिया। कचौड़ी की स्वाद परंपरा को संभाल रहे मुकेश अग्रवाल का कहना है कि एक जनपद एक ब्यंजन योजना में दावेदारी करने का उनके पास सबसे मजबूत पक्ष हमारे ब्यंजन का लज़ीज़ स्वाद और शुद्धता है ।

### पर्यटन और पाक विरासत के मेल से रोजगार का होगा सृजन

प्रदेश सरकार स्थानीय आजीविका और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ राज्य की विविध पाक विरासत को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है। इसके लिए 'एक जिला, एक व्यंजन' योजना एक मजबूत मंच बन सकती है। इसमें प्रत्येक जिले के एक विशिष्ट व्यंजन की पहचान की जाएगी और उसे ब्रांड के रूप में स्थापित किया जाएगा। इससे पारंपरिक रसोइयों और खाद्य उद्यमियों को रोजगार मिलेगा । यह प्रयास गुणवत्ता को मानकीकृत करने, पैकेजिंग और विपणन में सुधार करने और छोटे विक्रेताओं, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय खाद्य व्यवसायों के लिए अवसर सृजित करने में सहायक होगा । सरकार इसी का विस्तार करके हर बड़े शहर और कस्बे में ब्यंजन की गली का भी विकास करेगी।

# पुलवामा के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



❐ स्व. नन्हा दास की पुण्यतिथि पर काकोरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी, लखनऊ । 14 फरवरी का दिन देश के लिए भावुक स्मृतियों से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में भारत ने अपने 40 बहादुर जवानों को खो दिया था। इस दुखद घटना की सातवीं बरसी पर पूरा देश शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है और उनकी वीरता को नमन कर रहा है।

इसी अवसर पर काकोरी क्षेत्र में शहीदों की स्मृति को नमन करते हुए तथा समाजसेवी स्वर्गीय नन्हा दास, पूर्व प्रधान भपटामऊ की 10वीं पुण्यतिथि के मौके पर ग्राम पंचायत तेजकिशन खेड़ा में श्रद्धांजलि सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन काकोरी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास रावत द्वारा कराया गया।कार्यक्रम की शुरुआत पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों एवं स्व. नन्हा दास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के बलिदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि पुलवामा के वीर जवानों का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता और उनके साहस से देशवासियों में देशभक्ति की भावना सदा प्रेरित होती रहेगी।इस अवसर पर स्व. नन्हा दास की स्मृति में निर्मित स्मृति स्तंभ द्वार के निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान, जनसेवा और ग्राम विकास में उनके समर्पण को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाजहित में अनेक कार्य किए, जिनकी प्रेरणा आज भी लोगों को सेवा के लिए प्रेरित करती है।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति गीतों और लोक संस्कृतियों का प्रदर्शन किया गया, जिससे वातावरण राष्ट्रभक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत हो उठा। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। सभी ने शहीदों की स्मृति को नमन करते हुए राष्ट्र एकता और समाज सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही।

# गोमती नगर विस्तार में 7.5 करोड़ का फ्लड पम्पिंग स्टेशन तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोमती नगर विस्तार में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए एलडीए द्वारा बनाया गया 400 किलोलीटर क्षमता का फ्लड पम्पिंग स्टेशन अब पूरी तरह तैयार हो गया है। इस परियोजना पर लगभग 7.5 करोड़ रुपये की लागत आई है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया और मशीनों की टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मानसून से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं ताकि पम्पिंग स्टेशन का संचालन प्रभावी ढंग से हो सके। मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह के अनुसार, यह पम्पिंग स्टेशन गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में जी-20 रोड के निकट स्थापित किया गया है। स्टेशन में कुल 6 पम्प लगाए गए हैं। प्रत्येक पम्प 60 एचपी क्षमता का है और एक पम्प प्रति मिनट लगभग 13,000 लीटर पानी बाहर निकाल सकता है। बरसात के समय निकाले गए पानी को गोमती नदी में प्रवाहित किया जाएगा, जिससे सेक्टर-4 और आसपास के इलाकों में जलभराव की समस्या काफी हद तक समाप्त होने की उम्मीद है। एलडीए ने इसके अलावा जनेश्वर मिश्र पार्क, कैटिल कॉलोनी गऊ घाट तथा बसंतकुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास भी 400 केएल क्षमता के तीन अन्य फ्लड पम्पिंग स्टेशन निर्मित किए हैं।

### रघुकुल पार्क के ठेकेदार पर कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 स्थित सेंट्रल पार्क का भी जायजा लिया। यहां ओपन जिम के उपकरण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिस पर 15 दिन के भीतर नए उपकरण लगाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद सेक्टर-4 स्थित रघुकुल पार्क में हॉर्टीकल्चर कार्य असंतोषजनक मिलने और झूलों के क्षतिग्रस्त होने पर संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के निर्देश जारी किए गए।

### गोमती नगर की लाइब्रेरी होगी अपग्रेड

गोमती नगर के विपुल खंड-3 स्थित लाइब्रेरी को भी एलडीए द्वारा अपग्रेड किया जाएगा। वर्तमान में इसका संचालन भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सुविधाओं को आधुनिक बनाने के निर्देश दिए गए। एलडीए अधिकारियों के अनुसार, इन परियोजनाओं के पूर्ण संचालन से गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में आधारभूत सुविधाएं और मजबूत होंगी तथा मानसून के दौरान लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## मोबाइल छीनने के विवाद में भाई-बहन को लोहे की जंजीर से पीटा-महिला का आरोप थाने पर नहीं हुई सुनवाई

बख्शी का तालाब, लखनऊ । महिंगवा थाना क्षेत्र के ऊनई गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मोबाइल छीनने के आरोप को लेकर शुरू हुआ विवाद अगले ही दिन खूनी झड़प में बदल गया, जिसमें युवक और उसकी बहन को बेरहमी से पीटने का आरोप है। पीड़ित पक्ष ने स्थानीय पुलिस पर शिकायत न सुनने का आरोप लगाया है। मामला जब उच्चाधिकारियों तक पहुंचा, तब कार्रवाई के आदेश हुए। ऊनई गांव निवासी महिला छोटी के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गांव के ही कोमल, राजाराम, अशोक व सुनील ने उनके पुत्र अर्जुन का मोबाइल फोन छीन लिया। जब अर्जुन ने मोबाइल छीनने का कारण पूछा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। उस समय किसी तरह मामला शांत हुआ, लेकिन तनाव बना रहा।आरोप है कि शनिवार सुबह जब अर्जुन काम से लखनऊ जा रहा था, तभी गांव के बाहर स्थित सरकारी स्कूल के पास पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसकी बाइक रोक ली और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायल अर्जुन ने किसी तरह फोन कर घरवालों को सूचना दी।मौके पर पहुंची उसकी बहन सोनी को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। महिला छोटी का आरोप है कि सोनी को डंडों और लोहे की जंजीर से बुरी तरह पीटा गया, जिससे वह घायल हो गई। घटना की सूचना 112 कंट्रोल रूम को दी गई, लेकिन आरोप है कि थाने पर शिकायत लेकर पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें टाल दिया।निराश होकर महिला ने मामले की शिकायत सीधे ऋषभ रुणवाल से की।

# गोमती नगर विस्तार में कम्यूनिटी सेंटर का शिलान्यास

❐ शनिवार को बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेश शुक्ला ने भूमि पूजन कर परियोजना का शुभारंभ किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में आवंटियों की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी होने जा रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा रिवर व्यू अपार्टमेंट के पास कम्यूनिटी सेंटर निर्माण परियोजना की शुरुआत कर दी गई है।

शनिवार को बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेश शुक्ला ने भूमि पूजन कर परियोजना का शुभारंभ किया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कम्यूनिटी सेंटर सरस्वती अपार्टमेंट के निकट लगभग 2900 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनाया जाएगा। तीन मंजिला इस भवन का निर्माण व्यय प्राधिकरण स्वयं वहन करेगा। प्रस्तावित कम्यूनिटी सेंटर में विवाह समारोह, सामाजिक कार्यक्रम और अन्य आयोजनों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भवन मेंमल्टीपर्पज हॉल, खुला लॉन, किचन व डाइनिंग एरिया, अतिथि कक्ष, लाइब्रेरी, इंडोर गेम्स सुविधा, जिम व योगा सेंटर, कैफ़े, स्विमिंग पूल जैसी व्यवस्थाएं प्रस्तावित हैं। गोमती नगर विस्तार के आवंटियों द्वारा लंबे समय से क्षेत्र में कम्यूनिटी सेंटर की मांग की जा रही थी। रिवर व्यू अपार्टमेंट्स के आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने भी इस आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया था। एलडीए के अनुसार, इस परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के हजारों आवंटियों को सीधा लाभ मिलेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में एलडीए के अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, अधिशासी अभियंता मनीष कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियंता राहुल वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस परियोजना से न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि निर्माण कार्य तय समयसीमा में और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा हो।

# लखनऊ में सरकारी भूमि पर बड़ी कार्रवाई 6 करोड़ की जमीन कराई गई अतिक्रमण मुक्त

❐ यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत की गई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । नगर निगम लखनऊ द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत की गई।

अभियान के क्रम में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर अंकित शुक्ला के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों की टीम ने ग्राम मिरानपुर पिनवट, तहसील सरोजनी नगर, जनपद लखनऊ में शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। ग्राम मिरानपुर पिनवट स्थित गाटा संख्या 12, क्षेत्रफल 0.544 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज की भूमि के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि पर कुछ स्थानीय व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से व्यावसायिक प्रयोजन हेतु अस्थायी निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स तथा प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा था। इस अवैध गतिविधि के माध्यम से नगर निगम में निहित सरकारी भूमि को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया जा रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की योजना बनाई। सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम लखनऊ अरविन्द पाण्डेय द्वारा उपलब्ध कराई गई संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के उपरांत अवैध निर्माण की पुष्टि होने पर जेसीबी मशीन की सहायता से निर्माणाधीन ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया। पूरी कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार नगर निगम तेजस्वी प्रकाश ने किया। अभियान के दौरान नगर निगम के लेखपाल अनुपम कुमार, तहसील सरोजनी नगर के राजस्व निरीक्षक समर बहादुर सिंह तथा तहसील लेखपाल अमरेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम की ईटीएफ फोर्स तथा थाना सरोजनी नगर द्वारा उपलब्ध कराया गया पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। इस कार्रवाई के परिणाम स्वरूप लगभग 4000 वर्गफुट बेशकीमती भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। अधिकारियों के अनुसार उक्त भूमि की वर्तमान बाजार कीमत लगभग 6 करोड़ रुपये आंकी गई है। प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें।

## शहीदों की जयहिंद बोली की संगीतमय प्रस्तुति



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोती नगर स्थित दयानंद सेवा संस्थान में ज्योति कलश संस्कृति संस्थान की ओर से शहीदों की जयहिंद बोली की संगीतमय प्रस्तुति कलाकारों ने दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि आकाशवाणी की सहायक निदेशक(कार्यक्रम) सुमोना एस. पांडेय, अति विशिष्ट अतिथि केवल कुमार व अशोक बनर्जी, विशिष्ट अतिथि डॉ. ऊषा बनर्जी रही। इस अवसर पर बच्चों ने सरस्वती वंदना और वंदे मातरम की प्रस्तुति से मनमोह लिया। बच्चों ने बालगीत तन के उजले.. की प्रस्तुति दी। वहीं बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति पर उनको पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनमोल अग्रवाल, ज्योति कलश संस्कृति संस्थान की अध्यक्ष प्रो. डॉ. ऊषा सिन्हा, महामंत्री कनक वर्मा, संयोजिका डॉ. लक्ष्मी रस्तोगी, विनीता वर्मा, विमल पंत, पदमा गिडवानी, ज्योति कौल, प्रतिमा बाजपेई, अमित शुक्ला, कांति गुप्ता, मनोरमा मिश्रा, रंजना शंकर, कमल गुप्ता, आशा श्रीवास्तव व अमृता समेत अन्य मौजूद रहे।

## गोसाईगंज क्षेत्र में लकड़ी का अवैध कटान जोरों पर



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र में इन दिनों लकड़ी के अवैध कटान का काम जोरों से चल रहा है। यहां काजीखेड़ा गांव के लोगो को 14 फरवरी को प्रातः 4 बजे से आरा मशीन चलने की आवाज सुनाई पड़ने लगी। दो घंटे में पेड़ अपने स्थान से लापता हो गए।इस मामले अमेठी निवासी सिराज का नाम सामने आया। इस लकड़ी ठेकेदार ने एक सूखा पेड़ा कटवाने की बात स्वीकार की जबकि गांव वालों के अनुसार वहां हफ्तों से आरा मशीन चलने की आवाज सुनाई देती रही। इसके अलावा यहीं पर सुल्तानपुर मार्ग के पास आर आर आर इंफ्रा सिटी के पास भी आम के पेड़ काटे जाने का की बात कही गई।वन दरोगा रईस खान की ओर से हर बार की तरह इस बार भी जानकारी होने से इंकार किया गया। यहीं पर सवाल उठता है कि जब वन विभाग की ओर से लकड़ी काटने पर प्रतिबंध लगा हुआ है तो यह काम किसके कहने पर हो रहा। क्या इसमें पुलिस की मिली भगत है।

## श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में 2026 को भव्य कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में शुक्रवार व शनिवार को दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस ड्राइव का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ रोजगार के अवसर प्रदान किया गया।इस अवसर पर बैंकिंग, बीमा, रिटेल, आईटी एवं फिनटेक क्षेत्रों की कई प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें बंधन बैंक, बजाज लाइफ इंश्योरेंस, लुलु मॉल, पॉलिसी घर, नेटएम्बिट, द क्राफ्टर्स, कनोवटिक, HDFC लाइफ और स्पाइडरवेला टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड शामिल हुई।लगभग 500 विद्यार्थियों ने इस ड्राइव में भाग लिया, जिनमें से करीब 106 का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ। संस्थान की डायरेक्टर डॉ. ज्योति सिंह ने कहा,ल्लहमारा लक्ष्य सिर्फ शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाना है।ङ्क संस्थान के डीन प्रो. विवेक मिश्रा ने कहा, ल्लयह प्लेसमेंट ड्राइव हमारी शिक्षा और उद्योग सहयोग की सफलता का प्रमाण है।

## सरांई गुदौली में तृतीय युवा ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का जोरदार शुभारंभ

**नगराम , लखनऊ।** क्षेत्र के सरांई गुदौली गांव में आयोजित तृतीय युवा ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बड़े ही उत्साह, खेल भावना और ग्रामीण जोश के साथ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा विधायक अमरेश रावत, उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज पवन पटेल, अशोक तिवारी, नागेश्वर द्विवेदी, अविचल शुक्ला, पतंजलि योग समिति गंगागंज अध्यक्ष नागेश कुमार एवं अनिल वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर टूर्नामेंट की शुरुआत कराई। टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया है। टूर्नामेंट के पहले दिन दो मैचों के साथ एक सद्भावना मैच भी खेला गया। पहला मैच उतरावां और उस्मानपुर कोठी के बीच खेला गया, जिसमें उतरावां की टीम ने 12 ओवरों में 96 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए उस्मानपुर कोठी की टीम 81 रन पर ऑलआउट हो गई और उतरावां ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला कल्ली और केवली के बीच खेला गया। कल्ली टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 180 रन बनाए। जवाब में केवली की टीम 143 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। सद्भावना के तौर पर ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज एवं विकासखंड अधिकारी (बीडीओ) गोसाईगंज की टीम के बीच मैच खेला गया। इसमें ब्लॉक प्रमुख की टीम ने 60 रन बनाए, जबकि बीडीओ की टीम 21 रन पर ही ऑलआउट हो गई।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की अभिनव योजना 'आपका विधायक-आपके द्वार' बनी प्रेरणा

❐ एक मंच पर जनसुनवाई, स्वास्थ्य, सम्मान, मेधावी- खेल प्रोत्साहन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सरोजनीनगर, लखनऊ । जनसंवाद से समाधान की भावना को साकार करता हुआ विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का सतत संचालित जनसेवा अभियान 'आपका विधायक ऽ आपके द्वार' निरंतर क्षेत्र में विश्वास, संवेदना और समाधान की नई मिसाल स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में हर सप्ताह की भांति सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के दक्षिण प्रथम मंडल अंतर्गत पंडित खेड़ा स्थित सौभाग्य मैरिज हॉल में 156वाँ जनसुनवाई शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम द्वारा क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनके त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान की प्रक्रिया सुनिश्चित की गयी। जनसुनवाई शिविर के दौरान आयुष्मान कार्ड, इंटरलॉकिंग, हैंडपंप, मंदिर जीर्णोद्धार, तारा शक्ति सिलाई सेंटर, स्ट्रीट लाइट समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कुल 20 प्रकरणों पर कार्यवाही प्रारंभ की गई, वहीं 1 वरिष्ठ नागरिक का आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनवाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सन आई हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 86 क्षेत्रवासियों का नेत्र परीक्षण किया गया। आवश्यकता के अनुसार विधायक राजेश्वर सिंह के द्वारा सभी जरुरतमंदों को निःशुल्क चश्मे भी उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षा को प्रोत्साहन एवं प्रतिभाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंडित खेड़ा के चार मेधावियों – अद्विक श्रीवास्तव (96%), अभिनव झा (94%), राखी शर्मा (89.33%) तथा श्रृष्टि बाजपेई (70.83%) – को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अवगत हो कि डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अब तक 1700 से अधिक मेधावियों को लैपटॉप, टैबलेट और साइकिल देकर प्रोत्साहित किया जा चुका है।

# डीपीएस इन्दिरा नगर में आयोजित हुई इनोविज़न शैक्षिक प्रदर्शनी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । इंदिरा नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में शनिवार को 'इनोविज़न' शैक्षिक प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या गज़ाला अफसर के द्वारा किया गया। इसके अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तन की 'समय रेखा' विषय पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने चार्ट, प्रतिरूप, परियोजना आदि बनाकर अपनी रचनात्मक क्षमता को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में कृषि, चिकित्सा, विज्ञान एवं तकनीकी, जीवन जीने के तरीके, एनीमेशन-कोडिंग, कम्प्यूटर, संगीत एवं कला, खान-पान, रहन-सहन एवं पहनावे में बदलाव से संबंधित परिवर्तन को अत्यंत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

### भाकियू हिंदुस्तान में युवाओं की बड़ी भागीदारी

# संगठन विस्तार के साथ संघर्ष तेज करने का संकल्प

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



दुबग्गा, लखनऊ । किसान-मजदूरों के अधिकारों को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान का संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की और आंदोलन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान कई नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई।घोषित पदाधिकारियों में उबैद रहमान को युवा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, सईद अनवर को जिला सचिव, लकी गौतम को विधानसभा सचिव, जितेंद्र रावत को ब्लॉक सचिव, संतोष कुमार को तहसील उपाध्यक्ष, अमान अहमद को नगर सचिव, जीतेंद्र को युवा जिला सचिव तथा अक्षय को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सैकड़ों युवाओं ने अब्दुला ग़ालिब और महिला जिला अध्यक्ष स्वेता वैस के नेतृत्व में संगठन की सदस्यता लेकर सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष वकार अहमद, युवा जिला अध्यक्ष सैफ पठान, जिला उपाध्यक्ष अरशद मामा सहित अज़ीज़ भाई, लवकुश, शिवम्, सुमित, शैलेंद्र, डॉ खुर्शीद, समीद और अब्दुल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव ने कहा कि किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि किसान-मजदूर अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो चुका है और जब तक शोषण व अन्याय समाप्त नहीं होगा, संगठन का संघर्ष सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा तथा किसी भी कीमत पर अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अंत में संगठन में शामिल सभी साथियों का स्वागत किया गया और गांव-गांव संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम पूरे समय उत्साह और जोश के माहौल में सम्पन्न हुआ।

# ट्रक और बाइक में टक्कर, बाइक सवार गभीर रूप से घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । शनिवार प्रातः लगभग दस बजे बाइक सवार युवक ने गलत दिशा में जाकर ट्रक में टकरा दिया। जिससे युवक बाइक सहित ट्रक की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों ने आपातकालीन एंबुलेंस 108 से माल सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक यूपी83/टी 9610जो फिरोजाबाद से चूड़ियां लाद कर इटौंजा की तरफ जा रहा था। तभी देवरीभारत गांव निवासी दुर्गाप्रसाद (22 माल की तरफ. बाइक यूपी32/ एम एच 1727 से माल की तरफ जा रहा था। जो अचानक गलत दिशा में जाकर ट्रक से टकरा गया। जिससे बाइक क्षतिग्रस्त होने के साथ दुर्गा प्रसाद भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक युवक दुर्गा नशे में प्रतीत हो रहा था जबकि ट्रक अपनी सही दिशा में था। घायल दुर्गा को राहगीरों ने एम्बुलेंस 108 से माल सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक के दाहिने हाथ पैर में गंभीर चोट होने से ट्रामा सेंटर भेज दिया।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई, कई प्रतिष्ठानों पर जुर्माना



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में जोन-1 क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें एसएफआई सुनील वर्मा की सक्रिय भागीदारी रही। अभियान के दौरान क्षेत्र के कई बड़े प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल चालानी कार्रवाई की गई।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानों और खाद्य प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री की जांच की। जांच में पाया गया कि कुछ प्रतिष्ठानों द्वारा शासन के स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक कैरी बैग और अन्य प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। इस पर टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए मौके पर ही जुर्माना वसूला। कार्रवाई के तहत 'रंजन स्नैक्स फूड' पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार 'द ऑर्गेनिक डिलाइट' पर 10 हजार रुपये का चालान काटा गया। इसके अलावा 'चारमिनार' नामक प्रतिष्ठान पर 2 हजार रुपये तथा 'रहमान मुरादाबादी' पर भी 2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। सभी संबंधित प्रतिष्ठानों से कुल मिलाकर निर्धारित राशि की वसूली की गई और भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

## नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी नहीं उठाती फोन

लखनऊ । गोसाईगंज इलाके की नगर पंचायत अमेठी और मोहनलालगंज की नगर पंचायत नगराम के अधिशासी अधिकारी अंकिता देवी द्वारा रिंग बजने पर फोन न उठाने का मामला सामने आया। इस मामले में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन में काफी रोज व्याप्त है। संगठन के जिला महामंत्री राम सिंह ने बताया की नगराम और अमेठी नगर पंचायतों में जो भी कार्य किये जा रहे। उनकी जानकारी किसी को नहीं मिल पाती है। पहले अधिशासी अधिकारी द्वारा फोन उठा लिया जाता था किंतु अब सब कुछ बदल गया है। दोनों नगर पंचायतों की सचिव का फोन बंद रहता है। संगठन के नेता के अनुसार जो सरकारी नंबर अधिशासी अधिकारी को दिया गया उसका उपयोग नगर पंचायत कार्यालय के बाबू लोग कर रहे हैं। इसी बात को लेकर संगठन के जिला महामंत्री ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति का कार्य अधिशासी अधिकारी से होता है उस समय वे लापता मिलते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हफ्ते में दो-दो दिन प्रत्येक टाउन एरिया में निर्धारित किए गए हैं लेकिन निर्धारित दिवसमें मैडम जी कार्यालय नहीं जाती हैं । वे अपने बाबुओं के माध्यम से नगर नगर पंचायत का काम देखती है।

# राकिम संगठन 16 को देगा डीएम कार्यालय पर धरना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । भारत और अमेरिका के बीच में हुई ट्रेड डील के विरोध में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की ओर से 16 फरवरी को डीएम कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इस सम्बन्ध में संगठन की ओर से दिए गए ज्ञापन में हिंदुस्तान की वर्तमान सरकार की ओर से किसानों एवं मजदूरों के साथ धोखा किए जाने की बात कही गई है। गेहूं, चावल एवं दूध को लेकर अमेरिका के साथ जो डील हुई है वह भारत के किसानों एवं मजदूरों के लिए हितकारी नहीं है।

यह उनके साथ विश्वास घात है। इस मामले में संगठन के जिला महामंत्री राम सिंह का कहना है कि यदि अमेरिका के लिए भारत द्वारा गेहूं एवं चावल का निर्यात किया जाएगा तो यहां के किसानों एवं मजदूरो की जीविका प्रभावित होगी। यहां के गेहूं, चावल और दूध आदि सब मिट्टी के भाव बिकने लगेंगे। जिससे यहां का मजदूर और किसान फुटपाथ पर पहुंच जाएगा। उसे भुखमरी की मार भी झेलनी होगी। संगठन के नेता ने कहा कि भारतीय किसान सभी मामलों का विरोध करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विरोध करेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर ने कहा कि विरोध उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ होगा। उन्होंने कहा कि 22 मार्च को राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इसी में लखनऊ भी शामिल होगा। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की पंचायत प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर, प्रदेश महामंत्री दिनेश यादव, मंडल सचिव हरपाल सिंह ,मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव ,जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव ,जिला महामंत्री राम सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार , मोहनलालगंज ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश धीमन, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद फौजी ,जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार के अलावा सैकड़ो किसानों ने पंचायत में भाग लिया।

# गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल की अनोखी पहल: सुपर पेरेंट्स अभियान से अभिभावकों को मिला विशेष सम्मान

❒ विद्यालय प्रबंधन के अनुसार चयनित अभिभावक वे हैं, जो बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजते हैं, समय पर गृहकार्य पूरा करवाते है।

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच विश्वास, सहयोग और संस्कारों का मजबूत रिश्ता स्थापित करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल करते हुए ल्सुपर पेरेंट्सङ्क अभियान की शुरुआत की है।

इस पहल के तहत उन अभिभावकों को सम्मानित किया जा रहा है, जो पिछले दो वर्षों से निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते हुए बच्चों की शिक्षा, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास में विशेष योगदान दे रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार चयनित अभिभावक वे हैं, जो बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजते हैं, समय पर गृहकार्य पूरा करवाते हैं, निर्धारित ड्रेस में सुव्यवस्थित रूप से तैयार कर भेजते हैं तथा कॉपी-किताबों और स्कूल बैग की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हैं। इसके साथ ही बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता और हाइजीन बनाए रखने तथा विद्यालय के निर्देशों का पालन करने वाले अभिभावकों को प्राथमिकता दी जा रही है इस अवसर पर विद्यालय के पीठाधीश्वर साकेत मिश्रा, सह-पीठाधीश्वर पूनम मिश्रा और उप चेयरमैन तत्सत मिश्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की सहभागिता सबसे अहम कड़ी है। विद्यालय परिवार ऐसे सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करता है, जो शिक्षा को संस्कारों से जोड़कर आगे बढ़ा रहे हैं।कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत 14 फरवरी से कर दी गई है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि आगे भी विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट सहयोग देने वाले अभिभावकों को सम्मानित किया जाएगा और पुराने अभिभावकों से निरंतर संवाद बनाए रखा जाएगा।विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि शिक्षक और अभिभावक जब एक टीम के रूप में कार्य करते हैं, तभी बच्चों का भविष्य मजबूत और उज्ज्वल बनता है। ल्सुपर पेरेंट्सङ्क अभियान इसी साझेदारी को सम्मान देने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# दो करोड़ की टैक्स चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

❒ फर्जी दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों समेत एक कार बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल, गैंगस्टर सेल और थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम ने जीएसटी की बोगस फर्म बनाकर करीब 02 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार अभियुक्तों को अटसलिया पुल के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने फर्जी दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों समेत एक कार बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्तों में जनपद रायबरेली के थाना सरैनी क्षेत्र का रहने वाला अखिलेश पुत्र अशोक कुमार, जनपद बदायूं के थाना सिविल लाइन का विपिन पुत्र नक्षत्रपाल सिंह, जनपद मुजफ्फरनगर के थाना मंसूरपुर का शिवओम शर्मा उर्फ सुमित पुत्र चतरसैन और जनपद शामली के थाना बाबरी क्षेत्र का रहने वाला राहुल राणा पुत्र रामकुमार है।एसपी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त सोशल मीडिया के माध्यम से भोले-भाले लोगों को नौकरी दिलाने का लालच देकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड और फोटो आदि दस्तावेज ले लेते थे और उनके फर्जी एवं कूटरचित हस्ताक्षर तैयार कर बोगस जीएसटी फर्मों का पंजीकरण कराते थे। इसके बाद इन फर्जी जीएसटी फर्मों के नाम से कूटरचित ई-वे बिल एवं बिल्टी तैयार कर जनपद महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर आदि जनपदों से स्क्रैप खरीदते थे तथा जनपद मुजफ्फरनगर में अवैध रूप से विक्रय कर फर्जी लेन-देन दर्शाते हुए टैक्स चोरी करते थे। बताया कि बीती 28-29 नवम्बर 2025 को जीएसटी सचल दल टीम ने मोहम्मदी रोड पर चेकिंग के दौरान तीन गाड़ियों को प्रमोद इंटरप्राइजेज के नाम से संचालित फर्जी जीएसटी फर्म के ई-वे बिल एवं बिल्टी सहित रोका था। जांच के दौरान उनके सभी अभिलेख फर्जी एवं कूटरचित पाए गए थे। इस मामले में थाना रोजा पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बोगस जीएसटी फर्म बनाकर स्क्रैप की गाड़ियां निकलवाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि उक्त अभियुक्तों द्वारा अब तक करीब 200 से 250 स्क्रैप की गाड़ियां फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से पास कराई जा चुकी हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए चारों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

# पोल्ट्री फार्म की तेज बदबू से स्थानीय लोगो में रोष,राजस्व टीम व पुलिस बल पहुँचा मौके पर

❒ पोल्ट्री फार्म की दुर्गंध से बच्चे हो रहे थे बीमार

❒ सात दिनों पोल्ट्री फार्म हटाये अन्यथा होगी कार्यवाही: तहसीलदार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खैराबाद, सीतापुर। गुरपलिया में स्वास्थ्य व पर्यावरण को खतरे में डाल रहे मानकविहीन पोल्ट्री फार्मों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ग्रामीणों की शिकायतों पर 14 फरवरी 2026 को ग्राम गुरपालिया, पोस्ट रहीमाबाद, ब्लॉक खैराबाद स्थित पोल्ट्री फार्म की शिकायत पर तहसीलदार, नायब, लेखपाल व पुलिस बल द्वारा मौके पर टीम पहुची । यह शिकायत भारतीय जनता पार्टी के देहात मंडल अध्यक्ष नितेश जायसवाल सहित ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर की गई।निरीक्षण के दौरान फार्म की स्थिति बेहद दयनीय पाई गई। परिसर के अंदर व आसपास भारी गंदगी, तेज दुर्गंध, पाई गई। जांच टीम ने पाया कि फार्म का संचालन निर्धारित मानकों के विपरीत किया जा रहा है। फार्म से निकलने वाले अपशिष्ट व बदबू से आसपास के गांव टिकरिया, सरफापुर, जैनापुर व शांतीनगर कॉलोनी के निवासी गंभीर रूप से परेशान हैं।ग्रामीणों ने बताया कि दुर्गंध के कारण सांस लेने में दिक्कत, सिरदर्द एवं संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मौके पर जब फार्म संचालक से एनओसी व अन्य वैध कागजात मांगे गए तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।तहसीलदार सदर की उपस्थिति में किए गए स्थलीय निरीक्षण में राजस्व निरीक्षक खैराबाद, क्षेत्रवासी, मयंक रस्तोगी व इफ्तिजार अली पुत्र जवार अली भी मौजूद रहे। जांच में सामने आया कि पोल्ट्री फार्म की दूरी आबादी से मात्र लगभग 250 मीटर तथा दूसरी दिशा से करीब 420 मीटर है, जो पोल्ट्री संचालन के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार उपयुक्त नहीं मानी जा रही है।प्रशासन ने फार्म संचालक को सात दिन के भीतर खाली करने के निर्देश दिए है। समय सीमा के भीतर अनुपालन न होने की स्थिति में फार्म के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों व आसपास के लोगो ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मानकविहीन पोल्ट्री फार्मों पर कठोर कार्रवाई कर क्षेत्र को दुर्गंध, गंदगी एवं बीमारियों के खतरे से मुक्त कराया जाए।

## नौकरी की गारंटी होगी प्रदेश के वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री: मुख्यमंत्री

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी। इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे। साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सीएम योगी शनिवार को जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में बने गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। हमारे लिए किसी ने कुछ किया तो उसके प्रति कृतज्ञ होना हमारी जीवनशैली का हिस्सा है। गिद्धराज जटायु की मानव जाति पर बड़ी कृपा रही। माता सीता का हरण कर ले जा रहे रावण का पहला प्रतिकार गिद्धराज जटायु ने किया था।

# जीआरसी पर हुआ किसान प्रदर्शनी का आयोजन,जैविक खेती को लेकर किया गया जागरूक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मिश्रिख़, सीतापुर। मिश्रिख क्षेत्र के सेमरा भिठौली गांव में स्थित एकल ग्रामोद्योग फाउंडेशन द्वारा किसान प्रदर्शनी मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को शुद्ध देशी खेती एवं ऑर्गेनिक खेती की आधुनिक और लाभकारी विधियों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा प्राकृतिक खाद, बिना रसायन खेती, बीज संरक्षण तथा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं किसानों द्वारा लगाए गए विभिन्न कृषि उत्पादों और नवाचारों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे किसानों का उत्साह बढ़ा और उन्हें आगे बेहतर खेती के लिए प्रेरणा मिली।मेले में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र मिश्रा तथा मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव उपस्थित रहे। अतिथियों ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जैविक खेती से न केवल स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होती है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आनंद त्रिवेदी, उमेश चंद्र अग्रवाल अध्यक्ष चैप्टर समिति, सुधीर सिंह,नागेंद्र सिंह, सुभाष साह,अर्जुन शर्मा,विपिन वैश्य, शिवेंद्र पांडेय,रितेश पांडेय,कमलेश सिंह,नीरज वर्मा,आलोक सिंह,अंकित शुक्ला,अंकुर सिंह,संतोष गुप्ता,अकाश जी,आनंद मिश्र, अजय चन्द्र, पवन वर्मा, दुर्गा प्रसाद, राकेश अवस्थी, अर्जुन शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, डॉ. सागर, विजय वैश्य, नागेन्द्र सिंह, शिवेंद्र पाण्डेय, शीतल पाण्डेय, कमलेश सिंह, नीरज वर्मा, आलोक सिंह, टीपी सिंह, राजकुमार सोनी,देवेंद्र नंदवंशी,मोहित शुक्ला, अनिल बंशल, हरिनाम सिंह सहित सैकड़ो किसान और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सहकारिता मंत्री ने किया नवगठित पैक्स चैड़ेरा का शुभारंभ

❒ सहकारी समितियों का मकसद किसानों को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना: जेपीएस राठौर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर । विकास खंड भावलखेड़ा के चैड़ेरा गांव में नवगठित सहकारी समिति (पैक्स) का शनिवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर और फीता काटकर समिति का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों का मकसद किसानों को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना है। अब पैक्स केवल ऋण देने तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि किसानों को उन्नत बीज, खाद और अन्य जरूरी कृषि सामग्री भी आसानी से उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार सहकारी क्षेत्र को मजबूत कर रही है, ताकि किसानों को सस्ती दरों पर ऋण मिल सके और वे साहूकारों के चंगुल से बाहर आ सकें। उन्होंने बताया कि पैक्स के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती का प्रशिक्षण और तकनीकी सलाह दी जाएगी, जिससे फसल उत्पादन बढ़ेगा और आय में इजाफा होगा। इस दौरान उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से किसानों को खाद की बोरियां वितरित कर समिति के व्यावसायिक कार्य की शुरुआत भी कराई। कार्यक्रम में पहुंचने पर क्षेत्रीय किसानों व जनप्रतिनिधियों ने सहकारिता मंत्री का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, सदर भूमि विकास बैंक अध्यक्ष श्यामबाबू दीक्षित, पूर्व ब्लॉक प्रमुख क्षमा वर्मा, सभापति वी पैक्स चैड़ेरा अजीत सिंह, पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा, एआर कोऑपरेटिव अखिलेश प्रताप सिंह, महाप्रबंधक सौरभ द्विवेदी, एडीसीओ संजय सिंह, एडीओ राकेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# अटल ऑडिटोरियम में कर्मयोग, मद्य निषेध व विकसित भारत की संगोष्ठी आयोजित



❒ मानव शरीर बड़े भाग्य से मिला है, इसे अच्छे कार्यों में लगाना चाहिए- अपर मुख्य सचिव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत की संगोष्ठी अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित हुई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एल वेंकटेश्वर लू, अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत को वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाया जाए, उसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नशे की ओर जाएगा, वह बाद में अवश्य पछताएगा। इसलिए सही मार्ग पर चलना और सही बातों को समझना आवश्यक है, जिसके लिए मन और बुद्धि के स्तर पर संवाद करना पड़ेगा। लोगों को सही बातों के प्रति जागरूक होकर अपनी चेतना का विकास करना चाहिए। सही विचारों से आत्मविश्वास बढ़ता है। कहा कि मानव शरीर बड़े भाग्य से मिला है, अतः इसे अच्छे कार्यों में लगाना चाहिए। उन्होंने सभी प्रकार के नशों से मुक्त होकर आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। कहा कि नशा नाश का कारण है, चाहे वह किसी भी प्रकार का हो। नशे में व्यक्ति संयम और मर्यादा को भूल जाता है। इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एडीएम प्रशासन, एडीएम वित्त एवं राजस्व, बीएसए सहित कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी की मोदी-ट्रंप ट्रेड डील को निरस्त करने की मांग, दिया ज्ञापन



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोदी-ट्रंप ट्रेड डील को तत्काल निरस्त करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार यादव के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ की गई ट्रेड डील को लेकर देशभर में गहरी चिंता और व्यापक आशंकाएं हैं। इस समय जब देश के प्रमुख उद्योगपति अडानी को अमेरिका में समन जारी होने, एप्स्टीन प्रकरण में प्रधानमंत्री का नाम आने जैसी घटनाएं सामने आई हैं, तब मोदी-ट्रंप ट्रेड डील की समय-संवेदनशीलता और इसके पीछे की प्राथमिकताओं पर स्वाभाविक प्रश्न उठते हैं। कहा गया कि स्पष्ट किया जाए कि कहीं यह डील भी किसी विशेष उद्योग समूह को लाभ पहुंचाने की मंशा से तो नहीं की गई। क्योंकि इस समझौते के तहत अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाएगा, जबकि भारत अमेरिकी उत्पादों पर जीरो प्रतिशत टैक्स वसूलेगा। इससे सीधा दुष्प्रभाव कृषि, रोजगार और स्थानीय उद्योगों पर पड़ेगा। आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा। यह केवल आर्थिक समझौता नहीं, बल्कि देश की आत्मनिर्भरता और कृषि संरचना पर सीधा प्रहार है। ज्ञापन में मांग की गई कि देश विरोधी मोदी-ट्रंप ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। जिससे देश के करोड़ों किसानों के हितों की रक्षा की जा सके। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मोदी-ट्रंप ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। इस अवसर पर जिला प्रभारी दानिश खान, जिला महासचिव जेबी सिंह, अनुराग रस्तोगी, जोगेंद्र प्रजापति, वीरेंद्र प्रताप, अखिलेश वर्मा, आशीष द्विवेदी, सदाकत अली, गजेन्द्र शर्मा, अब्दुल्ला सकलेनी, सुभाष चौहान, अमन कुमार आदि लोग मोजूद रहे।

## दधीचेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर



मिश्रिख़,सीतापुर। मिश्रिख स्थित पौराणिक दधीचि कुंड पर अवस्थित दाधिचेश्वर महादेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर परिसर में रंजाई-पुताई, आकर्षक सजावट एवं साफ-सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को भव्य एवं दिव्य वातावरण में भगवान शिव के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो सके।मंदिर के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तजन दूर-दराज से बाबा भोलेनाथ के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। इस पर्व को बड़े ही धूमधाम, भक्ति भाव और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाता है। विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक एवं भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मिश्रिख पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहती है और किसी भी प्रकार का अराजक तत्व उपद्रव नहीं कर पाता। प्रशासन द्वारा भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

## 'इतिहास की गूंज, संस्कृति की आत्मा' थीम पर 15 से सजेगा कालिंजर महोत्सव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बुंदेलखंड के बांदा जिले की ऐतिहासिक धरती पर 15 से 17 फरवरी तक तीन दिवसीय कालिंजर महोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। 'इतिहास की गूंज, संस्कृति की आत्मा' थीम पर आधारित यह सांस्कृतिक महासंगम जिला पर्यटन-संस्कृति परिषद एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कटरा कालिंजर मेला ग्राउंड में आयोजित होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महोत्सव में बुंदेली लोकनृत्य, आल्हा गायन, भजन एवं लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को मंच प्रदान करेंगी। तीन दिवसीय आयोजन में 'बांदा गॉट टैलेंट' के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, जबकि 'आज की शाम कालिंजर के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत खिलाड़ी, कलाकार और गायक अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। महोत्सव के तहत मंडलीय सरस मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी और विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे। सम्मेलन एवं गोष्ठियों का भी आयोजन होगा। अपर मुख्य सचिव (पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य) अमृत अभिजात ने कहा कि कालिंजर महोत्सव बुंदेलखंड की ऐतिहासिक चेतना और जनभागीदारी का सशक्त उत्सव है। उन्होंने उल्लेख किया कि गणतंत्र दिवस की झांकी में भी कालिंजर किला को प्रमुखता दी गई थी।

# आरज़ू पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह भावुक माहौल में संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत नरसोही अंतर्गत लखीमपुरऽसीतापुर मार्ग पर स्थित शाहमहोली गांव में संचालित आरज़ू पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों का विदाई समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और भावनात्मक माहौल के बीच संपन्न हुआ।

ग्रामीण परिवेश में आयोजित यह आयोजन शिक्षा, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, लघु नाटिका और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि उपस्थित अभिभावक देर तक तालियाँ बजाने को मजबूर हो गए। बच्चों के आत्मविश्वास और मंचीय प्रस्तुति ने यह स्पष्ट कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभा किसी से कम नहीं है। विद्यालय की स्थापना वर्ष 2020 में ग्रामीण क्षेत्र शाहमहोली में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से प्रबंधक रहीस अहमद द्वारा की गई थी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उनका उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को अच्छे संस्कार, अनुशासन और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।प्रधानाध्यापक संजय कश्यप ने विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कहा कि परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विदा हो रहे विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा और जीवन यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं। समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया जब अध्यापिका अमिता सिंह ने बच्चों के सम्मान में विदाई गीत प्रस्तुत किया। गीत सुनते ही कई बच्चों और अभिभावकों की आँखें नम हो गईं, मानो विद्यालय एक परिवार बनकर सबको जोड़ चुका हो।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक व अध्यापिकाएँ, बड़ी संख्या में अभिभावकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोंदलामऊ का निरीक्षण

❒ मरीजों को बेहतर इलाज व सुविधाएं देने के निर्देश, डिलीवरी रजिस्टर से लेकर फार्मेसी तक की जांच, डीएम ने दिए कड़े निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोंदलामऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, पैथॉलोजी, नेत्र सुरक्षा केन्द्र, किचेन आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी धीरज मिश्रा से वार्ता की एवं चिकित्सकों की उपस्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।जिलाधिकारी ने डिलीवरी रजिस्टर की गहनतापूर्वक जांच की। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर का पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते का वितरण सुनिश्चित किया जाये। फैमिली प्लानिंग के संबंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डिलीवरी के उपरान्त समुचित काउंसलिंग की जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों, फार्मासिस्टों एवं अन्य कार्मिकों का विवरण भी प्राप्त किया। उन्होंने फार्मेसी में जाकर दवाओं के रख-रखाव, कोल्ड चेन आदि का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप दवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये तथा

# एक ही आंगन के नीचे अब पढ़ रहे आंगनबाड़ी और प्राइमरी के बच्चे: बीईओ नगर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। शहर के पुलिस लाइंस स्थित नगर ब्लॉक संसाधन केंद्र में शनिवार को 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षाधिकारी नगर सुरेंद्र प्रताप ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी, जिनमें सरस्वती वंदना के अलावा स्वागत गीत सहित शिक्षा क्यों हैं जरूरी विषय पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के आयोजक नगर खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी अतिथियों, सीडीपीओ प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी सुपरवाइजरों, शिक्षकों और बच्चों का स्वागत किया। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में अधिक से अधिक बच्चों के नामांकन पर जोर दिया।



उन्होंने बच्चों को अपने रचनात्मक कौशल को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कहा कि अब एक ही आंगन के नीचे अब आंगनबाड़ी और प्राइमरी के बच्चे पढ़ रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को 'निपुण' बनाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें पुरस्कृत भी किया। उन्होंने कम्पोजिट विद्यालय पुलिस लाइंस में कक्षा-2 की छात्रा आराध्या, किला बाजार बालक के शाद अली, चक अहमदपुर की अमूल्या, दूरभाष नगर के शाहनाज और बेलीगंज की आकृति सिंह सहित 20 बच्चों को निपुण होने पर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद बाल विकास अधिकारी की प्रतिनिधि आस्था मिश्रा ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर के दर्जनों अध्यापक, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, बाल वाटिका के बच्चे और परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी आशीष तिवारी ने किया। इस मौके पर शिक्षक संकुल सपना द्विवेदी, जूबिया परवीन, नगर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष पंकज द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## मुरादाबाद के चौरासी घंटा मंदिर में वर्ष 1911 में नेपाल नरेश ने चढ़ाया था अष्ट धातु का घंटा

मुरादाबाद। मुरादाबाद के किसरौल स्थित प्राचीन सिद्धपीठ चौरासी घंटा मंदिर में महाशिवरात्रि और सावन मास के प्रत्येक सोमवार हजारों कांवड़ चढ़ती है। इसके अलावा भक्त भी काफी संख्या में यहां जलाभिषेक करते हैं। वर्ष 1911 में यहां तत्कालीन नेपाल नरेश आए थे और उन्होंने मंदिर में अष्ट धातु का घंटा चढ़ाया था। 115 साल बाद भी यह घंटा मंदिर में टंगा है। वर्तमान में मंदिर परिसर में सैकड़ों घंटे टंगे हुए हैं।

महानगर के थाना नागफनी क्षेत्र के किसरौल में स्थित 84 घंटा मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है। चौरासी घंटा मंदिर शिवलिंग स्वयं भू है। यह अपने आप उदित हुआ है। चौरासी लाख योनियों की पौराणिक मान्यता पर ही मंदिर का नाम चौरासी घंटा पड़ा। सरकारी आंकड़ों में यह मंदिर पांच हजार साल पुराना दर्ज है। लखनऊ की पुरातत्व विभाग की टीम ने इस मंदिर में लगे पीपल के पेड़ की छाल से जांच करके पता लगाया था कि यह पेड़ पांच हजार साल से अधिक पुराना है। एक किलोमीटर के दायरे में मंदिर में लगे पीपल की जड़े पहुंच चुकी हैं। जिसकी जड़ में दीपक जलाने से लोगों की मुरादें पूरी होती हैं। दूसरी ओर मंदिर में घंटा चढ़ाने की मान्यता भी है।

चौरासी घंटा मंदिर के मुख्य पुरोहित पंडित विष्णु दत्त ने बताया कि मंदिर में शिवलिंग के दर्शन करने के लिए वर्ष 1911 में तत्कालीन नेपाल नरेश आए थे और उन्होंने मंदिर में अष्ट धातु का घंटा चढ़ाया था। 115 साल बाद भी यह घंटा मंदिर में टंगा है। दूसरे घंटों से अलग इसका रंग ही देखकर पता चलता है कि यह पीतल का नहीं किसी अन्य धातु का है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु इस घंटे को जरूर बजाते हैं। मंदिर के भवन के पुराने स्वरूप में आज भी कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

महाशिवरात्रि पर 84 घंटा मंदिर में लगभग 50 हजार से अधिक कांवड़िये अपनी कांवड़ चढ़ाकर अपना संकल्प पूरा करतें हैं। वहीं सावन मास के प्रत्येक सोमवार पर हजारों कांवड़ चढ़ती है व अंतिम सोमवार पर करीब एक लाख से अधिक कांवड़ चढ़ाई जाती हैं। कांवड़ बेड़ों की भीड़ को देखते हुए महाशिवरात्रि और सावन मास के प्रत्येक सोमवार पर रात्रि 3 बजे मंदिर के कपाट खोल दिये जाते हैं। कपाट खुलते ही कांवड़ चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

## एक हजार पांच सौ मीटर की दौड़ में आदेश प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान किया हासिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**संजय गांधी राजकीय पालीटेक्निक में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन**

अमेठी । संजय गांधी राजकीय पालीटेक्निक जगदीशपुर में बारह से चौदह फरवरी तक वार्षिक खेलकूद एवं वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर संजय सिंह निदेशक सीटेड उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य इं. राम रतन द्वारा की गई।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के सम्मुख एक हजार पांच सौ मीटर की दौड़ सम्पन्न हुई जिसमें आदेश प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने अन्य सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक व ट्रॉफी प्रदान की। सर्वाधिक पदक प्राप्त कर शिवांश सिंह ने बालक वर्ग में एवं बालिका वर्ग में पावनी कसेरा ने सर्वस्रेठ खिलाड़ी का ख़िताब जीता। छिहत्तर अंकों के साथ विक्रम साराभाई हाउस ने चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।प्रधानाचार्य राम रतन ने सहर्ष वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए पिछले वर्ष के सभी परीक्षा परिणाम के बारे में बताया। छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे जीवन में कभी निराश ना होने की सलाह दी। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्र- छात्राओं को इस मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिये सदैव तत्पर रहने हेतु, गाँव से निकल कर गाँव की ओर आकर विकास करने की प्रेरणा दी। साथ ही मुख्य अतिथि महोदय ने छात्र-छात्राओं का ध्यान विचार-मंथन व उद्यमशीलता की ओर लगाने की सलाह दी। मौक़े पर नृपेंद्र सिंह, मीनू द्विवेदी, धीरेंद्र कुमार, सत्यांश सिंह, एन.डी. पांडेय, दीपशिखा, तनु कौशल, संदीप सिंह आर.एन. श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद को 150 करोड़ रुपए किए गए हैं प्रस्तावित

अयोध्या। ताजा बजट में प्रदेश सरकार ने रामनगरी अयोध्या को एक बार फिर 250 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात दी है। पर्यटन विकास और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद को इसमें से 150 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसी कड़ी में जिले के कम प्रसिद्ध आठ धार्मिक स्थलों को संवारने की भी तैयारी है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इस कारण सरकार ने इस क्षेत्र के समग्र विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। बजट में अयोध्या जिले के धार्मिक स्थलों के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसमें 150 करोड़ तीर्थ परिषद व 100 करोड़ अन्य विकास कार्यों के लिए हैं। यह धनराशि रामनगरी की सूरत और चमकदार बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

हाल ही में श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद ने आठ प्रमुख धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास की परियोजनाएं शासन को भेजी हैं जिन्हें इस राशि से क्रियान्वित करने की तैयारी है। यह अयोध्या के कम चर्चित लेकिन ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले स्थलों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास है ताकि श्रद्धालु राम जन्मभूमि के अलावा अन्य स्थलों का भी दर्शन कर सकें। इन स्थलों का होना है सौंदर्यीकरण इन परियोजनाओं में आठ प्रमुख स्थान शामिल हैं। बेतिया मंदिर, मीरापुर, डेराबीबी (अयोध्या धाम) में दो करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य होगा। मणिपर्वत के लिए तीन करोड़ रुपये, दशरथ समाधि स्थल के समीप भगवान शंकर जी का मंदिर परिसर (विकास खंड पूरा) के लिए एक करोड़ रुपये, श्री अंजनेश्वर महादेव धाम (तमसा नदी तट, ग्राम अंजना सदर) के लिए एक करोड़ रुपये, श्रीमहर्षि वाल्मीकि आश्रम (आलापुर, मजरा दोस्तपुर) के लिए एक करोड़ रुपये, आंबेडकर पार्क (ग्राम कुढ़ासादात, तहसील रुदौली) के लिए एक करोड़ रुपये, मिल्कीपुर में आस्तीकन गहनाग बाबा के लिए एक करोड़ रुपये, नगर पंचायत भदरसा में भरत जी की तपोस्थली के लिए दो करोड़ रुपये से पर्यटन विकास और सौंदर्यीकरण प्रस्तावित है। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं दिलाना है परिषद का उद्देश्य योगी सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद का गठन किया है। इसका मुख्य उद्देश्य अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार, धार्मिक स्थलों का संरक्षण और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना है।

अयोध्या के पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान

श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ जयेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार ने अयोध्या के लिए इस बार भी बड़े बजट का प्रावधान किया है। निश्चित ही इससे धार्मिक नगरी के पर्यटन विकास को पंख लगेंगे। फिलहाल हमने आठ परियोजनाओं की डीपीआर भेज दी है। कोशिश है जल्द से जल्द काम शुरू करा दिया जाय। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वाविद्यालय अयोध्या के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर आशुतोष सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के लिए घोषित 250 करोड़ रुपये के प्रावधान को प्रदेश की अर्थव्यवस्था और धार्मिक पर्यटन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का यह बजट केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव स्थानीय रोजगार, छोटे व्यापारियों, होटल व्यवसाय, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योग पर भी पड़ेगा।

प्रोफ़ेसर आशुतोष के अनुसार अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है। ऐसे में बुनियादी ढांचे और पर्यटन स्थलों के विकास में निवेश दीर्घकालिक आर्थिक लाभ देने वाला साबित होगा। कम चर्चित धार्मिक स्थलों को विकसित कर मुख्यधारा से जोड़ना एक संतुलित और दूरदर्शी नीति है, जिससे पर्यटकों का ठहराव समय बढ़ेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद को 150 करोड़ रुपये का प्रावधान यह दर्शाता है।

### नगर के मौहल्ले में किशोरी व नकदी जेवर ले जाने का आरोप, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के एक मोहल्ले से किशोरी को और नकदी-जेवर ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री को 13 फरवरी की सुबह अलतमस ने अपनी मां मुन्नी तथा दोस्त व भाई टोनी और कैफ के सहयोग से जबरन अपने साथ ले गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका। आरोप है कि किशोरी घर निर्माण के लिए रखे गए दो लाख बीस हजार रुपये नकद और सोने के चार गहने, जिनका वजन लगभग 4.25 तोला बताया गया है, साथ ले गई। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शनिवार दोपहर एक बजे कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही हैं।

### घुंघचिहाई के सचिवालय में एसडीएम ने स्थायी व अस्थायी गौशालाए बनाने को लेकर की बैठक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के घुंघचिहाई ग्राम पंचायत सचिवालय में शनिवार दोपहर 2:30 पर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह व प्रभारी खंडविकास अधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों के प्रधानों एवं पूर्व प्रधानों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में खुले में घूम रहे गौवंश पशुओं की समस्या पर चर्चा करते हुए स्थायी गौशाला के लिए ग्राम टांडा जितोरिया में भूमि चिन्हित होने की जानकारी दी गई। अधिकारियों को अतिशीघ्र निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी पंचायतों में अस्थायी गौशाला के लिए दो से तीन बीघा जमीन चिन्हित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बताया गया कि दो से तीन पंचायतों से लगभग 200S300 पशुओं को नजदीकी गौशालाओं में पहुंचाने का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए जनता से सहयोग की अपेक्षा की गई इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

सम्भल कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 14.2.2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजपुरा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, प्रशिक्षक सुरेश कुमार व सृष्टि ने छात्राओं को फ्रंट किक, बेसिक किक, फ़ेस पंच आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं मार्शल आर्ट सीखने में अत्यधिक रुचि ले रही हैं तथा काफी संख्या में उपस्थित हैं।जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके

## हाईकोर्ट के आदेश से फतेहपुर संगत प्रधान के अधिकार बहाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। जिले के जयसिंहपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत के प्रधान को बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार बहाल करने का आदेश दिया है। मामला ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं की शिकायत से शुरू हुआ था। शिकायत के आधार पर 4 फरवरी 2023 को जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में शासकीय धनराशि के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि किए जाने के बाद प्रधान को 30 अगस्त 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। तत्कालीन पंचायत सचिव को भी नोटिस भेजा गया था।इसके बाद अंतिम जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक और शारदा सहायक खंड-49 के अधिशाषी अभियंता को नामित किया गया। जांच प्रक्रिया के बीच 4 नवंबर 2023 को तत्कालीन जिलाधिकारी ने प्रधान के सभी वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए थे। 18 अप्रैल 2024 को सौंपी गई अंतिम जांच रिपोर्ट में भी अनियमितताओं का उल्लेख किया गया, जिसके आधार पर एक और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मामले में तकनीकी अधिकारी राज किशोर सिंह (अवर अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जयसिंहपुर) के विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।इस पूरे प्रकरण को चुनौती देते हुए प्रधान ने हाईकोर्ट की शरण ली। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने 4 नवंबर 2023 को जारी जिलाधिकारी के आदेश, संबंधित जांच रिपोर्ट और कारण बताओ नोटिस को निरस्त कर दिया। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत के प्रधान के रूप में तत्काल प्रभाव से वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार बहाल किए जाएं।हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद जिले की राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

## आत्मनिर्भर, विकसित और समावेशी भारत बनाने की नींव है केंद्रीय बजट : महेश त्रिवेदी

कानपुर। केंद्रीय बजट 2026 केवल आंकड़ों का लेखा जोखा नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047, समावेशी और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की नींव है। युवाओं को रोजगार पाने वाला ही नहीं देने वाला भी बनना चाहिए। यह बातें किदवई नगर विधानसभाक्षेत्र के विधायक महेश त्रिवेदी ने शनिवार को किदवई नगर स्थित वेडिंग वेल गेस्ट हाऊस में आयोजित बजट संगोष्ठी में व्यापारियों को संबोधित करते हुए कही। महेश त्रिवेदी ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारे युवाओं के हाथों में रोजगार होगा। केंद्रीय बजट देश को स्थिरता से समृद्धि की ओर ले जाने वाला दूरदर्शी और जनकल्याणकारी बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा। केंद्रीय बजट में आर्थिक विकास की गति, जनता की अपेक्षाओं की पूर्ति, सुशासन के साथ सबको साथ लेकर चलने की तैयारी है। किसान, युवा, महिला और गरीब को केंद्र में रख कर देश के समग्र विकास का रोड मैप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब और किसान को मजबूत किये बिना देश सशक्त नहीं हो सकता। केंद्रीय बजट में इसी मूल भावना को प्रतिबिंबित किया गया है। यहां जय प्रकाश कुशवाहा, अचल गुप्ता, जसविंदर सिंह,अरविन्द वर्मा, संजय कटियार, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, प्रवीन गुप्ता, पार्षद मनीष मिश्रा, विनीत दुबे, रवि सतीजा आदि रहे। इसी तरह छावनी विधानसभा की बजट संगोष्ठी में पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया ने कहा कि सड़क, रेल लॉजिस्टिक नेटवर्क, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं ऊर्जा न सिर्फ विकास को गति देती है बल्कि राष्ट्रीय एकता, अवसर निर्माण और रणनीतिक गतिशीलता को भी बढ़ाती है। पूंजीगति को बढ़ावा देने से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

### जूनियर क्लास के बच्चों ने सीनियर्स को दी विदाई पार्टी

चंदौसी । डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल पथरा में जूनियर कक्षा के बच्चों के द्वारा सीनियर्स के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के संचालक महानंदन गौतम और प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके एवं दीप प्रज्वलित करके किया। उसके बाद बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाजिया ने गोरे तन से सरकता जाए, इशिका ने पैरों में बंधन है, किरन आदि ने फॉर्च्यूनर, इच्छा ने व्हाट झुमका, शिवी आदि ने काली एक्टिवा दा, अंजलि और दीक्षा ने पतली कमर पर तेरी, प्रिया ने लांबा लांबा घूंघट पर शानदार प्रस्तुति पेश की। नगमा ने लग जा गले गाना गया। जिस पर कार्यक्रम तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और आगे भी मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। संचालन प्रवीण कुमार ने किया। इस दौरान सत्यपाल सिंह, सतेंद्र सिंह, रंजीत कुमार, अश्वनी शर्मा, शिवगणेश शर्मा, रिनी अग्रवाल, क्षमता, सुशीला, आरती सिंह, आभा रानी, योगेश, रंजीत कौर, वंशिका सक्सेना, काजल, खुशबू, रेशमा, राजकुमारी, अनामिका यादव, शालू, दुर्गेश नंदनी, राजेंद्र वर्मा, अंशुल गुप्ता, आनंद वार्ष्णेय, मोहित शर्मा, प्राची गौतम, हर्ष गौतम, गीता, श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में एसडीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर निस्तारण करने के दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महराजगंज,रायबरेली। थाना समाधान दिवस में एसडीएम गौतम सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर गंभीरता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को चंदापुर थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस उपजिलाधिकारी गौतम सिंह व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। एसडीएम गौतम सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। चंदापुर में कुल 4 राजस्व की आई शिकायतों में एक का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं महराजगंज में आयोजित थाना समाधान दिवस में दो राजस्व व दो पुलिस की शिकायतें आईं। एसडीएम गौतम सिंह ने कहा कि



शिकायतकर्ता बार-बार थाने और तहसील के चक्कर न लगाए। इसके लिए शिकायत का निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना चाहिए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह, कोतवाल जगदीश यादव के अलावा हल्का लेखपाल व कानूनगो आदि मौजूद रहे।

### मुरादाबाद से बरेली रूट पर चलाई जाएंगी डबल डेकर एसी ई-बसें

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में पीतलनगरी बस अड्डे से बरेली तक डबल डेकर ई-बसों का संचालन किया जाएगा। इस रूट पर ई-बसों का ट्रायल 10 दिनों में शुरू किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां चल रही हैं।

कटघर स्थित क्षेत्रीय वर्कशाप में चार डबल डेकर एसी ई-बसें खड़ी हैं। इन बसों को चलाने के लिए चालकों और परिचालकों का चयन किया जा रहा है। सबसे पहले बसों का संचालन बरेली रूट पर किया जाएगा। मुरादाबाद डिपो सीनियर फोरमैन गजेंद्र सिंह नहीं शनिवार को बताया कि डबल डेकर बसें आ चुकी हैं। इन्हें चलाने की तैयारियां चल रही हैं। बरेली रूट पर 10 दिनों के भीतर ट्रायल शुरू किया जाएगा। सबकुछ ठीक रहा तो डबल डेकर की चारों बसें इसी रूट पर चलेंगी।

### नीलकंठ महाकालेश्वर धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां पूरी, निकली शोभायात्रा

कादीपुर/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व पड़ेला स्थित नीलकंठ महाकालेश्वर धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गईं। इसी क्रम में शनिवार, 14 फरवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा का नेतृत्व पूर्व प्रमुख डॉ. श्रवण मिश्र ने किया। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ नीलकंठ महादेव की प्रतिमा को एक आकर्षक विंटेज कार में विराजमान कर पूरे क्षेत्र में भ्रमण कराया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।डॉ. श्रवण मिश्र ने कहा कि यह धाम क्षेत्र में आस्था और सनातन संस्कृति का केंद्र बनेगा। पड़ेला ग्राम सभा सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ शामिल हुए। ल्हर-हर महादेवङ्क और ल्बोल बमङ्क के जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।आयोजन को विशेष आध्यात्मिक गरिमा तब मिली जब कांचीपुरम मठ के पीठाधीश्वर अनुभवनंद महाराज की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

# मिशन 2027: सपा की रणनीति, जमीनी सक्रियता होगी टिकट का पैमाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। मुल्क के सबसे बड़े सियासी सूबे क़े उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावी रण में अभी एक साल से भी ज्यादा का वक्त बाकी है, लेकिन सियासी शतरंज पर शह और मात की बिसात अभी से बिछाई जाने लगी है,एक तरफ बीजेपी यूपी में सत्ता की हैट्रिक लगाने की फिराक में है, तो दूसरी तरफ सपा अपने दस साल के सिया सी वनवास को खत्म करने की कवायद में जुट गई है।जिसका आगाज अखिलेश यादव ने राज धानी लखनऊ से कर दिया है समाजवादी पार्टी के लिए 2027 के चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बन गए हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने के बाद सपा का मनोबल सातवें आस मान पर है और वह 2027 में भी 2024 जैसा ही प्रदर्शन दोहराना चाहती है। यही वजह है कि अखिलेश यादव ने अपने खास साथियों के सा थ राजनैतिक रणनीति बनानी शुरू कर दी है।पार्टी ने इस बार टिकट के दावेदारों के लिए साफ संदेश दिया है कि केवल बैनर-पोस्टर से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी सक्रियता टिकट का पैमाना होगी। पूर्वी यूपी में मुस्लिम और यादव वोट बैंक के साथ ही सपा ने अन्य पिछड़ा व दलित वोटों पर भी निगाहें टिका दी हैं,जातिगत जनगणना के नतीजों को देखते हुए जाति-आधारित टिकट वितरण की योजना भी बनाई जा रही है।सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पार्टी कैडर को चेतावनी दी है कि 2027 को लड़ाई बेहद कठिन होने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा की रणनीति का मुकाबला करने के लिए माइको लेवल पर काम करना होगा और विरोधियों की चालों को स्तर्तकता से काटना होगा। सपा ने तय किया है कि विधानसभा टि कट उन्हीं को मिलेगा जी लगातार सक्रिय रहें। 2024 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव का पीडीए फार्मूला बड़ा हिट रहा। टिकट वित रण से लेकर चुनावी प्रचार तक,सपा ने इस समीकरण पर पूरी ताकत झोंको।नतीजा यह हुआ कि सपा 37 सीटों तक पहुंच गयी,जो पार्टी के लिए बड़ी राजनीतिक छलांग थी। हालांकि,सुबे में हुए उपचुनाव में यह फार्मूला पूरी तरह कामयाब नहीं हो पाया और पार्टी को सिर्फ दो सीटों से ही संतोष करना पड़ा। विश्ले षकों का मानना है कि लोकसभा चुनाव में विप क्षी एकजुटता और पौडीए समीकरण ने काम किया,लेकिन उपचुनाव में भाजपा का लोकल लेवल मैनेजमेंट भारी पड़ा।अगले विधानसभा चुनाव में अभी एक साल से भी ज्यादा का वक्त बाकी है,लेकिन टिकट को चाह रखने वाले नेता अभी से मैदान में उतर गए हैं और खुद को सब से मजबूत दावेदार बताने में जुटे हैं। वर्ष 2022 में सपा ने टिकट का ऐलान ऐन वक्त पर किया था,लेकिन इस बार पार्टी की रणनीति अलग है। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर टिकट समय से पहले तय किए जाएंगे,जिससे प्रत्याशि यों को प्रचार का पूरा वका मिलेगा और कार्यक र्ता उहापोह से बच सकेंगे, वहीं राज नीतिक

विश्लेषकों का मानना है कि अगर सपा समय र उम्मीदवार तय कर लेती है और पीडीए बोट बैंक को लगातार सक्रिय रखती है,तो 2027 में पूर्वी यूपी ही नहीं,पूरे प्रदेश में उसका प्रदर्शन बेहतर हो सकता है।

### जातिगत गणित पर पैनी नजर

केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना कराने के फैसले के बाद सपा अपने टिकट वितरण में इसका सीधा इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है।पार्टी सूत्रों के मुताबिक, 2027 में उम्मी दवार तय करते वक्त उनकी जाति की जन संख्या और स्थानीय प्रभाव का विशेष ध्यान रखा जाएगा।पूर्वी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम यादव वोट बैंक को एकजुट करने के साथ–साथ सपा अब दलित और अन्य पिछड़ा वोटों में भी सेंध लगाने की कोशिश में है।यही वजह है कि पार्टी के कार्यक्रमों में इन वर्गों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, इसके साथ ही ब्राह्मण वोटरो पर भी समाजवादी पार्टी की नजर है।

### जातीय समीकरण व विपक्षी एकजुटता देगी बीजेपी को टक्कर

राजनीतिक दृष्टि से देखे तो 2027 समाजवादी पार्टी के लिए चुनौती और अवसर दोनों लेकर आएगा।चुनौती इसलिए कि भाजपा की संगठ नात्मक पकड़ और चुनावी मशीनरी बेहद मज बूत है।उपचुनाव में सपा को यहीं मात मिली है इसके अलावा स्थानीय स्तर पर भाजपा के माइ को मैनेजमेंट को तोड़ना,जातिगत ध्रुवीकरण से बचना,बहु ?संख्यका वोटों में सेंध लगाना और कांग्रेस गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर असं तोष से बचना समाजवादीपार्टी के सामने मुख्य बाधाएं हैं।अवसर इसलिए कि लोकसभा में पी डीए फार्मूले से मिली सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि जातीय समीकरण औरथ विपक्षी एकजुटता बनी रही,तो भाजपा को कड़ी टक्कर दी जा सकती है।

### गोण्डा की सातों सीटों पर दावेदारों की भीड़

जिले की सदर विधानसभा सीट के साथ ही करनैलगंज,कटरा बाजार,तरबगंज, मेहनौन, मनकापुर सुरक्षित व गौरा विधानसभा सीटों पर टिकट के दावेदारों की लम्बी फ़ेहरिस्त है। हालांकि, सपा सुप्रीमी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्र में जमीनी सक्रियता ही टिकट दिलाएगी।इसमें कोई सिफारिश काम नहीं आएगी।इसके अलावा जातीय समीकरण का भी खास ख्याल रखा जाएगा।जिले के उन लोगों की कुंडली तैयार की जा रही है जो लगातार क्षेत्र में जमीनी स्तर पर सक्रिय रहे हैं।

# युवक की कमरे में मिली लाश,मौत का कारण स्पष्ट नहीं, जांच क़ेलिए भेजा गया विसरा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्ग त पोर्टरगंज पथ वालिया में 12 फरवरी की देर शाम 25 वर्षीय कृष्ण मोहन उर्फ अनमोल चौबे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।देर रात आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका,जिससे मामला और उलझ गया है। पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने के बाद डॉक्टरों ने बिसरा प्रिजर्व कर दिया है। नगर कोतवाली पुलिस ने विसरा जांच के लिए सैंपल भेज दिया है।अब रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ सकेगी। मौत का कारण साफ न होने से परिजनों में हड़कंप मचा है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

### दोस्तों ने बुलाकर की हत्या

मृतक के पिता, रिटायर्ड लेखपाल शामली चौबे ने बेटे के पांच दोस्तों पर गंभीर आरोप लगाए हैं उन्होंने नगर कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि आठ फरवरी को ये सभी दोस्त कृष्ण मो हन को घर से बुलाकर ले गए थे। आरोप है कि उसकी हत्या कर शव कमरे में रख दिया गया। वही लोगो क़ेद्वारा बताया जा रहा है कि पड़ो सियों को दो दिन पहले कमरे से दुर्गंध आने ल गी थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर अंदर से अनमोल चौबे का शव बरामद किया,जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है।

### पुलिस दोस्तों से कर रही है पूछताछ,

पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपित पांचों दोस्तों की भूमिका की जांच शुरू कर दी है।उनसे पूछताछ की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटे ज भी खंगाली जा रही है।वही नगर कोतवाल बिंदेश्वरीमणि त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, इसलिए विसरा जांच के लिए भेजा गया है। विसरा रिपोर्ट आने और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।आस पास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है जां च में जो तथ्य सामने आएंगे,उसी के आधार प र आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जर्जर बिसुही पुल क़ेनिर्माण क़ेलिए छात्रों ने सूबे क़ेमुख्यमंत्री से लगाई गुहार

एजेंसी



गोंडा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा बिसुही पुल निर्माण को लेकर आठवें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा प्रदर्शन के पहले छात्र पंचायत की कार्यकर्ताओं के द्वारा पुलवामा में शहीद जवानों के लिए मौन रहकर वा मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की उसके पश्चात कार्यकर्ताओं के द्वारा बिसुही पुल निर्माण को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा और मांग की है कि इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया की आज हमने मुख्यमंत्री के नाम से 80 पत्र लिखे हैं क्योंकि उत्तर प्रदेश में पीडब्ल्यूडी मिनिस्ट्री माननीय मुख्यमंत्री जी के पास है तो उनसे ही हमारी मांग है कि इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए वा पारा सराय निवासी सूरज शुक्ला ने बताया कि हमें अपने मुख्यमंत्री पर पूरा यकीन है कि हमारे पत्र को संज्ञान में लेकर वह इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द करवाएंगे इसीलिए आज मैं भी राष्ट्रीय छात्र पंचायत के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है इस अवसर पर शिव प्रसाद, मन्नू तिवारी,अमर नाथ,शिव वर्मा, सूरज कसौधन,मुंशी कन्नौजिया,आरिफ सिद्दी की संतोष यादव, मोबीन खान आदि लोग मौ जूद रहे।

# स्कूल से चौपाल तक टीबी चौंपियनों ने सुनाई आप बीती

### जांच और पूरा इलाज ही टीबी से बचाव का रास्ता

### टीबी चौंपियन की कहानी से जागरूक हो रहे गांव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। जनपद में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक बलहा और नानपारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर व मटेही में जागरूकता रैली आयोजित की गई। साथ ही विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। अभियान में छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक में टीबी चौंपियन गुलाम गौस ने बताया कि कुछ वर्ष पहले उन्हें लगातार खांसी और कमजोरी रहने लगी थी। जांच कराने पर टीबी की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने भरोसा दिलाया कि यह पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है। मुझे सरकारी अस्पताल से निःशुल्क दवा मिली और छह महीने तक नियमित उपचार लिया। आज मैं पूरी तरह स्वस्थ हूँ। उन्होंने लोगों से अपील की कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, रात में पसीना या वजन कम होने जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराएं और दवा का पूरा कोर्स करें। अधूरे इलाज से टीबी और गंभीर हो सकती है।

ब्लॉक मिहीपुरवा के आरोग्य मंदिर उर्रा में टीबी चौंपियन कृती कुशवाहा ने बताया कि टीबी खांसने-छींकने से फैलती है, इसलिए समय पर जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता दी जाती है। बैठक में आशा और सीएचओ ने जांच व उपचार की जानकारी दी। इसी क्रम में ब्लॉक हुजूरपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदिलपुर में टीबी चौंपियन सुरेश पाल सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि सरकारी अस्पतालों में बलगम जांच, एक्स-रे और सीबी-नॉट मशीन की सुविधा उपलब्ध है। पुष्टि होने पर मरीज का पंजीकरण कर निःशुल्क दवा दी जाती है और स्वास्थ्य टीम नियमित निगरानी करती है।

वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स से विकास चंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में 419 टीबी चौंपियनों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। ये सभी इलाज कर स्वयं इस बीमारी से स्वस्थ हुए हैं, इसलिए इनकी बातों का समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम. एल. वर्मा ने बताया कि वर्तमान में जिले में लगभग 6100 टीबी मरीजों का उपचार चल रहा है। सभी मरीजों को निःशुल्क जांच, दवा, निक्षय पोषण योजना का लाभ और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति बीच में उपचार न छोड़े।

# बच्चों की शिक्षा में कोताही न बरतें अभिभावक : मुन्ना सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### जाग्रति इण्टर कालेज कुकहा रामपुर के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अतिथियों को भाव विभोर किया

अमेठी,जाग्रति इण्टर कालेज कुकहा रामपुर के वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि बच्चों में तालीम के साथ हुनर भी होने चाहिये।बालिका शिक्षा में रुकावट नही आनी चाहिये यह दो परिवारों में शिक्षा की ज्योति जलाने का कार्य करती है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि आज केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के लिये तमाम योजनाएं संचालित की जा रही है शिक्षित व्यक्ति से ही समाज का उत्थान संभव है इसलिये अभिवावक अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा में कोताही न बरतें और अपने पाल्य को नियमित विद्यालय भेजे।उन्होंने कहा कि इस पिछड़े इलाके में स्थापित जाग्रति परिवार ने जो शिक्षा की अलख जगाने का काम किया है इस नेक कार्य के लिये विद्यालय परिवार की जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है। श्री सिंह ने कहा कि यहां पर बच्चों को शिक्षा के साथ ही साथ अनुशासन व संस्कार का भी पाठ पढ़ाया जाता है इस विद्यालय के गुरुजनों के परिश्रम का नतीजा जगजाहिर है।प्रबंधक शीतला प्रसाद पाण्डेय व प्रधानाचार्य मनोज पाण्डेय, सज्जन पाण्डेय ने फूल मालाओं से अतिथियों का स्वागत करते हुये अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया।विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम ने अतिथियों को भाव विभोर कर दिया।मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।इस मौके पर प्रधान संघ सिंहपुर के पूर्व अध्यक्ष श्रीकृष्ण मिश्रा, अर्जुन सिंह भदौरिया, वेद प्रकाश बाजपेई, कृष्ण कुमार द्विवेदी, पंकज दीक्षित, विक्रम सिंह, देवी शरण बाजपेई, राजेश पाण्डेय,आशीष मिश्रा,अनुज पाण्डेय, रमेश मिश्रा,संदीप कुमार, पुरुषार्थ पाण्डेय सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

### बाइक सवार युवक की बिजली के खम्भे से टकराकर हुई मौत

तिलोई अमेठी,थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के सेमरौता हैदरगढ़ मार्ग पर स्थित गांव रामपुर पंवारा के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खम्भे से टकरा गई जिसमें वाहन चालक समेत एक युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया और अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई है। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव सझिया खेड़ा मजरे कमई निवासी रामकुमार पुत्र दददन उम्र बाइस वर्ष तथा श्रवण कुमार पुत्र रामसनेही उम्र तेइस शुक्रवार की देर रात अपनी बाइक से पूरे शिवरतन सिंह मजरे पेंडारा से अपने घर सझिया खेड़ा जा रहे थे रात्रि करीब बारह बजे वह रामपुर पंवारा के पास पहुंचे ही थे कि मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा जाने के कारण दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी सिंहपुर भेजवाया जहां पर चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देखकर जिला रेफरल अस्पताल तिलोई रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान रामकुमार पुत्र दददन की मौत हो गई तथा श्रवण कुमार का उपचार जारी है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि परिजनों द्वारा मृतक के शव का अंतिम संस्कार किया जा चुका है।



### उद्योगों को बढ़ावा देने को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले,उद्यमी कुलदीप मिश्रा

गोंडा। जिले के उद्यमी कुलदीप मिश्रा ने नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात कर जिले में उद्योगों के विकास को लेकर चर्चा की।उन्होंने बताया कि मंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना और स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साह न देने का आश्वासन दिया।इस पहल से जिले में रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# 16 से 27 फरवरी तक चलेगा एमआर टीकाकरण अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### चार लाख से अधिक बच्चों को मिलेगी संक्रामक रोग से सुरक्षा

### 2893 विद्यालयों में 2720 सत्र होंगे आयोजित



बहराइच। जनपद में खसरा-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत कक्षा 1 से 5 (5 से 10 वर्ष आयु वर्ग) के लगभग चार लाख से अधिक बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जिले के 2893 विद्यालयों में कुल 2720 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें 2146 सत्र सरकारी विद्यालयों, 384 सत्र निजी विद्यालयों तथा 190 सत्र मदरसा व अन्य शिक्षण संस्थानों में प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद में मीजल्स (खसरा) तथा रूबेला के 23 मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष 2026 में अब तक मीजल्स और रूबेला के चार मामले चिन्हित किए गए हैं। संक्रमण की कड़ी तोड़ने के लिए व्यापक टीकाकरण बेहद आवश्यक है।

सीएमओ ने बताया कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम संचालित होता है, जिसमें खसरा और रूबेला भी शामिल हैं। दो वर्ष से कम आयु वर्ग में एमआर-1 का कवरेज 84 प्रतिशत तथा एमआर-2 का कवरेज 83 प्रतिशत है। अब स्कूल आधारित विशेष अभियान के माध्यम से बड़े आयु वर्ग के बच्चों को भी कवर किया जा रहा है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने बताया कि खसरा और रूबेला अत्यंत संक्रामक वायरल रोग हैं, जो खांसने-छींकने, गले व नाक के स्राव तथा संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से तेजी से फैलते हैं। खसरा में तेज बुखार, खांसी, आंखों में लाली और शरीर पर दाने निकलना प्रमुख लक्षण हैं, जबकि रूबेला गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद गंभीर हो सकता है। एमआर का टीका एक ही बार में दोनों बीमारियों से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक एएनएम को प्रतिदिन 100 से 125 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया है और सभी सत्रों की प्रविष्टि यू-विन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाएगी।

डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. विपिन लिखोरे ने बताया कि अभियान के दौरान सर्विलांस व्यवस्था भी मजबूत रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि केवल बुखार के साथ दाने वाले मामलों को एमआर संदिग्ध केस माना जाता है। ऐसे किसी भी उम्र के लोगों में यह लक्षण पाए जाने पर तुरंत सूचना देकर रिपोर्टिंग और जांच सुनिश्चित की जाएगी, ताकि संभावित संक्रमण को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को निर्धारित तिथि पर विद्यालय भेजें और टीकाकरण में सहयोग करें, ताकि जनपद को खसरा-रूबेला मुक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

# नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड की मीटिंग हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर। नगर पालिका परिषद पूरनपुर कार्यालय के सभागार में बोर्ड बैठक का आयोजन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया।बैठक में नगर क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर जल निगम द्वारा मरम्मत कार्य न कराए जाने पर सभासदों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष महोदय ने अधिशासी अधिकारी को जल निगम के प्रति आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त श्री रामलीला मैदान में आगामी होली मिलन समारोह के आयोजन हेतु रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन के सहयोग से वृंदावन एवं मथुरा के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित कराए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

साथ ही नगर की क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनः निर्माण हेतु सभासदगणों द्वारा प्रार्थना पत्र भी सौंपे गए।

बैठक में उपस्थित गणमान्यजन पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, लेखाकार दिनेश भारती सहित सभासद उर्मिला देवी, सूरज बाथम, उदित सिंह, राजो देवी, दिनेश कुमार, विकास गुप्ता, मो. शरीफ, सौरभ सक्सेना, शाहजहां बेगम, राजेश कुमार, सुवे जहां बेगम, गौरव कुमार जायसवाल, नेहा, नुसरत परवीन, मुन्नी बेगम, रोहित मिश्रा, नादिर रज़ा बरकाती, सुशील कुमार, शराफत अली, अनुज कुमार गुप्ता, मो. मियां उपस्थित रहे।

# सपा कि नीतियों को घर- घर पहुंचने का कार्य कर रहे हैं वरिष्ठ सपा नेता धनपति वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। समाजवादी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता धनपति वर्मा एडवोकेट ने बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम विधिपुर,पिपरिया भज्जा, इटोरिया और बिहारीपुर में व्यापक जनसंपर्क एवं भ्रमण कार्यक्रम कर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी। गांव-गांव पहुंचे धनपति वर्मा का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह-जगह फूल मालाओं और नारों के साथ उनका अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र समाजवादी रंग में रंगा नजर आया।अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान धनपति वर्मा ने घर-घर जाकर ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने किसानों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों से संवाद स्थापित कर उनकी परेशानियों को समझा और भरोसा दिलाया कि समाजवादी विचारधारा ही उनके अधिकारों की सच्ची संरक्षक है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और सिंचाई के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए, जिनका लाभ आज भी आम जनता को मिल रहा है।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा किसान, नौजवान और गरीब वर्ग को प्राथमिकता दी है। छात्र- छात्राओं को लैपटॉप वितरण, बेहतर सड़क नेटवर्क, 108 एंबुलेंस सेवा और किसानों के लिए राहतकारी योजनाएं समाजवादी सोच की पहचान रही हैं। उन्होंने दृढ़ स्वर में कहा कि विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि जमीनी कार्यों से होता है, और यह कार्य समाजवादी सरकार ने करके दिखाया है।वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए धनपति वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगी है, जबकि महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है एक ऐसी सरकार की, जो जनता के दर्द को समझे और समाधान के लिए ईमानदारी से काम करे।कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम सम्मानित नागरिक, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामीणों का उत्साह, समर्थन और विश्वास यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि बरखेड़ा क्षेत्र में समाजवादी विचारधारा की जड़ें मजबूत हो रही हैं। जनसंपर्क अभियान ने यह साबित कर दिया कि धनपति वर्मा एडवोकेट क्षेत्र की जनता के बीच एक मजबूत, लोकप्रिय और भरोसेमंद नेतृत्व के रूप में उभर रहे है।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत घण्टो अफवाह के बीच बन्द रहा रेलवे फाटक

पूरनपुर। पूरनपुर स्टेशन के प्रसादपुर हाल्ट के पास शुक्रवार देर शाम हुए रेल हादसे में मृत युवक की पहचान अमरैया गांव निवासी हरदीप 27 के रूप में हुई है शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी, लेकिन बाद में परिजनों के पहुंचने पर पहचान की पुष्टि हुई घटना के बाद करीब पौन घंटे तक रेलवे ट्रैक और फाटक बंद रहने से यातायात प्रभावित रहा और माधोटांडा क्रॉसिंग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई जानकारी के अनुसार पीलीभीत से शाम करीब 5-15 बजे चलकर पुरनपुर, मैलानी होते हुए डालीगंज जाने वाली ट्रेन संख्या 55085 जब प्रसादपुर हाल्ट के पास पहुंची, तभी युवक उसकी चपेट में आ गया था हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई ट्रेन को तत्काल रोक दिया गया तभी मैलानी से पीलीभीत जाने वाली ट्रेन संख्या 55362 भी पूरनपुर स्टेशन पहुंच गई थी दोनों ट्रेनों की क्रॉसिंग प्रस्तावित थी, जिसके चलते माधोटांडा रेलवे फाटक बंद कर दिया गया घटना के कारण करीब डेढ़ घंटा तक फाटक बंद रहा, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई और राहगीरों है को भारी परेशानी उठानी पड़ी हादसे के बाद ट्रेन करीब लेट पुरनपुर स्टेशन पहुंची उपनिरीक्षक अनुज कुमार ने पहुंचकर पंचनामा अ भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था परिजनों में घटना के बाद कोहराम मचा हुआ है पुलिस हादसे के क कारणों की जांच कर रही है।

# पुलवामा कांड की 7वीं बरसी पर हुआ रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद सेना के 40 वीर जवानों की स्मृति में शनिवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वाधान में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान महादान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा, जिला चिकित्सालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. के. मिश्र व ब्लड बैंक प्रभारी प्रोफ़ेसर डॉ. संजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

रक्तदान शिविर राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में हुआ। शनिवार को शिविर मे मौजूद चिकित्सक व समाजसेवियों ने पुलवामा में शहीद जवानों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित कर रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। संस्थापक निजाम खान ने रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्तदान किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी होता है, बल्कि यह समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी मजबूत करता है। संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव, ब्लड बैंक प्रभारी प्रो.फ़ेसर डॉ संजय सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से आपातकालीन स्थितियों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होती है और कई मरीजों को समय पर उपचार मिल पाता है। आयोजन के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक चिकित्सकीय मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## शिक्षक नेता के पिता के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत हंसवा की ग्राम प्रधान के पति एवं शिक्षक नेता के पिता के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री के सुपुत्र के साथ ही ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और सम्भ्रांत नागरिकों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत हंसवा की ग्राम प्रधान कृष्णा देवी के पति एवं शिक्षक नेता ध्रुवराज पासी के पिता राम बरन पासी का इन दिनों स्वास्थ्य खराब चल रहा था जिनका उपचार रायबरेली के एक निजी अस्पताल में चल रहा था चिकित्सकों ने उनकी हालत गम्भीर देखते हुये पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया जहां पर उनकी मौत हो गई इस घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को पैतृक गांव हंसवा स्थित बाग में किया गया जिसमें प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, अखण्ड प्रताप सिंह, वीरेंद्र तिवारी,सत्येन्द्र तिवारी, श्याम बहादुर सिंह, गुडडू सिंह,संतोष तिवारी, बबलू सिंह, विनोद मौर्या, मोहम्मद अशरफ, राजेन्द्र सैनी, मोनू जायसवाल, अमिता गौतम, रणवीर सिंह, नितेश यादव, फैयाज अहमद, सुधीर सिंह, सिद्धार्थ सिंह राठौर, आलोक शुक्ला,भास्कर सिंह, दिनेश सिंह राठौर, ओंकार पाण्डेय, सुरेन्द्र पासी, देव नारायण, आनंद सिंह, उबैद अहमद, आंसू राजावादी सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

## साइबर अपराध के बारे में आम जनमानस को करें जागरुक : एसपी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज सभागार में साइबर गोष्ठी का आयोजन किया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा शनिवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज सभागार में जनपद अमेठी के समस्त थानों में नियुक्त साइबर सेल,हेल्प डेस्क नोडल अधिकारियों के साथ साइबर गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न प्रकार के पोर्टलों की निगरानी, प्राप्त साइबर शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये साथ ही जनपद में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराध एवं उससे बचाव के सम्बंध में जागरूक करने तथा साइबर अपराध घटित होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 व नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने हेतु लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के निर्देश दिये गये।

# 171.21 लाख की लागत से बनेगा नया हनुमान घाट, पालिकाध्यक्ष ने किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की वंदन योजना के अंतर्गत नगर क्षेत्र वार्ड बढ़ैयाबीर में गोमती नदी तट पर स्थित पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल पर नए हनुमान घाट के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि आदि गंगा मां गोमती के तट पर स्थित यह कच्चा घाट लंबे समय से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। स्थानीय सभासदों और नागरिकों की मांग पर इसे सीताकुंड घाट की तर्ज पर विकसित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने 171.21 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके तहत आधुनिक सुविधाओं से युक्त हनुमान घाट का निर्माण कराया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत 50 मीटर लंबाई और 17 मीटर चौड़ाई में सीढ़ीयुक्त घाट, 350 वर्गमीटर इंटरलॉकिंग मार्ग, दो बड़े हाल, पांच सीटों वाला शौचालय, दो हाईमास्ट लाइट, वृक्षारोपण, इंटरलॉकिंग पाथवे और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे।पालिकाध्यक्ष ने कहा कि घाट के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को नियमित पूजा-पाठ और स्नान के साथ ही छठ पूजा, पूर्णिमा, अमावस्या एवं अन्य पर्वों पर विशेष स्नान-दान के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह स्थल धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। वरिष्ठ साहित्यकार कमल नयन पाण्डेय ने इसे नगरवासियों के लिए बड़ी सौगात बताया। भाजपा नेता रामचन्द्र मिश्र ने कहा कि सरकार शहरी विकास के साथ-साथ प्राचीन धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम संयोजक व स्थानीय सभासद प्रवीण मिश्र ने बताया कि घाट के निर्माण से वर्षों से चली आ रही असुविधाएं दूर होंगी।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, डॉ. जे.पी. सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में अफसरों ने सुनी फरियादियों की शिकायत

पूरनपुर।जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई पुलिस- प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे अधिकारियों ने मातहतों को प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया थाना पूरनपुर में उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह,सीओ प्रतीक दहिया समाधान दिवस में पहुंचे इस दौरान एक शिकायत दर्ज हुई जिसका निस्तारण नहीं हो सका थाना प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डेय मौजूद रहे प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डेय ने शिकायतें सुनी इस दौरान पांच शिकायत दर्ज हुईं जिनमें से महज दो शिकायत का निस्तारण हो सका शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए जिससे कि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े।

## पूरनपुर के रमपुरा कोन मे तेंदुएं की चहलकदमी से दहशत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव रमपुरा कोन में तेंदुए की मौजूदगी से लोग दहशत में है गांव निवासी सोना सिंह का आरोप है कि बीते कई दिनों से उनके घर के आसपास तेंदुआ चहलकदमी कर रहा है शाम ढलते ही परिवार के लोग घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं ग्रामीण के मुताबिक तेंदुआ कई बार घर के पास और खेतों की मेड़ पर देखा गया है इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है परिवार का कहना है कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है सोना सिंह ने तेंदुए की मौजूदगी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है वन विभाग से तत्काल सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है ग्रामीणों ने भी क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने की कार्रवाई किए जाने की मांग की है

## डीएम एवं एसपी आगामी महाशिवरात्रि के दृष्टिगत गौरीशंकर मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव द्वारा आगामी महाशिवरात्रि के दृष्टिगत गौरीशंकर मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कांवड़ यात्रा व दर्शनार्थियों हेतु की गई सुरक्षा तैयारी और व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे की स्थिति, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु महिला पुलिस बल की निरन्तर ड्यूटी लगाने, पार्किंग स्थल एवं ड्यूटी में तैनात कर्मियों की सतर्कता, आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। एसपी ने द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिए बेहतर यातायात नियंत्रण, प्राथमिक उपचार केंद्र, खोया–पाया काउंटर व पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था बनाई जाए। साथ ही क्यूआरटी टीमें हर स्थिति के लिए अलर्ट मोड में रहें। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे है।

## रम्पुरा कोन फार्म हाउस से पालतू कुत्ता उठा ले गया तेंदुआ, गांव में दहशत, वीडियो वायरल

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव रम्पुरा कोन निवासी दीप सिंह के फार्म हाउस से शुक्रवार रात एक तेंदुआ पालतू कुत्ते को उठा ले गया। जिसका वीडियो शनिवार दोपहर एक बजे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी इसी फार्म हाउस से कुछ दिन पूर्व एक अन्य कुत्ते को तेंदुआ उठा ले गया था। लगातार दूसरी घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कई दिनों से तेंदुए की चहलकदमी गांव और आसपास के खेतों में देखी जा रही है, जिससे रात के समय बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## रमनगरा में राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक, 150 युवाओं ने ली सनातनी सेवा की शपथ

पीलीभीत। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा रमनगरा में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तराई क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय बजरंग दल की इकाई टीम का गठन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल गौ रक्षा दल एवं धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के दायित्व कार्यकर्ताओं को सौंपे गए। कार्यक्रम में लगभग 150 सनातनी युवाओं ने डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया की टीम के साथ जुड़कर सनातन, गौ रक्षा और गौ सेवा के लिए समर्पित रहने की शपथ ली। इसके बाद माधोटांडा व कलीनगर क्षेत्र के चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से टीम का परिचय कराया गया, ताकि समाज सेवा, पशु सेवा और सनातन सेवा के कार्य सामूहिक रूप से किए जा सकें। बैठक में कई जिला व नगर पदाधिकारी मौजूद रहे। शनिवार दोपहर एक बजे गौ सेवा जिला प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया ने जानकारी दी।

## शेरपुर रोड पर दो बाइकों की भिडंत पीआरडी जवान समेत तीन घायल, अस्पताल में भर्ती

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव टंडोला निवासी पीआरडी जवान ओमकार शुक्रवार दोपहर लगभग 2 बजे अपनी पत्नी सीता के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान लहा निवासी जयकरन भी बाइक से उसी मार्ग पर जा रहा था। जैसे ही शेरपुर रोड पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी जयकरन ने पीछे बाइक को टक्कर मार दी,हादसे में ओमकार, उनकी पत्नी सीता और जयकरन—तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

# एमजीएस में इंटर के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के प्रतिष्ठित एमजीएस इंटर कॉलेज में कक्षा ग्यारह विज्ञान वर्ग के छात्रों ने कक्षा बारह विज्ञान वर्ग के छात्रों का विदाई समारोह क्षत्रिय भवन में किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी, संध्या, रुचि, सलोनी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। खुशनूर, सुकृति चेष्टा, यशवर्धन सिंह, राम दुबे, प्रियांशु, ओम सिंह द्वारा रैंप वॉक किया गया। सलोनी, रुचि, अनीता, कशिश ने नृत्य प्रस्तुत किया। जिकरा, मुस्कान, विक्रम, प्रियांशु, श्याम दुबे ने गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने बच्चों को अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं देने के साथ-साथ इंटर की परीक्षा में कॉपी लिखने के टिप्स बताएं। कार्यक्रम संचालन सुरजीत पाल द्वारा किया गया कार्यक्रम में विशेष सहयोग डॉ अमरीश सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, रमेश प्रजापति, बलराम सिंह आलोक सिंह, राजेश कन्नौजिया, सुमित श्रीवास्तव, उपकार श्रीवास्तव, संदीप सिंह द्वारा किया गया पुरातन छात्र अखंड प्रताप और विकास ने बच्चों को अपने अनुभव बताएं।

## पूरनपुर में पीस कमेटी की बैठक:महाशिवरात्रि, होली, रमजान को लेकर पुलिस ने की चर्चा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में आगामी महाशिवरात्रि,होली और रमजान त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने थानाक्षेत्र से आए सम्भ्रान्त जनों का स्वागत कर परिचय प्राप्त किया प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पर्व पर कोई भी नई परंपरा नहीं डाली जाएगी और सभी लोग पूर्व की भांति शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाएं उन्होंने कहा कि कोई भी सूचना उनको कभी भी दी जा सकती है पुलिस सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए प्रतिबद्ध है पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और क्षेत्र में निगाह रखी जा रही है थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनायें, त्योहारों के दौरान ही चुनाव भी शुरू हो रहे है, इसलिए किसी भी प्रकार कोई भी गैरकानूनी हरकत न करें, अन्यथा कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी इस दौरान सीओ प्रतीक दहिया ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की यह बैठक पूरनपुर कोतवाली पर हुई इसमें क्षेत्र के प्रधान, बीडीसी सदस्य और दोनों समुदायों के सम्मानित नागरिक शामिल हुए बैठक का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डेय ने किया क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग प्रेम भाव से अपने त्योहारों का आनंद लें उन्होंने किसी भी बहकावे में न आने की सलाह दी और कहा कि यदि कोई समस्या आती है, तो तत्काल पुलिस या संबंधित पुलिसकर्मी को सूचित करें कानून को अपने हाथ में न लें उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति उपद्रवी तत्वों का समर्थन करता हुआ या उनके साथ कोई गलत कार्य करता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास उपद्रवी व्यक्तियों की पहचान कर पुलिस को तत्काल सूचित करने का आग्रह किया, यह भी बताया कि पुलिस उनका नाम गुप्त रखेगी बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा, ''हमारा उद्देश्य है कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं होलिका दहन निर्धारित स्थानों पर ही किया जाए डीजे को रोडो न चलाने का जिक्र भी किया उन्होंने नशे का सेवन कर किसी भी प्रकार से त्योहारों में व्यवधान न डालने की हिदायत दी और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की है।

## सम्पादकीय

# राहुल गांधी पर भाजपा का नया वार

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से भाजपा का डर अब खुलकर सामने आने लगा है। बुधवार को राहुल गांधी ने संसद में जिस तरह अमेरिका से हुए व्यापार समझौते और एपस्टीन फाइल्स पर मोदी सरकार को घेरा, उसके बाद उनके भाषण के कई हिस्से सदन की कार्रवाई से निकाल दिए गए। इसके बाद भी राहुल गांधी का सामना भाजपा नहीं कर पा रही है तो अब उन्हें संसद से बाहर करने की कोशिश करने लगी है। हालांकि केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने बुधवार को संसद में और संसद के बाहर कहा था कि भाजपा राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएगी। लेकिन गुरुवार को भाजपा ने सिर्फ लोकसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग की। समझा जाता है कि विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव रखे जाने पर भाजपा को अपने सहयोगी दलों से समर्थन की उम्मीद नहीं थी। दूसरा डर यह था कि इस पर संसद में बहस के दौरान फिर केंद्र बिंदु राहुल गांधी ही बनते। और मोदी सरकार नहीं चाहती कि राहुल गांधी पर बहस केंद्रित हो। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि मैंने एक ठोस प्रस्ताव पेश किया है जिसमें मैंने उल्लेख किया है कि वे कथित तौर पर सोरोस फाउंडेशन, फोर्ड फाउंडेशन, यूएसएआईडी से जुड़े हुए हैं और थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम और अमेरिका जैसे स्थानों की यात्रा करते हैं, और भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हुए हैं। मैंने मांग की है कि उनकी सदस्यता रद्द की जाए और उन्हें जीवन भर के लिए चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जाए। अपने डर को छिपाने के लिए नरेन्द्र मोदी ने निशिकांत दुबे को आगे किया है, हालांकि इस नोटिस के बाद भाजपा को यह साबित भी करना होगा कि जिन फाउंडेशन्स या देशों का नाम लिया गया है, वे किस तरह देश विरोधी हैं और राहुल से उनके क्या संबंध हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि राहुल गांधी को चुनाव लड़ने से रोकने और संसद सदस्यता खत्म करने का यह नोटिस उस समय दिया गया जब मोदी सरकार को ही यह साबित करना है कि एपस्टीन फाइल्स मामले में वह बेदाग हैं। क्योंकि नरेन्द्र मोदी, उनके केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, श्री मोदी के करीबी कारोबारी अनिल अंबानी जैसे लोगों के नाम इस कुख्यात मामले में आए हैं। ऐसे में केवल मुंहजबानी सफाई पेश करने से कुछ नहीं होगा। बल्कि ठोस सबूतों के साथ साबित करना होगा कि मानव तस्करी, यौन शोषण और मानवता को तार-तार करने वाले न जाने कितने घिनौने अपराधों से जुड़े इस मामले में किसी तरह भी मोदी सरकार का कोई संबंध नहीं है। हम यह बात पहले भी लिख चुके हैं कि इस मामले में दुनिया भर में इस्तीफ़े हो रहे हैं। किसी पर अपराध साबित हुआ या न हुआ हो, केवल एपस्टीन फाइल्स में नाम आने पर ही लोगों को इस्तीफ़े के लिए मजबूर किया जा रहा है। यहां तक कि अमेरिका में भी इस पर ट्रंप के विरोधी नेता सवाल कर रहे हैं और उन्हें सवाल करने दिया जा रहा है। मगर भारत में भाजपा को बचाने के लिए एपस्टीन फाइल्स का नाम लेना ही गुनाह की तरह दिखाया जा रहा है। बुधवार को जब संसद के भीतर राहुल गांधी को इस मामले में बोलने से रोका गया तो उन्होंने बाहर आकर अपने आरोपों को दोहराया। जिसके बाद केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर अपना पक्ष रखा। हालांकि वे चाहते तो जब से उनका नाम इस मुद्दे पर आया, तभी खुलकर सारी बातें बता सकते थे। लेकिन दबाने-छिपाने की इस प्रवृत्ति से ही शक गहराता है। बहरहाल, हरदीप सिंह पुरी ने माना कि उनकी मुलाकात कुख्यात अपराधी जेफ्री एपस्टीन से तीन-चार बार हुई थी। यानी राहुल गांधी ने संसद के भीतर जो कुछ कहा, उसे खुद हरदीप पुरी ने सत्यापित कर दिया है। इसके बाद उन पर क्या आरोप लगते हैं और कितने साबित होते हैं, ये तो बाद की बात है, सबसे पहले उन्हें नैतिकता के आधार पर ही इस्तीफा दे देना चाहिए। लेकिन मोदी सरकार की डिक्शनरी में शायद नैतिकता शब्द है ही नहीं, इसलिए उसके आधार पर इस्तीफ़े भी नहीं होते। पत्रकारों को अपनी बात बताते हुए हरदीप पुरी ने कुछ बड़ी गलतियां कर दीं। एक तो उन्होंने कहा कि एपस्टीन पर कुछ कम उम्र की लड़कियों के शोषण का आरोप था, जबकि सच यह है कि इस मामले में उसे सजा भी हो चुकी थी। दूसरी बात कम उम्र की लड़कियों को ही बच्चियां कहा जाता है और यह बच्चियों की तस्करी, या उनसे दुष्कर्म बेहद गंभीर अपराध है।

# तनाव, आतंक और अंधकार के बीच शिव का प्रकाश

15 फरवरी 2026 को जब समूचा भारत महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाएगा, तब यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं होगा, बल्कि आत्मजागरण का विराट अवसर होगा। महाशिवरात्रि वह रात्रि है जब साधक अपने भीतर के अंधकार को पहचानकर शिवत्व के प्रकाश से उसे आलोकित करने का संकल्प लेता है। शिव केवल देवता नहीं, वे चेतना के शाश्वत आयाम हैं-महाकाल, जो समय से परे हैं, नटराज, जो सृष्टि की लय और ताल के अधिपति हैं और नीलकंठ, जो विष को पीकर भी अमृत का संदेश देते हैं। आज का युग विज्ञान, तकनीक और उपभोग का युग है। मानव ने अंतरिक्ष को नापा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित की, लेकिन अपने भीतर की शांति खो बैठा। तनाव, अवसाद, असंतोष, युद्ध, आतंकवाद और नैतिक विघटन की घटनाएँ विश्व को विचलित कर रही हैं। ऐसे दौर में शिव की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। शिव भक्ति कोई चमत्कारिक जादू नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित करने का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक मार्ग है। शिव का स्वरूप द्वंद्वों से परे है। वे संहारक भी हैं और सृजनकर्ता भी। यह संदेश आज के समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो जड़, जर्जर और अनैतिक है, उसका विनाश आवश्यक है ताकि नवजीवन अंकुरित हो सके। जब हम अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और मोह का संहार करते हैं, तभी सच्चा निर्माण संभव होता है। यही शिव का वास्तविक चमत्कार है भीतर के विष का रूपांतरण। समुद्र-मंथन की कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि मानवीय जीवन का प्रतीक है। जब संसार अमृत की खोज में लगा, तब सबसे पहले विष निकला। आज भी जब मानव प्रगति की दौड़ में है, तो साथ में प्रदूषण, हिंसा और असंतुलन का विष भी उत्पन्न हो रहा है। उस विष को कौन पियेगा? शिव का नीलकंठ रूप हमें सिखाता है कि समाज के संकट को दूर करने के लिए त्याग और सहनशीलता आवश्यक है। जब हम अपने स्तर पर कटुता को निगल लेते हैं और उसे बाहर नहीं फैलाते, तभी समाज में शांति बनी रहती है। इसी प्रकार गंगा के अवतरण की कथा बताती है कि अनियंत्रित शक्ति विनाशकारी हो सकती है। शिव ने उसे अपनी जटाओं में धारण कर संतुलित प्रवाह दिया। आज के संदर्भ में यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। तकनीक, धन, सत्ता-ये सभी शक्तियाँ हैं। यदि वे अनियंत्रित हों तो विध्वंसक बनती हैं, और यदि शिव-संयम में हों तो कल्याणकारी। अतः शिव भक्ति का अर्थ है-शक्ति का संतुलन। आधुनिक मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या है-तनाव। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएं और असुरक्षा ने उसे अशांत बना दिया है। शिवरात्रि की रात्रि जागरण की रात्रि है, लेकिन यह बाह्य जागरण से अधिक आंतरिक जागरण है। जब साधक ऊँ नमः शिवाय का जप करता है, तो वह अपने भीतर के कंपन को संतुलित करता है। यह पंचाक्षरी मंत्र मन, प्राण और चेतना को एकाग्र करता है। वैज्ञानिक शोध भी बताते हैं कि नियमित ध्यान और मंत्रजाप से तनाव कम होता है, रक्तचाप संतुलित होता है और मानसिक स्थिरता बढ़ती है। यह शिव साधना का प्रत्यक्ष प्रभाव है। शिव पुराण में वर्णित है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ बेला में ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव हुआ। यह ज्योति केवल पत्थर की आकृति नहीं, बल्कि अनंत प्रकाश का प्रतीक है। शिवलिंग का अर्थ है-चिह्न, जो निराकार ब्रह्म का संकेत देता है। आधुनिक मनुष्य के लिए यह बोध आवश्यक है कि ईश्वर किसी सीमित रूप में बंधा नहीं है। वह ऊर्ज़ा है, चेतना है, जो प्रत्येक कण में विद्यमान है। आज विश्व युद्ध और आतंकवाद की विभीषिका से जूझ रहा है। हिंसा की ज्वाला में मानवता झुलस रही है। शिव का तांडव केवल विनाश नहीं, बल्कि संतुलन का नृत्य है। जब अन्याय बढ़ता है, तब परिवर्तन अनिवार्य होता है। किंतु शिव का संदेश यह भी है कि क्रोध नहीं, करुणा से परिवर्तन संभव है। वे रुद्र हैं-दुःखों का हरण करने वाले। शिव भक्ति का चमत्कार यह है कि वह मनुष्य के भीतर करुणा, सहिष्णुता और क्षमा का विकास करती है। जब व्यक्ति बदलता है, तब समाज बदलता है और जब समाज बदलता है, तब विश्व में शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। शिव और शक्ति का मिलन भी आधुनिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह पुरुष और प्रकृति, चेतना और ऊर्ज़ा, विचार और क्रिया का समन्वय है। आज परिवारों में विघटन, संबंधों में दूरी और जीवन में असंतुलन इसलिए है क्योंकि यह समरसता टूट रही है। शिवरात्रि हमें स्मरण कराती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है। व्रत और उपवास का आध्यात्मिक महत्व भी आज समझने योग्य है। उपवास केवल भोजन त्याग नहीं, बल्कि इंद्रियों का संयम है। यह आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। जब व्यक्ति एक दिन के लिए भी भोगों से दूर रहता है, तो उसे अपनी आवश्यकताओं का पुनर्मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है। उपभोक्तावादी संस्कृति में यह अत्यंत आवश्यक साधना है। शिव भक्ति का सिद्ध प्रभाव उन असंख्य भक्तों के अनुभवों में दिखाई देता है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी आस्था नहीं छोड़ी। सच्चे मन से की गई प्रार्थना व्यक्ति को आंतरिक शक्ति देती है। यह शक्ति उसे संकटों से जूझने का साहस देती है। चमत्कार बाहर नहीं, भीतर घटित होता है-जब निराशा आशा में बदलती है, भय विश्वास में और अशांति शांति में। आज आवश्यकता है कि शिव को केवल मंदिरों तक सीमित न रखा जाए। वे काठ, पत्थर या मूर्ति में नहीं, बल्कि भाव में निवास करते हैं। जब हम सत्य बोलते हैं, करुणा का व्यवहार करते हैं, प्रकृति की रक्षा करते हैं, तब हम शिव की आराधना करते हैं। पर्यावरण संरक्षण भी शिव भक्ति है, क्योंकि वे कैलाशवासी योगी हैं, प्रकृति के संरक्षक हैं। जल, वायु, अग्नि और पृथ्वी के संतुलन की रक्षा करना ही शिव के प्रति सच्ची श्रद्धा है। महाशिवरात्रि 2026 हमें यह संकल्प लेने का अवसर देती है कि हम अपने भीतर के विष को पहचानें और उसे शिवचेतना में रूपांतरित करें। हम अपने जीवन में संयम, संतुलन और साधना को स्थान दें। हम क्रोध के स्थान पर क्षमा, अहंकार के स्थान पर विनम्रता और अशांति के स्थान पर ध्यान को अपनाएं। शिवत्व की प्राप्ति कोई दूर की वस्तु नहीं। यह हमारे भीतर ही सुप्त है। आवश्यकता केवल जागरण की है। जब मनुष्य स्वयं को जीत लेता है, तभी वह सच्चे अर्थों में विजयी होता है। यही आत्मयुद्ध है, यही शिव की साधना है। इस महाशिवरात्रि पर हम सब मिलकर यह प्रार्थना करें-

हे नीलकंठ! हमारे भीतर के विष को शांत करो।
हे महाकाल! हमें समय का सदुपयोग सिखाओ।
हे शंकर! हमारे जीवन में कल्याण का संचार करो।

जब यह प्रार्थना सच्चे मन से होगी, तब निश्चित ही उसका प्रतिफल मिलेगा। क्योंकि शिव भाव के भूखे हैं। जहाँ निष्कपट श्रद्धा है, वहाँ शिव की कृपा अवश्य बरसती है। आधुनिक युग की जटिलताओं के बीच शिव भक्ति ही वह सेतु है, जो मनुष्य को स्वयं से, समाज को शांति से और विश्व को अमन से जोड़ सकती है। यही महाशिवरात्रि का सच्चा संदेश है-अंधकार से प्रकाश की ओर, अशांति से शांति की ओर, मृत्यु से अमृतत्व की ओर। **–ललित गर्ग**

**शिव का स्वरूप द्वंद्वों से परे है। वे संहारक भी हैं और सृजनकर्ता भी। यह संदेश आज के समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो जड़, जर्जर और अनैतिक है, उसका विनाश आवश्यक है ताकि नवजीवन अंकुरित हो सके। जब हम अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और मोह का संहार करते हैं, तभी सच्चा निर्माण संभव होता है। यही शिव का वास्तविक चमत्कार है भीतर के विष का रूपांतरण। समुद्र-मंथन की कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि मानवीय जीवन का प्रतीक है। जब संसार अमृत की खोज में लगा, तब सबसे पहले विष निकला। आज भी जब मानव प्रगति की दौड़ में है, तो साथ में प्रदूषण, हिंसा और असंतुलन का विष भी उत्पन्न हो रहा है। उस विष को कौन पियेगा? शिव का नीलकंठ रूप हमें सिखाता है कि समाज के संकट को दूर करने के लिए त्याग और सहनशीलता आवश्यक है। जब हम अपने स्तर पर कटुता को निगल लेते हैं और उसे बाहर नहीं फैलाते, तभी समाज में शांति बनी रहती है। इसी प्रकार गंगा के अवतरण की कथा बताती है कि अनियंत्रित शक्ति विनाशकारी हो सकती है। शिव ने उसे अपनी जटाओं में धारण कर संतुलित प्रवाह दिया। आज के संदर्भ में यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। तकनीक, धन, सत्ता-ये सभी शक्तियाँ हैं। यदि वे अनियंत्रित हों तो विध्वंसक बनती हैं, और यदि शिव-संयम में हों तो कल्याणकारी। अतः शिव भक्ति का अर्थ है-शक्ति का संतुलन। आधुनिक मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या है-तनाव। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएं और असुरक्षा ने उसे अशांत बना दिया है। शिवरात्रि की रात्रि जागरण की रात्रि है, लेकिन यह बाह्य जागरण से अधिक आंतरिक जागरण है। जब साधक ऊँ नमः शिवाय का जप करता है, तो वह अपने भीतर के कंपन को संतुलित करता है। यह पंचाक्षरी मंत्र मन, प्राण और चेतना को एकाग्र करता है। वैज्ञानिक शोध भी बताते हैं कि नियमित ध्यान और मंत्रजाप से तनाव कम होता है, रक्तचाप संतुलित होता है और मानसिक स्थिरता बढ़ती है। यह शिव साधना का प्रत्यक्ष प्रभाव है। शिव पुराण में वर्णित है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ बेला में ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव हुआ। यह ज्योति केवल पत्थर की आकृति नहीं, बल्कि अनंत प्रकाश का प्रतीक है। शिवलिंग का अर्थ है-चिह्न, जो निराकार ब्रह्म का संकेत देता है। आधुनिक मनुष्य के लिए यह बोध आवश्यक है कि ईश्वर किसी सीमित रूप में बंधा नहीं है। वह ऊर्ज़ा है, चेतना है, जो प्रत्येक कण में विद्यमान है।**

# बांग्लादेश में नई सरकार, भारत को क्या दरकार

**डॉ. प्रभात ओझा**

बांग्लादेश में चुनाव नतीजों से साफ हो गया कि वहां बीएनपी की सरकार होगी और तारिक रहमान देश के नये प्रधानमंत्री होंगे। किसी भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह सहज ही है कि आंतरिक और बाह्य राजनीतिक ताकतें चुनाव परिणाम को सकारात्मक ढंग से लें। बांग्लादेश के लिए भी यह परंपरा मान्य होनी चाहिए, हालांकि इसको लेकर कुछ संशय चुनाव के साथ ही शुरू हो चुके हैं। इसे समझने के लिए दो बिंदुओं पर विचार करना होगा। पहला यह कि चुनाव प्रक्रिया पर देश के अंदर से ही सवाल उठाये गये हैं। दूसरा बिंदु पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत में आश्रय लेना है। यह स्थिति सामान्य नहीं कही जा सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी बांग्लादेश में बैन कर दी गई। फिर जिन्होंने चुनाव में हिस्सा लिया, वे ही निर्वाचन प्रक्रिया से ही संतुष्ट नहीं हैं। भारत के लिए तो यह निर्वाचन इसलिए मायने रखता है कि प्रधानमंत्री के रूप में जो नेता उसके अनुकूल रहीं, उन्हें बांग्लादेश से निर्वासित होकर आना पड़ा। बात इतनी ही होती तो चिंता न होती। उन्हें शरण देने के पहले से ही बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल रहा है। फिलहाल तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत पर पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान को बधाई दी। उन्होंने इसे रहमान के नेतृत्व पर बांग्लादेश की जनता का भरोसा बताया। मोदी ने खुद भरोसा दिया कि भारत एक लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के समर्थन में खड़ा रहेगा। उन्होंने दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने और साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए तारिक रहमान के साथ काम करने के लिए उत्सुकता जताई। स्वाभाविक कि एक बड़े लोकतांत्रिक देश और पड़ोसी होने के नाते भारत यह रुख अपनाये। इसके विपरीत हाल के घटनाक्रम आगे की राह आसान नहीं होने के ही संकेत देते हैं। भारत के राजनयिक पड़ोस में हो रहे चुनाव के दौरान जमात-ए-इस्लामी के प्रदर्शन पर नजर रखे हुए थे। भारत का मानना रहा है कि बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रभाव में रहती है। जमात इस चुनाव में अपने को सत्ता हासिल करने के करीब मानकर चल रहा था। उसने 11 दलों के साथ गठबंधन बनाया था। स्वाभाविक है कि ये छोटे दल हैं और पूरी तरह से जमात की ही पकड़ में रहे हैं। जमात ने चुनाव प्रचार के दौरान अपने भारत विरोधी रुख को छिपाया भी नहीं। अब हार के बाद उसकी हताशा चुनाव प्रक्रिया पर सवाल के रूप में सामने आई है। यहीं नहीं, साल 2024 में शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन करने वाली नेशनल सिटीजन्स पार्टी ने भी चुनाव नतीजों में हेरफ़ेर के आरोप लगाये हैं। सच है कि बांग्लादेश में अति कट्टरपंथियों की हार खुद अपने लोगों और भारत के अनुकूल है। जिस तरह के हालात से बांग्लादेश गुजरा है, नई सरकार को स्थिति सामान्य करने में समय लगेगा। शेख हसीना के देश से बाहर आ जाने के बाद अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बना माहौल भारत के खिलाफ ही रहा। हालात यह हो चले थे कि हिन्दू नागरिकों की लींचिंग के दौरान हत्या तक हुई। यह वही क्षेत्र है, पूर्वी पाकिस्तान के रूप में जहां लोकतांत्रिक आंदोलन को भारत ने न सिर्फ समर्थन दिया बल्कि बांग्लादेश के उदय में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश के नायक शेख मुजीब की हत्या के बाद से भारत को अपने इस पड़ोसी के साथ रिश्तों को लेकर सजग रहना पड़ा है। सुरक्षा सहयोग, विदेश नीति और आर्थिक साझेदारी के बूते भारत ने इसे सम्भाले रखा। यह भी देखना होगा कि जिस पाकिस्तान से निकल कर बांग्लादेश अस्तित्व में आया, शेख हसीना के दौर में वहां पाकिस्तान की दाल नहीं गली। पाकिस्तान अब बांग्लादेश में भारत विरोधी रुख बने रहने की उम्मीद ही नहीं, कोशिश भी करेगा। शेख हसीना के हटने के बाद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में उसे अपने मकसद में कामयाबी मिलती दिखी। यूनुस पाकिस्तान के साथ रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में तेजी से चल रहे थे। देखना होगा कि अब जबकि बीएनपी सत्ता में होगी, चीन के साथ ही पाकिस्तान के साथ वह अपने रिश्ते कैसा रखती है। भारत ने तो शेख हसीना को शरण देने के साथ बीएनपी से भी रिश्ते सुधारने की कोशिश की है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बीमार होने पर चिंता जताना और उनके निधन के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर का उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने को खास माना जा सकता है। खुद खालिदा जिया के शासनकाल में भारत का उनके देश के साथ रिश्ते को बहुत अच्छा नहीं, तो खराब भी नहीं कह सकते।

## सेहत मंत्र

# गठिया का दर्द और सूजन को जड़ खत्म करता है कलौंजी का तेल

कलौंजी का तेल, इसे ब्लैक सीड ऑयल भी कहा जाता है। यह औषधीय गुणों से समृद्ध होते हैं। कलौंजी के तेल के प्रमुख घटकों में से एक थाइमोक्विनोन है, जो एंटीऑक्सिडेंट गुणों के साथ एक यौगिक है। ये शरीर के अंदर और त्वचा पर सूजन को दूर करने में मदद कर सकते हैं। कलौंजी के तेल में गठिया, उच्च रक्तचाप और अस्थमा सहित कई बीमारियों की रोकथाम करता है। अगर इसका नियमित प्रयोग किया जाए तो कई बीमारियों को जड़ से खत्म किया जा सकता है। मार्केट में कलौंजी के तेल के कैप्सूल भी आते हैं, जिसे चिकित्सक रोगों को समझकर मरीजों को सेवन करने की सलाह देते हैं। **अर्थराइटिस–** कलौंजी के तेल को छोटे चम्मच से 1–1 चम्मच लेने से हर प्रकार की अर्थराइटिस ठीक हो जाती है। जोड़ों का दर्द, सूजन और पैरों के दर्द को दूर करने के लिए आप कलौंजी का तेल नियमित रूप से ले सकते हैं। इसे पीने से पहले एक बार किसी आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह जरूर लें। अस्थमा की शिकायत होने पर छाती और पीठ पर कलौंजी के तेल की मालिश करें या पानी में तेल डालकर उस पानी से स्टीम लें। इसके अलावा कलौंजी का तेल सिरदर्द के उपचार में भी मदद करता है। सिरदर्द को कम करने के लिए माथे पर कलौंजी तेल का मसाज करना चाहिए। सिरदर्द को कम करने के लिए कलौंजी के तेल की (आधा चम्मच) दिन में दो बार पीना लाभकारी होगा। नियमित रूप से कलौंजी का तेल लेने से माइग्रेन का इलाज के इलाज में भी मदद मिलती है। **उच्च रक्तचाप–** कलौंजी या ब्लैक सीड के अर्क को दो महीने तक लेने से उन लोगों में उच्च रक्तचाप को कम करने के लिए दिखाया गया है, जिनका रक्तचाप हल्का बढ़ा हुआ है। उनके लिए यह अच?छी औषधि है। **डायबिटीज–** डायबिटीज के रोगियों को एक कप कलौंजी के बीज, एक कप राई, आधा कप अनार के छिलके को पीस कर चूर्ण बना लेना चाहिए। आधे चम्मच कलौंजी के तेल के साथ इस चूर्ण को रोजाना ब्रेकअप से पहले लेना चाहिए। इस उपाय को लगातार एक महीने तक करने से आपको फर्क महसूस होने लगेगा।

## धर्म मंत्र

# मंत्र जाप में उपयोग होने वाली हर माला का होता है विशेष महत्व

यूं तो प्रार्थना करने के सभी के भिन्न भिन्न तरीके होते हैं, लेकिन मंत्र जाप करना काफी प्रभावशाली माना जाता है, क्योंकि ये मन को बहुत जल्द एकाग्र कर देते हैं। अलग–अलग मंत्र जाप से अलग–अलग फायदे होते हैं। इसलिए मंत्र जाप करने के लिए भी अलग–अलग मालाओं का प्रयोग करना चाहिए। आज हम आपको बताते हैं कि किस माला का क्या महत्व होता है। **रुद्राक्ष–** इस माला से किसी भी मंत्र का जाप आसानी से किया जा सकता है। ऐसी मान्यता है भगवान शिव को रुद्राक्ष बेहद प्रिय है। इसलिए महामृत्युंजय मन्त्र का जाप रुद्राक्ष की माला से ही करना चाहिए। वैसे इससे किसी भी देवी देवता के मंत्र का जाप किया जा सकता है। **हल्दी–** मन की इच्छा को पूरा करने के लिए हल्दी माला का प्रयोग किया जाता है। गुरुदेव बृहस्पति और मां बगलामुखी के मंत्र का जाप इसी माला से होता है। हल्दी माला से विद्या प्राप्ति, संतान प्राप्ति और ज्ञान प्राप्ति के लिए मंत्र जाप किया जाता है। **स्फटिक–** स्फटिक माला का प्रयोग धन प्राप्ति और मन की एकाग्रता के लिए किया जाता है। मां लक्ष्मी के मंत्र जाप इसी माला के द्वारा करें। उच्च रक्तचाप में इस माला को पहन सकते हैं। **चंदन–** चंदन की माला दो प्रकार की होती है, एक सफ़ेद चंदन और दूसरा लाल चंदन। मां दुर्गा के मंत्र का जाप लाल चंदन और कृष्ण के मंत्र का जाप सफ़ेद चंदन से किया जाता है। **तुलसी–** तुलसी की माला से देवी और भगवान शिव के मंत्र का जाप नहीं किया जाता। तुलसी की माला धारण करने पर हमेशा वैष्णव रहना चाहिए। तुलसी की माला द्वारा भगवान विष्णु के मंत्र का जाप किया जाता है, इसलिए यह माला बहुत महत्वपूर्ण है।

पर्यटन



# उत्तराखंड के टूरिस्ट प्लेस पर लें स्विट्जरलैंड जैसा मजा

अगर आप भी स्विट्जरलैंड घूमने का शौक रखते हैं तो इसके लिए आप वहां जाने की कोई जरूरत नहीं। आप उत्तराखंड में भी स्विट्जरलैंड जैसा मजा ले सकते हैं। उत्तराखंड भारत के बेहतरीन हिल स्टेशन में से एक हैं, जहां आप मनोरम वादियों, हिमालय, झील–झरने का मजा ले सकते हैं। यहां की सरकार भी इसे बेहतरीन टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। अगर आप भी वीकेंड में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो उत्तराखंड आपके लिए बेस्ट रहेगा। **औली–** औली को भारत का मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है। यहां घूमने के लिए देशी–विदेशी टूरिस्ट की भीड़ लगी रहती है। सर्दियों में ही नहीं बल्कि इसकी सुंदरता को निहारने पर्यटकों की हर महीने यहां आते रहते हैं। बर्फ की सफ़ेद चादर ओढ़े पहाड़ों पर सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त का नजारा, यहां देखने लायक रहता है। **देवप्रयाग–** देवभूमि उत्तराखंड के पंच प्रयागों में से एक देवप्रयाग भी बेस्ट टूरिस्ट प्लेस में से एक है। ऐसा माना जाता है कि जब राजा भागीरथ ने गंगा को पृथ्वी पर उतरने के लिए मनाया तो उनके साथ ही 33 करोड़ देवी– देवता भी गंगा के साथ स्वर्ग से देवप्रयाग में उतरे थे। धार्मिक स्थल घूमने के साथ–साथ आप यहां के अद्भुत नजारों का मजा भी ले सकते हैं। **तपोवन–** तपोवन का खूबसूरत नजारा भी आपका मन मोह लेगा और आपका यहां से वापिस आने का भी मन नहीं होगा। ज्यादातर लोग यहां कैंपिग के लिए आते हैं। इसके अलावा यहां नंदनवन से शिवलिंग, भागीरथी, केदार डोम, थलय सागर और सुदर्शन जैसे चोटियां हैं, जहां आप ट्रैकिंग का मजा ले सकते हैं। **फूलों की घाटी–** 87.50 कि.मी. वर्ग क्षेत्र तक फैली इस खूबसूरत फूलों की घाटी को देखकर तो हर कोई हैरान रह जाता है। इसे यूनेस्को ने 1982 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया था। आप यहां 500 से अधिक प्रजातियों के खूबसूरत फूल देख सकते हैं। **मुक्तेश्वर–** दिसंबर के महीने में यहां पहली बर्फबारी होती है, जो फरवरी मार्च तक रहती है। इस बर्फबारी की लुफ्त उठाने के लिए पर्यटक यहां भारी मात्रा में आते हैं।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का भव्य आयोजन, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

### समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों को उपस्कर वितरण, जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

### हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम :बच्चों ने दी प्रस्तुतियां,





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़ बाराबंकी। विकासखंड हैदरगढ़ में ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों का उपस्कर एवं उपकरण वितरण शिविर व 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसमें ब्लॉक के विभिन्न परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने विभिन्नमनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा, खंड शिक्षाधिकारी आराधना अवस्थी, एसआरजी सहित समस्त एआरपी व अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया एवं बच्चों की स्काउट गाइड टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया।

ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद सरस्वती वंदना, स्वागत गीत पूर्व माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर की छात्राओं ने किया एवं पूर्व मध्य विद्यालय रामपुर बारा हुआ पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि आरती रावत ने भाजपा सरकार द्वारा दी जारी सुविधाओं की जानकारी दी एवं बच्चों को सरकारी स्कूल में जरूर भेजना कि अपील करी और बताया कि भाजपा सरकार द्वारा बच्चों के जन्म से लेकर के शिक्षा ग्रहण तक की सारी सुविधाएं स्कूलों में दी जाती है।

ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में उत्साह होता है और दिव्यांग बच्चों उपकरण प्रकार के समाज की मुख्य धारा में जुड़ सकते हैं।

अध्यक्ष आलोक तिवारी ने उपस्कर वितरण शिविर को भाजपा सरकार का एक अच्छी पहल बताया और कहा कि बच्चों को चुन्नट करके उनको प्रोत्साहित करने का काम भाजपा सरकार कर रही है साथ ही साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारी शिक्षा की उत्तरोत्तर प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी ने इस अवसर पर विभागीय प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी देख करके मुख्य अतिथियों का धन्यवाद किया और शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोतर प्रगति करने की बात कही ।

कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें उपहार दिए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

अतिथियों द्वारा टीएलएम प्रदर्शनी,दिव्यांग बच्चों के लिए दी जाने वाले सुविधाओं किट आदि का अवलोकन किया एवं शिक्षा विभाग की सराहना करी। समस्त एआरपी इंटीनेटर टीचर आंगनबाड़ी कार्यकत्री आंगनवाड़ी सुपरवाइजर,शिक्षिकाये मौजूद रहे और करीब 150 दिव्यांग बच्चों उपस्कर एवं उपकरण प्राप्त किया।

## दुग्ध व्यवसायी की पुत्री , आईएएस में उत्कृष्ट प्रदर्शन



फतेहपुर बाराबंकी दुग्ध व्यवसायी की पुत्री कुमारी अंशिका वर्मा ने वर्ष 2025 की ऋष्ट्ट मुख्य लिखित परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करके पूरे क्षेत्र गांव साढ़ेमऊ और परिवार का नाम रोशन किया। विधायक साकेन्द्र वर्मा ने अंशिका वर्मा की मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और परिश्रम सच्चा, तो सफलता निश्चित रूप से कदम चूमतीहै।

इस मौके पर ग्राम प्रधान राजवीर सिंह वर्मा,जिलापचायत सदस्य हंसराज वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष, रामचंद्र वर्मा कमलेश कुमार, आदि के अलावा तमाम ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे

## जातिवाद प्रपंच का विरोध सर्वसमाज से अपील कर गए ब्रजभूषण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह दुल्हादेपुर स्थित श्री राम जानकी मंदिर बजरंग व्यायाम शाला परिसर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में जातिवाद व बाजार में बढ़ती मिलावटखोरी पर गहरी चिंता जताई। और आमजन से भेदभाव भूलकर एक जुटता का आवाहन किया।

उन्होंने देश भर में चल रहे जातिवादी राजनीतिक संग्राम पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोग जातियों में बंटते जा रहे हैं। पहले केवल कर्म के आधार पर चार वर्ग थे लेकिन अब जातियों के अंदर भी उप-जातियां बन रही हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करना है।बृजभूषण सिंह ने शुद्ध दूध की दही उपलब्धता के लिए सभी से एक गाय पालने का आग्रह किया। बाजार में बढ़ती मिलावटखोरी पर चिंता जताते हुए कहा कि हर चीज में मिलावट है और जहर बेचा जा रहा है। अपने

पहलवान गुरु बाबा हरिशंकर दास की पुण्यतिथि पर सगे भाई समान बाबा बलराम दास द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की।उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम एकता को बढ़ावा देता है और गरीबों को आपस में जोड़ता है। कार्यक्रम के छठे दिन वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह और वस्त्र वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों महिलाओं को साड़ियां और पुरुषों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। 'हेली पैड पर चाहने वालों की भीड़'' पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह शनिवार को दोपहर करीब 12:30 बजे हेलीकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। समर्थकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत मनीराम दास,राहुल चौहान, रवि सिंह, प्रहलाद कुमार विमल और कुलदीप सिंह सौरभ दास अमन दास, श्रवण दास सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## शिव की भक्ति, आत्म-शुद्धि, साध्वी ने कराया वैचारिक ज्योर्तिलंग यात्रा




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। नगर की आवास विकास कॉलोनी स्थित शिवयोग पीठम न्यास के तत्वावधान में आयोजित महाशिवपुराण कथा तारतम्य में आज शनिवार को कथा वक्ता परमपूज्य साध्वी श्रद्धा चैतन्य ने भक्त श्रोताओं को मंगल मूर्ति भगवान गणेश व कार्तिकेय जी महाराज के जन्म की कथा के संग बारह ज्योतिर्लिंग के वैचारिक दर्शन भी कराया। साध्वी ने मन के विकारों को मिटाने वाली दिव्य कथा का पान कराया। अवंतिकापुरी के महत्ता की चर्चा में बताया यह भगवान शिव भगवान विष्णु और अन्य देवताओं का महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है।जब भी समय मिले तो एक बार दर्शन अवश्य करें। भगवान शिव सर्वशक्तिमान है।

बताया कि भगवान भोलेनाथ हाथों की रेखाओं से अतिरिक्त अपने भक्तों का भाग्य रच देते हैं। भाविउ मेटि सकहिं त्रिपुरारी। भगवान भोलेनाथ प्रबल प्रेम के पाले पड़ कर भक्त का मान बदल देते हैं। भगवान शिव के 12 प्रमुख ज्योतिर्लिंगों की पूजा और दर्शन से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। भगवान सोमनाथ की चर्चा में बताया कि चंद्रमा देवता द्वारा पहला ज्योतिर्लिंग गुजरात में विद्यमान हैं।आंध्र प्रदेश में भगवान शिव और पार्वती का निवास स्थान

''मल्लिकार्जुन'' है। समय के देवता भगवान *महाकालेश्वर*की महत्ता का वर्णन करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश उज्जैन में विराजमान हैं। वही मध्य प्रदेश में पावन नर्मदा नदी के मध्य भगवान शिव का चौथा ज्योतिर्लिंग,''ओम्कारेश्वर व''केदारनाथ* भगवान शिव का पांचवां ज्योतिर्लिंग, जो कि हिमालय में स्थित है। छठा महत्वपूर्ण ज्योतिर्लिंग काशी वाराणसी में ''विश्वनाथ'' रुप में विराजमान हैं। पूछ साध्वी ने बताया काशी भगवान शिव के त्रिशूल पर स्थापित है। काशी में मृत्यु प्राप्त करने वाला मच्छर भी स्वर्ग का भागी हो जाता है। *विश्वेश्वर* बैजनाथ हिमाचल प्रदेश में विराजमान भगवान शिव का सातवां ज्योतिर्लिंग है। आठवां ज्योतिर्लिंग,*त्र्यंबकेश्वर*महाराष्ट्र के नासिक में गोदावरी नदी के उद्गम स्थल पर विराजमान है। माता पार्वती द्वारा झारखंड देवघर में स्थापित नौवें ज्योतिर्लिंग बैद्यौं के वैद्य भगवान ''वैद्यनाथ'' का दर्शन बहुत फलदाई बताते हुए उन्होंने श्रोताओं से जीवन में एक बार दर्शन अवश्य का अनुरोध किया।*नागेश्वर* (गुजरात): भगवान शिव का दसवां ज्योतिर्लिंग, जो द्वारका में स्थित है।तमिलनाडु राज्य के रामनाथपुरम में भगवान श्री राम द्वारा स्थापित *रामेश्वरम* भगवान शिव का ग्यारहवां ज्योतिर्लिंग है। लिंग थाप विधिवत पूजा कर प्रभु राम समुद्र पार गए लंका के राजा रावण को मुक्ति प्रदान की।

महाराष्ट्र के औरंगाबाद में भगवान शिव का बारहवां ज्योतिर्लिंग

ग्रिश्नेश्वर है जो घृष्णेश्वर मंदिर के रूप में भी बहुप्रसिद्ध है। कथा वक्ता पूज्य साध्वी चेतन्य ने कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों जिसमें भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं को भगवान शिव के प्रति भक्ति और आत्म-शुद्धि के लिए ज्योतिर्लिंगों की वैचारिक यात्रा कराकर धन्य धन्य किया। उमापति महादेव हर हर महादेव की जय जय कार से सम्पूर्ण अंचल गुंजायमान हुआ।

## राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित हुई राइटिंग प्रतियोगिता



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी । जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नॉलजी जहांगीराबाद फोर्ट बाराबंकी के ब्लू इंक लिटरेरी क्लब द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में राइटिंग कम्पटीशन का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक मेजर जनरल विकास सैनी द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाओं ने प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक हर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए ब्रिटिश शासनकाल के सामाजिक सुधार आंदोलनों, भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, शैक्षिक एवं सामाजिक विकास के अंतर्गत लैंगिक समानता, बालिका शिक्षा और मानवाधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली लेख प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ब्लू इंक लिटरेरी क्लब के हेड एवं संचालनकर्ता डॉ सय्यद काज़िम मेहँदी ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## स्वच्छता हमारी नैतिक जिम्मेदारी, बिना जनसहयोग के अधूरा रहेगा स्वच्छ भारत मिशन : संध्या मिश्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जनभागीदारी सबसे अहम है। स्वच्छता केवल सरकारी तंत्र की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। जब तक आमजन इसमें सक्रिय भूमिका नहीं निभाएगा, तब तक स्वच्छ भारत मिशन का सपना पूर्ण नहीं हो सकता। यह बात नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने नगरवासियों से स्वच्छता के प्रति अपील करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी दिनचर्या और संस्कार का हिस्सा होनी चाहिए। घर, गली, मोहल्ला और सार्वजनिक स्थान–सभी को स्वच्छ रखना हम सबका साझा दायित्व है। कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालना, प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट का सही निस्तारण करना और गंदगी फैलाने से बचना हर नागरिक का कर्तव्य है।

बताते चलें कि अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा नगर पंचायत फतेहपुर में चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र में सक्रिय रूप से भ्रमण कर रही थीं। इसी क्रम में उन्होंने नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों तथा बाजार क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान ईओ संध्या मिश्रा ने नगरवासियों से सीधे संवाद करते हुए स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि नागरिक स्वयं जागरूक हों और प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें, तो नगर को स्वच्छ और रोगमुक्त बनाना कोई कठिन कार्य नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वच्छता के प्रति लापरवाही न केवल नगर की छवि खराब करती है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं को भी जन्म देती है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन तभी सफल होगा जब जनता इसे अपना अभियान मानेगी। प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, लेकिन जनता की सहभागिता

### महादेवा कांवरियों से गुलजार, मेला पर भारी भ्रष्टाचार

रामनगर बाराबंकी। भूतभावन भगवान श्रीलोधेश्वर महादेवजी के धाम महादेवा में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।शिवभक्त गंगाजल लेकर बम बम भोले के जयघोष के साथ मंदिर की ओर बढ़ रहे हैं।मेला क्षेत्र पूरी तरह श्रद्धालुओं से भरा हुआ है जहां हवन पूजन अभिषेक और भजन कीर्तन का माहौल बना हुआ है।कानपुर के बिठूर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं।बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।गर्भगृह से लेकर पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात है तथा बाराबंकी बहराइच हाईवे पर लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।मेले की निगरानी के लिए 75 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं।सुरक्षा व्यवस्था में एएसपी 7 सीओ 33 निरीक्षक 58 एसआई सहित लगभग 1200 पुलिसकर्मी पीएसी और फायर ब्रिगेड कर्मी तैनात हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 10 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।बड़े वाहनों को पुराने बहराइच हाईवे पर तथा छोटे वाहनों को महादेव ऑडिटोरियम के पास रोका जा रहा है।मोटरसाइकिलों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है और करीब 65 बैरियर लगाए गए हैं।मेले में सजी दुकानों पर प्रसाद और भगवा वस्त्रों की खरीदारी भी बढ़ी है जिससे व्यापारियों में उत्साह है। श्री लोधेश्वर महादेवा का फाल्गुनी मेला अपनी चरम पर है। सहालग के चलते यह मेला इस बार कुछ हल्का रहा। जिसके चलते यहां पर सभी दुकानदार परेशान है। टिकुली, सिंदूर, लाई, दाना, चाट, भोजन वाले होटल, गन्ने के रस, पानी बतासा सहित अनेक खाने की सामग्री वाले दुकानदार परेशान हैं।बहराइच, सीतापुर, गोंडा, कानपुर के दुकानदारों ने बताया कि यहां पर इस बार लेखपाल द्वारा मनमाने ढंग से वसूली की गई ।

महंत बाबा रामनाथ और उनकी शिष्या माया सिंह सेंगर साधु संतों की सेवा में लगी हुई थी। सुबह से लेकर पूरी रात तक भक्तों का आना जारी रहा।

### मंडल आयुक्त आगमन, पुख्ता इंतजाम

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। अयोध्या मंडल के आयुक्त राजेश कुमार के 17 फरवरी को संभावित आगमन से पहले सिरौलीगौसपुर तहसील और विकास खंड में तैयारियां तेज हो गई हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने तहसील व जिला विकास अधिकारी ने ब्लाक के विभिन्न कार्यालयों और परिसरों का निरीक्षण किया।इस अवसर पर नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय, नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा,मोहम्मद फैसल, घनश्याम सिंह, अमित राज सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकली भव्य बारात शोभा यात्रा

निंदूरा बाराबंकी।बड्डूपुर क्षेत्र में स्थित भगवान चतुर्भुज मूर्त स्वामी आश्रम धाम से भगवान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिव्य एवं भव्य अवसर पर भव्य बारात एवं शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई। धार्मिक आस्था और परंपरा के प्रतीक इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

शोभायात्रा का शुभारंभ आश्रम परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद भगवान नर्मदेश्वर महादेव की झांकी रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकली। यात्रा मूर्त स्वामी आश्रम धाम से प्रारंभ होकर तिगैया, बड्डूपुर, चंदौली, डफरपुर, बसंतपुर एवं शाहपुर होते हुए पवित्र भगौली तीर्थ पहुंची जहां भक्तों द्वारा सामूहिक आरती व विशेष पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात शोभायात्रा पुनः आश्रम परिसर पहुंची। लगभग 12 किलोमीटर लंबे मार्ग में गांव-गांव श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं एवं आरती के साथ भगवान का स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान नर्मदेश्वर महादेव, भगवान गणेश, मां लक्ष्मी एवं भगवान कार्तिकेय सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां देखते बनी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा भी सहभागी बने और भगवान की आरती कर और क्षेत्रवासियों के कल्याण की कामना की। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। महंत 1008 सच्चिदानंद मुंडा (गोपाल आश्रम), विपिन सिंह राठौर, डॉ. रामकुमार गिरि, राम सेवक वर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, संजय सिंह, विजय सिंह, संतोष सिंह, मुकेश सिंह, डीएम सिंह, शैलेंद्र सिंह, अमित सिंह, शिवराज सिंह, विशाल सिंह, शिवशंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सिरौली के युवक की इटावा में मौत, कोहराम

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। मधवापुर गांव के एक युवक की इटावा में ट्रेन से गिरकर मौत हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार और पूरे गांव में शोक की लहर है। युवक सोनीपत स्थित एक निजी अस्पताल में डियूटी पर घर से वापस जा रहा था। इस घटना से परिवार में गहरा शोक है। मृतक की पहचान करीब 21 वर्षीय गुलशन वर्मा पुत्र शमशेर के रूप में हुई है।यह हादसा शुक्रवार को हुआ, जब गुलशन बाराबंकी से सोनीपत के लिए ट्रेन से यात्रा कर रहा था। बीती रात करीब 12 बजे परिवार को घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही गांव के प्रधान प्रेम चन्द्र वर्मा और गोपी चन्द्र वर्मा ने परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद प्रधान पुत्र आलोक वर्मा, मृतक के चाचा और गांव के कुछ अन्य लोग रात में ही इटावा के लिए रवाना हो गए। गुलशन अपने परिवार में दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था।जिस पर पूरे परिवार का भरण-पोषण निर्भर था।उसका छोटा भाई घर पर रहता है, जबकि माता-पिता मजदूरी और खेती का काम करते हैं। प्रधान गोपीचंद वर्मा ने बताया कि गुलशन वर्मा बहुत ही सीधा-सादा युवक था और उसने हाल ही में काम करना शुरू किया था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक सवार की मौत

निंदूरा बाराबंकी। घुंघटेर के बजगहनी निवासी शंकर 49 वर्ष कु बाइक में अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। सीएचसी घुंघटेर में देर रात इलाज के दौरान शंकर की मौत हुई। थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### जैविक कृषि मेला व प्रदर्शनी में किसानों ने सीखे जैविक खेती के गुण

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में शनिवार को कृषि विभाग की सर्विस प्रोवाइडर ग्रीनरी एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में नमामि गंगे योजना अंतर्गत जैविक कृषि मेला व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। हथगाम विकास खंड के अब्दुल्लापुर बाकर में आयोजित मेले में तीन सौ ज्यादा किसानों ने कृषि वैज्ञानिकों व मास्टर ट्रेनरों द्वारा बताए गए जैविक खेती व प्राकृतिक खेती के फायदे को ध्यानपूर्वक सुना। डॉ.ओ.पी.वर्मा सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक कृषि विभाग भारत सरकार ने कहा जैविक खेती मिट्टी की उर्वरता बनाए रखती है। पर्यावरण को सुरक्षित रखती है और फसल को स्वस्थ बनाती है, इसमें फसल चक्र, मिश्रित फसल और पशुपालन का एकीकृत उपयोग प्रमुख है। डा.शिवमंगल सिंह सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर चंद्रशेखर आज़ाद कृषि विश्वविद्यालय ने नीम की खेती में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक रमाकांत तिवारी ने जीवामृत, बीजामृत के बारे में जानकारी देकर सजीव प्रदर्शन कर किसानों को इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

# भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौशल का नहीं, दबाव को झेलने का

एजेंसी



कोलंबो। क्रिकेट में सियासत के घालमेल के कारण पैदा हुआ गतिरोध 'अस्थायी' तौर पर दूर होने के बाद टी20 विश्व कप के सबसे चर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी आमने सामने होंगे तो भारत के मध्यक्रम के सामने पाकिस्तान के स्पिनरों की चुनौती होगी और मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए अब दोनों टीमें किसी तरह की कोताही बरतना नहीं चाहेगी।

पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार के अपने फैसले पर ''यू टर्न' लेकर प्रेमदासा स्टेडियम पर यह मैच खेलने का फैसला लिया। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद , बांग्लादेश और श्रीलंका क्रिकेट के बीच हफ्तों तक लंबी बातचीत हुई। व्यवहारिक तौर पर पूरा दक्षिण एशिया इस मैच को कराने के प्रयासों में जुटा हुआ था चूंकि प्रसारकों, प्रायोजकों से लेकर दर्शकों तक के लिये यह मैच सबसे अहम रहता है। विवाद की शुरूआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान का कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल करार रद्द करने से हुई। बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार का फैसला ले लिया था। वहीं दोनों टीमों के क्रिकेटरों ने इसे आम मैच बताकर हाइप कम करने की पूरी कोशिश की। लेकिन दोनों टीमों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता और खासकर इस मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए यह तो तय है कि अब कोई इसे हारना नहीं चाहेगा। हारने पर अपने प्रशंसकों का कोपभाजन बनना दोनों में से किसी टीम को मंजूर नहीं होगा और वह भी तब जबकि विश्व कप के अहम मुकाबले अभी आने बाकी हैं। भारत के सामने समस्या अभिषेक शर्मा को लेकर है जो पेट के संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल में रहे और नामीबिया के खिलाफ नहीं खेल सके थे। उनके नहीं खेलने पर या तो संजू सैमसन को ही उतारा जाये या ईशान किशन के साथ पारी की शुरूआत के लिये वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाये जो फिट हो गए हैं। सुंदर प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। पिच को देखते हुए बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी उतारा जा सकता है। ऐसे में रिंकू सिंह को बाहर रहना पड़ सकता है। बाबर आजम के खिलाफ कुलदीप के शानदार रिकॉर्ड और एशिया कप फाइनल में उनके चार विकेट को देखते हुए उन्हें इस मैच में मौका देना अच्छा विकल्प होगा। विश्व कप से पहले भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत लग रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दो मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन चिंता का सबब है। अमेरिका के खिलाफ भारत के छह विकेट 77 रन पर गिर गए थे जबकि नामीबिया के खिलाफ डैथ ओवरों में मेजबान टीम ने चार रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन 200 रन से अधिक का स्कोर और 93 रन से जीत के कारण यह कमजोरियां दब गई।

# नामीबिया को हराकर सुपर आठ की उम्मीदें कायम रखना चाहेगा अमेरिका

एजेंसी



चेन्नई। नीदरलैंड पर मिली जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका टी20 विश्व कप ग्रुप ए के महत्वपूर्ण मुकाबले में नामीबिया को हराकर सुपर आठ में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रखना चाहेगा। अभी तक दोनों मैच जीतकर भारत और पाकिस्तान ग्रुप में शीर्ष दो स्थानों पर है। अमेरिका अगर यह मैच जीतता है तो शीर्ष दोनों टीमों में से एक के हारने पर उसका मौका बन सकता है। पहले दोनों मैच हारने के बाद अमेरिका ने नीदरलैंड को 93 रन से हराया जो टी20 विश्व कप के इतिहास में किसी एसोसिएट टीम का रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। विभिन्न प्रारूपों में पिछले छह मैचों में नीदरलैंड से हारने के बाद अमेरिका की यह पहली जीत थी जिसकी नींव उम्दा बल्लेबाजी और अनुशासित स्पिन गेंदबाजी ने रखी। अंतिम एकादश में शामिल किये गए साइतेजा मुक्कामल्ला ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए बेहतरीन पारी खेली। शुभम रंजने ने बाद में आक्रामक पारी खेलकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया जबकि कप्तान मोनांक पटेल ने भी 36 रन बनाये। मजबूत स्कोर मिलने के बाद अमेरिका के गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। हरमीत सिंह ने स्पिन आक्रमण का मोर्चा संभाला जिनका मोहम्मद मोहसिन और नोस्तुष केंजिगे ने बखूबी साथ दिया। तीनों ने मिलकर दस ओवर में 60 रन देकर सात विकेट चटकाये। नामीबिया के खिलाफ यह स्पिन तिकड़ी अहम होगी चूंकि भारत के खिलाफ वरूण चक्रवर्ती की गेंदों का सामना नामीबियाई बल्लेबाज नहीं कर सके थे। लगातार हार के बाद बाहर होने की कगार पर पहुंची नामीबिया की टीम को बल्लेबाजी में सुधार करना होगा जबकि डैथ ओवरों में अनुशासित गेंदबाजी भी जरूरी है। कप्तान गेरहार्ड इरास्मस और जान फ्रायलिंक पारी के सूत्रधार होंगे जबकि जेजे स्मिट और जान निकोल लोफ्टी इटोन गेंदबाजी का मोर्चा संभालेंगे।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें दिग्गजों को हराने पर

एजेंसी

कोलकाता। पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें रविवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में अपनी लय कायम रखते हुए बंगाल और कर्नाटक जैसे दिग्गजों को हराने पर लगी होंगी।

जम्मू कश्मीर ने इंदौर में मध्यप्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। रणजी ट्रॉफी में 1959 . 60 में पदार्पण करने के बाद से यह उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तेज गेंदबाज आकिब नबी ने 110 रन देकर 12 विकेट चटकाते हुए जीत की नींव रखी। नबी अब तक टूर्नामेंट में 46 विकेट ले चुके हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 22 विकेट लिये हैं। बल्लेबाजी में अब्दुल समद 543 रन बना चुके हैं जबकि अनुभवी कप्तान पारस डोगरा ने 484 रन का योगदान दिया है। अब उनके पास बंगाल की चुनौती है जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में मजबूत टीम है और कल्याणी में अपने मैदान पर खेलने का उसे फायदा भी मिलेगा। सुदीप कुमार घरामी के 299 रन की मदद से बंगाल ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र को एक पारी और 90 रन से हराया। घरामी अभी तक 651 रन बना चुके हैं जबकि सुमंत गुप्ता ने 506 , अभिमन्यु ईश्वरन ने 373 और अनुस्तूप मजूमदार ने 367 रन बनाये हैं। बंगाल के लिये शाहबाज अहमद 39 विकेट ले चुके हैं जबकि मोहम्मद शमी ने 28 और आकाश दीप ने 19 विकेट लिये हैं। दूसरा सेमीफाइनल लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा जिसमें उत्तराखंड का सामना आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक से होगा। उत्तराखंड ने जमशेदपुर में झारखंड को एक पारी और छह रन से हराया जबकि कर्नाटक ने रिकॉर्ड 42 बार की विजेता मुंबई को मात दी। उत्तराखंड के लिये स्पिनर मयंक मिश्रा ने आठ विकेट लिये और टूर्नामेंट में अब तक सर्वाधिक 52 विकेट ले चुके हैं। हरफनमौला जगदीश सुचित ने 25 विकेट लिये और 414 रन बनाये हैं। कप्तान कुणाल चंदेला 709 रन बना चुके हैं। दूसरी ओर कर्नाटक की नजरें नौवें खिताब पर है जिसने 2013 . 14 और 2014 . 15 में लगातार दो खिताब जीतने के बाद से ट्रॉफी अपने नाम नहीं की है। बल्लेबाजी में मयंक अग्रवाल (492) , देवदत्त पडिक्कल (300), स्मरण रविचंद्रन (688) और करूण नायर (631) का अच्छा प्रदर्शन रहा है। केएल राहुल ने क्वार्टर फाइनल में 138 रन बनाये।

# नेपाल को हराकर ग्रुप में शीर्ष पर बने रहने के इरादे से उतरेगा वेस्टइंडीज

एजेंसी



मुंबई। आत्मविश्वास से लबरेज वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप ग्रुप सी के मुकाबले में रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर नेपाल से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय बरकरार रखकर शीर्ष पर अपना स्थान पुख्ता रखने का होगा। वेस्टइंडीज टीम ने अभी तक दोनों मैच जीते हैं और नेट रनरेट (1.625) के आधार पर ग्रुप में शीर्ष पर है। एक और जीत से शीर्ष पर उसका स्थान और पक्का हो जायेगा। इसके बाद वेस्टइंडीज को कोलकाता में इटली से खेलना है और इन दोनों मैचों में जीत से ग्रुप में शीर्ष पर उसका रहना तय हो जायेगा लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। नेपाल की टीम भले ही जीत नहीं सकी हो लेकिन उसने टुकड़ों में प्रतिभा का परिचय दिया है और वह उलटफ़ेर कर सकती है। ऐसे में वेस्टइंडीज को संभलकर खेलना होगा और विरोधी को हलके में लेने की गलती से बचना होगा। नेपाल ने पिछले साल सितंबर में टी20 श्रृंखला में वेस्टइंडीज को 2-1 से हराया था। उसे पिछले मैच में इटली ने मात दी है। टी20 विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज को न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखलाओं में हराया लेकिन टूर्नामेंट में यह टीम बदली हुई नजर आ रही है। सही समय पर इसने लय हासिल कर ली है और पहले मैच में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराने के बाद इंग्लैंड को 30 रन से मात दी। दोनों मैचों में अलग अलग खिलाड़ी मैच जिताने वाले बने हैं और मुख्य कोच डेरेन सैमी यह देखकर जरूर खुश होंगे। तीसरे नंबर पर शिमरोन हेटमायेर और चौथे नंबर पर रोस्टन चेस अच्छा खेल रहे हैं जबकि इंग्लैंड के खिलाफ शेरफ़ेन रदरफोर्ड ने जबर्दस्त बल्लेबाजी की। वानखेड़े स्टेडियम की पिच पर हालांकि उसके तेज गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अब तक चार मैचों में पिच स्पिनरों की मददगार रही है। दूसरी ओर इटली के हाथों दस विकेट से मिली हार को भुलाकर नेपाल को इस अहम मुकाबले में अच्छा खेलना होगा। दो मैच हारने के बाद सुपर आठ में प्रवेश के उसके रास्ते लगभग बंद लग रहे हैं। टी20 विश्व कप में 2014 के बाद से नेपाल को जीत नहीं मिली है। वह इंग्लैंड को हराने के करीब पहुंची थी जिससे उसका मनोबल बढा होगा लेकिन इटली ने उसे उन्नीस साबित कर दिया।

टीमें : वेस्टइंडीजः शाई होप (कप्तान एवं विकेटकीपर), जॉनसन चार्ल्स (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफ़ेन रदरफोर्ड, क्विंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेज़, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्डे , अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती, जेडन सील्स।

नेपालः रोहित पौडेल (कप्तान), आरिफ शेख, आसिफ शेख (विकेटकीपर), दीपेंद्र सिंह ऐरी, बसीर अहमद, कुशल भुर्टेल, संदीप जोरा, लोकेश बाम, गुलसन झा, करण केसी, सोमपाल कामी, संदीप लामिछाने, शेर मल्ला, ललित राजबंशी, नंदन यादव।

## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा को एक्सपोजर की जरूरत है, हमदर्दी की नहीं : कप्तान दिलप्रीत बाजवा

**नयी दिल्ली।** कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का मानना है कि उनके जैसे एसोसिएट देश को क्रिकेट जगत से हमदर्दी की नहीं बल्कि फ्रेंचाइजी लीग और द्विपक्षीय क्रिकेट के जरिये एक्सपोजर की जरूरत है। बाजवा ने कनाडा में फ्रेंचाइजी क्रिकेट के प्रचार को खिलाड़ियों के लिये मनोबल बढाने वाला बताया क्योंकि उसके बिना उन्हें लगातार मैच अभ्यास नहीं मिल रहा था। उन्होंने कहा ,'' मैं युवराज सिंह को धन्यवाद देना चाहता हूं जो कनाडा सुपर 60 लेकर आये। हमें इसी की कमी खल रही थी। ग्लोबल टी20 कनाडा पिछले साल नहीं हुआ था लेकिन युवराज और अभिषेक शाह को धन्यवाद जो उत्तरी अमेरिका में फ्रेंचाइजी क्रिकेट लेकर आये। उन्होंने कहा ,''इससे काफी मदद हुई क्योंकि हमें लगातार क्रिकेट खेलने को नहीं मिलता था। पहली बार हमने इंडोर फ्रेंचाइजी क्रिकेट देखा। अब बर्फ गिरे या बारिश हो, हम क्रिकेट खेल रहे हैं। यह काफी गर्व का पल है कि कनाडा में इंडोर स्टेडियम है। बाजवा ने कहा ,'' भारत में जब आईपीएल शुरू हुआ तो फ्रेंचाइजी और निजी क्षेत्र आगे आया। आज आईपीएल और भारतीय क्रिकेट कितना बड़ा हो गया है। हमारे बोर्ड और कनाडा आ रहे सभी निवेशकों की भी यही योजना है क्योंकि बोर्ड अकेले सब नहीं कर सकता। हमें निजी क्षेत्र की जरूरत है। उन्होंने कहा ,'' क्रिकेट कनाडा अच्छा कर रहा है और निजी क्षेत्र के आने से पैसा भी बन रहा है। हमारे बोर्ड की योजना खिलाड़ियों को व्यस्त रखने की है। हमारे यहां प्रतिभा की कमी नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि हमें क्रिकेट खेलने को नहीं मिल रहा था।

### दिल्ली ओपनः करन सिंह और मानस धामने को मिला एकल वाइल्ड कार्ड

**नयी दिल्ली।** डेविस कप खिलाड़ी करन सिंह और मानस धामने को सोमवार से यहां डीएलटीए परिसर में शुरू हो रहे एटीपी दिल्ली ओपन के मुख्य ड्रॉ एकल मुकाबलों के लिए वाइल्ड कार्ड प्रदान किए गए हैं। दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने हाल ही में नीदरलैंड के खिलाफ खेले गए डेविस कप मुकाबले में भारतीय टीम के रिजर्व सदस्य रहे दिग्विजय प्रताप सिंह को भी मुख्य ड्रॉ वाइल्ड कार्ड देने की पुष्टि की है। इसके साथ ही चार क्वालीफाइंग वाइल्ड कार्ड भी घोषित किए गए हैं। करन को यह मौका बेंगलुरु में डेविस कप टाई में भारत की जीत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बाद मिला है, जबकि 18 वर्षीय मानस को भारतीय टेनिस की सबसे उज्ज्वल युवा प्रतिभाओं में से एक माना जाता है। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने विज्ञप्ति में कहा, ऌकरन सिंह और दिग्विजय प्रताप सिंह ने हालिया डेविस कप अभियान में अहम भूमिका निभाई थी और यह वाइल्ड कार्ड टीम की सफलता में उनके योगदान की मान्यता है। उन्होंने कहा, ऌमानस धामने आज देश के सबसे रोमांचक युवा प्रतिभाओं में से एक हैं। यह जरूरी है कि हम उन्हें दिल्ली ओपन जैसे टूर्नामेंट में अवसर प्रदान करें। इससे उन्हें उच्च स्तर पर अनुभव हासिल कर अपने खेल में सुधार करने का मौका मिलेगा। डीएलटीए ने क्वालीफाइंग एकल मुकाबलों के लिए नितिन कुमार सिन्हा, इशाक इकबाल, उदित कंबोज और डेनिस येवसेयेव को भी वाइल्ड कार्ड प्रदान किए हैं। ये खिलाड़ी मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए क्वालीफाइंग ड्रॉ में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### टकर के 94 रन से आयरलैंड ने ओमान को 96 रन से हराया

**कोलंबो।** कप्तान लोरकान टकर के 51 गेंद में 94 रन की मदद से आयरलैंड ने टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के एकतरफा मैच में शनिवार को ओमान को 96 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आयरलैंड ने पांच विकेट पर 235 रन बनाये। टकर ने अपनी पारी में दस चौके और चार छक्के लगाये और उनकी पारी के दम पर आयरलैंड ने तीन विकेट पर 47 से उबरते हुए इस टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में ओमान की टीम 18 ओवर में 139 रन पर आउट हो गई। आमिर कलीम ने 50 और हमाद मिर्ज़ा ने 46 रन बनाये। ओमान के आठ बल्लेबाज दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिये जोश लिटिल ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिये। मैथ्यू हंफ्रेस और बैरी मैकार्थी को दो दो विकेट मिले। इस जीत के बावजूद आयरलैंड चौथे स्थान पर है जबकि श्रीलंका, जिम्बाब्वे और आस्ट्रेलिया शीर्ष तीन स्थानों पर हैं। इससे पहले गेंदबाजी चुनते हुए ओमान ने पावरप्ले के छह में से पांच ओवर स्पिनरों से कराये। इसका फायदा भी मिला जब 38 वर्ष के शकील ने तीन ओवरों में तीन विकेट लेकर आयरलैंड का स्कोर तीन विकेट पर 47 रन कर दिया। उन्होंने पहले ओवर में टिम टेक्टर को आउट किया जिसके बाद रोस एडेयर का विकेट लिया।

# जियो समेत 10 देशों की 15 दिग्गज टेक कंपनियों ने बनाया 'ट्रस्टेड टेक एलायंस'

एजेंसी

म्यूनिख। अफ्रीका, एशिया, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका की 15 अग्रणी कंपनियों ने 'ट्रस्टेड टेक एलायंस' (टीटीए) के गठन की घोषणा की है। यह समान सोच वाले वैश्विक टेक्नोलॉजी प्रदाताओं का एक समूह है। जो कनेक्टिविटी, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करने के लिए साथ आए हैं। एलायंस में भारत की ओर से जियो प्लेटफॉर्म्स शामिल है। जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान इस एलायंस का ऐलान किया गया। एलायंस के संस्थापक सदस्यों में अमेजन, वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी जैसी कुल 15 वैश्विक टेक कंपनियां शामिल हैं। एलायंस ने संकेत दिया है कि आगे और कंपनियों को इससे जोड़ा जाएगा तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी संप्रभुता, प्रतिस्पर्धात्मकता और लचीले डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा। लॉन्च के मौके पर जियो प्लेटफॉर्म्स के सीईओ किरण थॉमस ने कहा, ऌविश्व स्तर पर डिजिटल विकास को गति देने के लिए भरोसेमंद, सुरक्षित और पारदर्शी टेक्नोलॉजी जरूरी है। जियो प्लेटफॉर्म्स को टेक्नोलॉजी स्टैक में साझा मानक और सत्यापित किए जा सकने वाले तौर-तरीकों को आगे बढ़ाने के लिए 'ट्रस्टेड टेक एलायंस' में शामिल होने पर गर्व है। हम इस पहल के जरिए वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी, क्लाउड और एआई प्रणालियों में दीर्घकालिक भरोसा कायम करना चाहते हैं। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है, ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सकें। वहीं एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है। एलायंस के तहत सदस्य कंपनियों ने पांच प्रमुख सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इनमें पारदर्शी कॉरपोरेट गवर्नेंस और नैतिक आचरण, सुरक्षित विकास प्रक्रिया और स्वतंत्र मूल्यांकन, मजबूत सप्लाई चेन व सुरक्षा निगरानी, खुला व सहयोगी तथा लचीला डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा देना और कानून के शासन के साथ डेटा सुरक्षा का सम्मान शामिल है। इन सिद्धांतों के माध्यम से कंपनियां यह सुनिश्चित करेंगी कि तकनीक सुरक्षित, विश्वसनीय और जिम्मेदारी के साथ संचालित हो, चाहे उसका विकास या उपयोग कहीं भी हो।

# शहरी आबादी बढ़ने पर किफायती आवास की मांग बढ़ेगी: खट्टर

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को आवास को अधिक सुलभ और टिकाऊ बनाने के लिए परिवहन उन्मुख विकास (टीओडी) मॉडल के जरिए मजबूत शहरी बुनियादी ढांचे की स्थापना की आवश्यकता बतायी। उन्होंने शुक्रवार को आवास को अधिक सुलभ और टिकाऊ बनाने के लिए परिवहन उन्मुख विकास (टीओडी) मॉडल के माध्यम से मजबूत शहरी बुनियादी ढांचे की स्थापना का आह्वान किया। राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में 'आवास वित्त के बदलते परिदृश्य' पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने बैंकों, आवास वित्त कंपनियों और राष्ट्रीय आवास बैंक सहित वित्तीय संस्थानों से देश भर में आवास बढ़ाने के लिए सहयोग करने और अधिक ऋण सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। खट्टर ने नीति आयोग और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा किए गए एक संयुक्त अध्ययन के निष्कर्षों कर जिक्र किया जिसमें अनुमान लगाया गया है कि 2021 में भारत की शहरी आबादी 50 करोड़ थी और 2050 तक इसके 85 करोड़ से अधिक होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस जनसांख्यिकीय बदलाव से पूरे देश में किफायती आवास की मांग में काफी वृद्धि होगी।

# बैंक अधिकतम 75 प्रतिशत अधिग्रहण राशि को कर सकेंगे वित्तपोषितः आरबीआई

एजेंसी



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अधिग्रहण के लिए वित्तपोषण पर अंतिम दिशानिर्देश जारी करते हुए बैंकों के लिए ऋण सीमा बढ़ाकर सौदे के मूल्य का अधिकतम 75 प्रतिशत कर दिया। इसके पहले मसौदा नियमों में यह सीमा 70 प्रतिशत प्रस्तावित थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि कुल बैंक वित्तपोषण अधिग्रहण मूल्य के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा, जिसका स्वतंत्र आकलन संबंधित बैंक द्वारा किया जाएगा। शेष राशि अधिग्रहण करने वाली कंपनी को अपने संसाधनों से जुटानी होगी। नए नियमों के तहत बैंक प्रवर्तकों की हिस्सेदारी को भी वित्तपोषित कर सकेंगे, बशर्ते अधिग्रहण के बाद ऋण-इक्विटी अनुपात निरंतर आधार पर 3:1 से अधिक न हो। अधिग्रहीत इक्विटी शेयर या अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर किसी भी प्रकार के भार से मुक्त होने चाहिए। आरबीआई ने बैंकों को अधिग्रहण वित्तपोषण के लिए निदेशक मंडल से अनुमोदित नीति बनाने के लिए कहा है। पात्र उधारकर्ता की न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 500 करोड़ रुपये और लगातार तीन वर्षों का शुद्ध लाभ होना आवश्यक है। गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए निवेश-योग्य रेटिंग भी अनिवार्य होगी। आरबीआई के ये दिशानिर्देश एक अप्रैल से प्रभावी हो जाएंगे। केंद्रीय बैंक ने अक्टूबर के अंत में पहली बार एक मसौदा जारी किया था, जिसमें बैंकों को अधिग्रहण के लिए वित्तपोषण की अनुमति देने का प्रस्ताव रखा गया था। इससे पहले तक बैंकों को इस तरह की गतिविधि की अनुमति नहीं थी।

# कई राज्यों के रेरा प्राधिकरण प्रकाशित नहीं कर रहे वार्षिक रिपोर्टः एफपीसीई

एजेंसी





नई दिल्ली। घर खरीदारों के संगठन 'फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स' (एफपीसीई) ने कहा कि कई राज्यों के रियल एस्टेट नियामक नियमित रूप से वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करने के अपने वैधानिक दायित्व को पूरा नहीं कर रहे हैं।

एफपीसीई ने एक बयान में रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 (रेरा) की धारा 78 के उल्लंघन की तरफ इशारा किया। संगठन ने कहा, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के स्पष्ट वैधानिक दायित्वों और बार-बार के निर्देशों के बावजूद देशभर में 75 प्रतिशत से अधिक राज्य रेरा प्राधिकरणों ने या तो कभी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है या उनका प्रकाशन बंद कर दिया है, या वे अद्यतन नहीं हैं। एफपीसीई ने मंत्रालय से सभी रेरा प्राधिकरणों को निर्धारित प्रारूप में वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए नए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। संगठन ने मंत्रालय से आग्रह किया कि वह राज्य सरकारों को अधिनियम की धारा 82 और 83 के तहत शक्तियों का उपयोग करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहे। एफपीसीई के अध्यक्ष अभय उपाध्याय ने कहा कि जब तक पुख्ता डेटा यह साबित न कर दे कि रेरा लागू होने के बाद घरों का कब्जा मिलने और कार्यप्रणाली की निष्पक्षता में बेहतरी आई है, तब तक सफलता के सभी दावे खोखले एवं बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा, निर्दोष घर खरीदारों के साथ छल किया जा रहा है और इस बार इसके लिए 'रेरा' का सहारा लिया जा रहा है। बिल्डरों के लिए यह कानून अब महज़ एक ऐसा 'प्रमाण-पत्र' बन गया है, जिसकी आड़ में वे बिना किसी जवाबदेही के अपनी परियोजनाएं बेच रहे हैं। एफपीसीई ने कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और गोवा ने रेरा के लागू होने के बाद से एक भी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है।

# रेलवे की तीन परियोजनाओं को मंत्रिमंडल की मंजूरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुल 18,509 करोड़ रुपये की रेलवे की तीन नयी परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मुंबई-हावड़ा लाइन पर कसारा-मनमाड के बीच, दिल्ली से अंबाला के बीच और बेल्लारी से होसपेट के बीच तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी। सूचना एवं प्रसारण और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 131 किमी के कसारा-मनमाड सेक्शन पर तीसरी और चौथी का काम 10,154 करोड़ रुपये की लागत से पांच साल में पूरा किया जायेगा। यह काफी चुनौतीपूर्ण परियोजना है। इसमें 28 किमी की पांच सुरंगों का निर्माण किया जायेगा जिसमें सबसे लंबी सुरंग 24 किलोमीटर की होगी। इस सेक्शन में तीन महत्वपूर्ण पुल और 16 बड़े पुल बनाये जायेंगे। काम पूरा होने के बाद कसारा और इगतपुरी सेक्शन पर ट्रेन में चढ़ाई के लिए अतिरिक्त इंजन लगाने की जरूरत समाप्त हो जायेगी। इससे हर साल माल ढुलाई 4.61 करोड़ टन बढ़ जायेगी। सालाना कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन 54 करोड़ टन कम होगा, लॉजिस्टिक्स लागत में 1,207 करोड़ रुपये की बचत होगी और 89 लाख मानव-दिवस का रोजगार सृजन होगा। दूसरी परियोजना दिल्ली-जम्मू मार्ग पर दिल्ली और अंबाला के बीच 194 किमी के सेक्शन में तीसरी और चौथी लाइन बनाने की है। इसे 5,983 करोड़ रुपये की लागत से चार साल में पूरा किया जायेगा। इस सेक्शन में एक महत्वपूर्ण और 28 बड़े पुल बनेंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि इस मार्ग पर क्षमता से ज्यादा बोझ है और इसलिए क्षमता बढ़ानी जरूरी थी। इस सेक्शन से दिल्ली के साथ हरियाणा में सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और अंबाला जिले लाभान्वित होंगे। तीसरी परियोजना बेल्लारी से होसपेट के बीच तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण की है। इसकी अनुमानित लागत 2,372 करोड़ रुपये है और काम चार साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रेल मंत्री ने बताया कि इस सेक्शन पर क्षमता से दोगुना बोझ है।यह खंड कर्नाटक को मुंबई से जोड़ने वाली लाइन पर है। इस परियोजना में 34 बड़े पुलों के निर्माण होंगे। इससे हर साल 14 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाई-उत्सर्जन कम होगा और लॉजिस्टिक्स लागत में 323 करोड़ रुपये की बचत होगी। परियोजना से 44 लाख मानव-दिवस का रोजगार सृजन होगा।

## सरकार ने नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर 142 तक मेट्रो के गलियारे को दी मंजूरी

नयी दिल्ली। सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक मेट्रो के 11.56 किलोमीटर लंबे विस्तारित गलियारे को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी प्रदान की गयी, जिसकी जानकारी सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दी। श्री वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक विस्तारित गलियारे को मंजूरी दी है । यह गलियारा 11.56 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस गलियारे के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क 61.62 किमी का हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गलियारे का निर्माण यहां के अवसंरचना विकास में एक बड़ी तरक्की है और शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के बड़े विस्तार के तौर पर काम करेगा। उन्होंने बताया कि नयी योजना पूरी होने से सार्वजनिक परिवहन में काफी सुधार होगा। अभी जहां भी अच्छे सम्पर्क की कमी है उसमें सुधार होगा और ज़्यादा मांग वाले गलियारे के साथ सीधा सम्पर्क स्थापित करेगा। इसका मकसद नोएडा के खास क्षेत्र को जोड़ना है, जिसमें कई वाणिज्यिक केंद्र जैसे सेक्टर-142 में उन्नत व्यापार पार्क, सेक्टर-98 में स्काईमार्क वन मॉल, सेक्टर-93 में मॉल ऑफ़ नोएडा, सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट, सेक्टर-157 में टीसीएस, सेक्टर-126 में हैवेल्स, सेक्टर-132 में इंफोसिस, सेक्टर-135 में कॉग्निजेंट, सेक्टर-132 में एडोब और सेक्टर-127 में ओरेकल शामिल हैं। कई बहुराष्ट्रीय निगम या बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) केंद्र स्थित हैं। इसके साथ इस गलियारे में सेक्टर-125 में एमिटी यूनिवर्सिटी, सेक्टर-91 में पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-44 में महामाया बालिका इंटर कॉलेज जैसे शैक्षिण संस्थान, सेक्टर-128 में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जैसे स्वास्थ्य केंद्र, बॉटेनिकल गार्डन, सेक्टर-93 पार्क जैसे बड़े पर्यटन स्थल हैं।

# 10 हजार करोड़ रु. के स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 को मंजूरी, उद्यम पूंजी की सुविधा बढ़ेगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने देश में बढ़ते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए 10 हजार करोड़ रु. के स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप इकाइयों के लिए उद्यम पूंजी कोष को अधिक सुलभ बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना भारत के स्टार्टअप सफर के अगले चरण को तेज़ करने के लिए तैयार की गई है। वर्ष 2016 में शुरू की गयी स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत शुरू किये गये इस कोष के बारे में सरकार ने कहा है , ' इस कोष का उद्देश्य दीर्घकालिक घरेलू पूंजी को आकर्षित करना, वेंचर कैपिटल इकोसिस्टम को मजबूत बनाना और देशभर में नवाचार-आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इसे देश में नवाचारों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए तैयार किया गया है। यह डीप टेक और तकनीक-आधारित नवोन्मेषी विनिर्माण उच्च-तकनीकी क्षेत्रों में ऐसे नवाचारों को उद्यम पूंजी सहायता करने को प्राथमिकता देगा जिन्हें दीर्घकालिक और धैर्यपूर्ण पूंजी की आवश्यकता होती है। देश में स्टार्टअप वातावरण का अभूतपूर्व रूप से विकास हुआ है। पिछले एक दशक में पंजीकृत एवं उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप इकाइयों की संख्या जो 500 से भी कम थी, बढ़ कर दो लाख से अधिक हो चुकी है। स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 का राशा स्टार्ट अप के लिए शुरू किये गये पहले फंड ऑफ फंड्स (एफएफएस 1.0) की मजबूत सफलता पर आधारित है। एफएफएस 1.0 के अंतर्गत 10,000 करोड़ रुपये की पूरी राशि से 145 वैकल्पिक निवेश कोषों ( एआईएफ) की मदद की गयी। इन वैकल्पिक निवेश कोषों ने देशभर के 1,370 से अधिक स्टार्टअप्स में 25,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है : ट्रम्प

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन ''सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है''। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है। श्री ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद की और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ परमाणु समझौता न होने पर ''बेहद भयावह'' परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने अतीत के सैन्य हमलों और संभावित परिणामों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, ''ईरान के साथ हमें समझौता करना ही होगा, अन्यथा यह बेहद-बेहद भयावह होगा। उन्हें पहली बार में ही समझौता कर लेना चाहिए था लेकिन उन्हें इसके बजाय 'मिडनाइट हैमर' मिला।''

उन्होंने दशकों की कूटनीति की आलोचना करते हुए कहा, ''पिछले 47 वर्षों से वे सिर्फ बातें करते रहे हैं। इस बीच हमने बहुत सी जानें गंवाई हैं... पैर, हाथ, चेहरे सब उड़ गए। यह संघर्ष बहुत लंबा चल रहा है।'' उन्होंने पुष्टि की कि वे पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत भेज रहे हैं और कहा, ''अगर इस्लामिक गणराज्य के साथ हमारा कोई समझौता नहीं होता।'' जब उनसे पूछा गया कि ईरान का नेतृत्व कौन संभालेगा, तो उन्होंने कहा, ''कुछ लोग हैं'' लेकिन कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ उनकी मुलाकात के बाद कोई संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग नहीं हुई, मुलाकात का एकमात्र रिकॉर्ड ओवल ऑफिस में हाथ मिलाना था, जिसे इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वितरित किया गया।

सोशल मीडिया ट्रुथ पर श्री ट्रंप के बयान में निरंतर वार्ता की उनकी इच्छा पर जोर दिया गया, जो प्रधानमंत्री नेतन्याहू के परमाणु समझौते के विरोध और ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर चर्चा करने में उनकी कथित रुचि के विपरीत था।

श्री ट्रम्प ने अपनी विदेश नीति के रिकॉर्ड का भी बखान किया, यह दावा करते हुए कि उन्होंने कहा कि ''10 महीनों में आठ युद्ध समाप्त किए,'' और रूस-यूक्रेन संघर्ष को ''सबसे कठिन'' बताया।

## निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी को खुली बहस की चुनौती दी

नयी दिल्ली/रांची। भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों, कपास आयात और उसके भारतीय किसानों व वस्त्र उद्योग पर प्रभाव को लेकर खुली सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री दुबे ने गांधी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि वह भारत-अमेरिका व्यापार और टैरिफ संरचना को लेकर ''बड़ा झूठ'' फैला रहे हैं। श्री गांधी ने दावा किया था कि अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधानों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता है, जबकि बांग्लादेश को शून्य शुल्क का लाभ मिलता है। उन्होंने इस मुद्दे को अमेरिका से कपास आयात से भी जोड़ा था। श्री दुबे ने इन दावों को खारिज करते हुए आरोपों के तथ्यात्मक आधार पर सवाल उठाए और श्री गांधी से अमेरिका से कपास आयात की वास्तविक आवश्यकता और उसके पैमाने को स्पष्ट करने को कहा।

# 'ग्रिहम'डोर्स एवं विंडोज़ वर्टिकल का शुभारंभ



नई दिल्ली। सुप्रीम इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने PLASTINDIA 2026 में अपने नए business वर्टिकल 'ग्रिहम' की घोषणा की। संस्कृत के 'घर' शब्द से प्रेरित यह ब्रांड आधुनिक भारतीय जीवनशैली को नवाचार, टिकाऊपन और सशक्त डिज़ाइन के माध्यम से नया आयाम देने की परिकल्पना है। ग्रिहम केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन अनुभव है, जो uPVC दरवाज़ों और खिड़कियों के माध्यम से आराम, सुरक्षा और सौंदर्य को पुनर्परिभाषित करता है। उन्नत निर्माण तकनीक, बेहतर इन्सुलेशन और विश्वसनीयता के संगम से तैयार यह ब्रांड हर उस घर की पहचान बनने को तैयार है, जो भविष्य-उन्मुख और व्यवस्थित जीवन की कल्पना करता है। यह ब्रांड न केवल तकनीकी उत्कृष्टता बल्कि हर ग्राहक संबंध में पारदर्शिता, सम्मान और जवाबदेही भी सुनिश्चित करता है। सुप्रीम की सशक्त पॉलिमर विशेषज्ञता से समर्थित ग्रिहम ने अगली पीढ़ी की सिस्टम door and विंडोज़ प्रस्तुत की हैं, जो four-चैंबर प्रोफ़ाइल से लैस हैं और बेहतर मजबूती, उच्च थर्मल इन्सुलेशन तथा श्रेष्ठ ध्वनि नियंत्रण प्रदान करती हैं। बड़े स्पैन की ओपनिंग के लिए डिज़ाइन की गई ये प्रणालियाँ संरचनात्मक सुदृढ़ता से समझौता किए बिना विस्तृत दृश्य और प्राकृतिक रोशनी सुनिश्चित करती हैं।धूल, शोर, Heat जैसी रोजमर्रा की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए ग्रिहम उत्पाद मौसमरोधी और दीमकरोधी संरचना, अग्निरोधी क्षमता, धूल एवं प्रदूषण नियंत्रण, उच्च सुरक्षा मानक, ध्वनि न्यूनीकरण और न्यूनतम रखरखाव जैसी विशेषताओं से सुसज्जित हैं। ऊर्जा दक्षता को मूल में रखकर विकसित ग्रिहम प्रणालियाँ ऊर्जा खपत में 30 प्रतिशत तक की कमी लाने में सहायक हैं, जिससे इनडोर आराम बढ़ता है और सतत जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है। पर्यावरण-अनुकूल एवं पूर्णतः पुनर्चक्रणीय सामग्री से निर्मित ये उत्पाद प्रदर्शन और पर्यावरणीय दायित्व के बीच उत्कृष्ट संतुलन स्थापित करते हैं।ग्रिहम, ग्राहक अनुभव को एक संपूर्ण यात्रा के रूप में देखता है, जो साइट निरीक्षण और आवश्यकताओं के आकलन से शुरू होकर वैयक्तिकृत डिज़ाइन प्रस्ताव, उच्च सटीकता के साथ मापन, यूरोपीय तकनीक एवं कठोर गुणवत्ता परीक्षण के साथ निर्माण, व्यावसायिक एवं स्वच्छ स्थापना, पूर्ण प्रदर्शन एवं जानकारी के साथ हैंडओवर और अंततः आजीवन सेवा एवं विश्वसनीयता तक विस्तारित है। यह समग्र दृष्टिकोण तीव्र डिलीवरी, सटीक अनुकूलन और निरंतर गुणवत्ता सुनिश्चित करता है।

# पेज एक का शेष

## कांग्रेस भारत...

नदी ब्रह्मपुत्र की बड़ी भूमिका है पर कंग्रेस के 70 साल के शासन में इस नदी पर केवल तीन पुल बनाये गये थे जबकि 2014 में भाजपा के नेतृत्व में केंद्र में बनी उनकी सरकार और उसके बाद राज्य में 'डबल इंजन सरकार' बनाने के बाद से 10-11 साल में पांच नये पुलों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा, 'कंग्रेस ने असम को समस्यायें दी, भाजपा समाधान दिये हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने इस सभा से पहले एक कार्यक्रम में राज्य में 5450 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा , 'हमने ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर विद्यार्थियों से चर्चा की थी। आने वाले समय में ब्रह्मपुत्र पर ऐसे ही रिवर टूरिज्म को और बढ़ाया जाएगा।' उन्होंने कहा , ' इस बार के केंद्रीय बजट में पूवोत्तर में सम्पर्क सुविधाओं को और अधिक मजबूती देने का काम किया गया है। कनेक्टिविटी बढ़ती है, तो रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इसलिए असम हाइवे और अन्य रोड प्रोजेक्ट्स के लिए करीब हजारों करोड़ रुपये देना तय हुआ है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को अपना अपना बूथ संभालने और भाजपा को राज्य विधान सभा के चुनाव में फिर विजयी बनवाने का आह्वान करते हुए कहा, 'असम में फिर से भाजपा की जीत को जरूरी बताते हुए कहा कि यह भी कहा कि कंग्रेस असम की असली पहचान को मिटाना चाहती है। आने वाले 5 साल असम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान ऐसे अनेक प्रोजेक्ट पूरे होने वाले हैं, जो असम की आर्थिक वृद्धि को नए पंख लगाएंगे।इसलिए, यहां डबल इंजन की भाजपा सरकार फिर एक बार बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा, '10 वर्ष सत्ता से बाहर रहने की वजह से कंग्रेस और ज्यादा जहरीली हो गई है। कंग्रेस असम को फिर से अशांति और अराजकता में झोंकना चाहती है। कंग्रेस...असम को घुसपैठियों के हवाले करना चाहती है। श्री मोदी ने अपनी सरकार के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में शांति कायम करने में सफलता का उल्लेख किया और कहा, 'पहली बार असम में बोडो, कार्बी, आदिवासी, डीएनएलएस, उल्फा जैसे हर संगठन से जुड़े साथियों ने बंदूक छोड़कर देश के संविधान का रास्ता चुना है।

## मोदी वायुसेना के...

को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री इस पट्टी पर वायुसेना के परिवहन विमान से उतरे और वहां अन्य विमानों के उतरने और उड़ने के क्रम का मुआयना किया। प्रधानमंत्री मोरान में भारतीय वायुसेना के सी-130जे हरक्यूलिस विमान से उतरे। उनके साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा , केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भारतीय वायुसेना के एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह तथा वायुसेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान नए ईएलएफ पर कई लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और लैंडिंग-टेकऑफ का प्रदर्शन किया। फ्लाईपास्ट में सुखोई-30 एमकेआई, राफ़ेल और स्वदेश निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर शामिल रहे, जिससे इस सुविधा की परिचालन क्षमता का प्रदर्शन हुआ। अधिकारियों के अनुसार, असम में बने इस पहले हाईवे आधारित ईएलएफ का निर्माण केंद्र सरकार के उस दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसके तहत राज्य को सीमावर्ती क्षेत्र से रणनीतिक और आर्थिक द्वार के रूप में विकसित किया जा रहा है। मोरान ईएलएफ का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) यहां से 300 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित है। यह सुविधा आपातकालीन स्थिति में लड़ाकू विमानों और परिवहन विमानों के लिए वैकल्पिक रनवे के रूप में कार्य कर सकती है, जिससे भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता को बल मिलेगा। असम में सत्तारूढ़ भाजपा की राज्य इकाई ने इस परियोजना को ''रणनीतिक मास्टरस्ट्रोक'' बताया और कहा कि इससे पूर्वोत्तर क्षेत्र राष्ट्रीय रक्षा रणनीति के केंद्र में आ गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) द्वारा निर्मित यह 4.2 किलोमीटर लंबा ड्यूल-यूज अवसंरचना प्रोजेक्ट है, जो सामान्य समय में सार्वजनिक यातायात के लिए उपयोगी रहेगा और आपात स्थिति में 74 टन तक के भारी परिवहन विमानों तथा सुखोई जैसे लड़ाकू विमानों को संभालने में सक्षम है। यह परियोजना वर्ष 2021 में सोची गई थी और तय समय से कम में पूरी की गई। यह रणनीतिक जरूरतों के साथ उच्च गुणवत्ता वाली अवसंरचना के समन्वय को दर्शाती है। भारतीय वायुसेना के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक विंग कमांडर प्रणजल बोरगोहेन ने बताया कि भारत में बहुत कम परिचालन ईएलएफ मौजूद हैं। इनमें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, ताज एक्सप्रेसवे, राजस्थान के बाड़मेर के पास एनएच-925ए और आंध्र प्रदेश के अद्डांकी के पास एनएच-16 शामिल हैं। उन्होंने कहा कि असम में जल्द ही दो और ईएलएफ तैयार होने की उम्मीद है। रणनीतिक महत्व के अलावा, असम भाजपा ने प्रधानमंत्री की व्यापक विकास पहलों का भी उल्लेख किया, जिनमें 10,600 करोड़ रुपये की नमरूप अमोनिया यूरिया परियोजना और 27,000 करोड़ रुपये की सेमीकंडक्टर परियोजना शामिल हैं। इनके जरिए अपर असम में औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर और कोकराझार-गेलेफू रेल लिंक जैसी परियोजनाओं का उद्देश्य स्थानीय किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। भाजपा ने पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में वर्तमान सरकार के अवसंरचना फोकस को रेखांकित करते हुए कहा कि असम के रेल बजट आवंटन में यूपीए काल की तुलना में पांच गुना वृद्धि हुई है। साथ ही, वर्ष 2025 में गैंडा शिकार की शून्य घटनाओं सहित राज्य की सामाजिक कल्याण और संरक्षण उपलब्धियों की भी सराहना की गई।

## 'राहुल गांधी की नीति...

उन्होंने बताया कि पिछली पांच साल में कंग्रेस ने पुडुचेरी में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का माहौल बनाया था, लेकिन मोदी सरकार ने इसे बदलकर व्यवस्था और विकास की ओर ले जाया है। अब अगले पांच साल में पुडुचेरी को विकसित बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पहले पुडुचेरी के फैसले गांधी परिवार द्वारा दिल्ली से लिए जाते थे, अब यह निर्णय पुडुचेरी में ही लिए जाते हैं। अमित शाह ने पुडुचेरी में एनडीए, भाजपा और नेता रंगास्वामी के प्रति जनता के विश्वास की बात करते हुए कहा कि 2021 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को 44% वोट मिले थे, लेकिन इस बार गठबंधन 60% वोट पाने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा और समृद्धि को भी जनता के सामने रखा।

## व्यापार समझौते ...

हितों की पूरी रक्षा के प्रावधान किये गये हैं। उन्होंने कहा, ' श्री गांधी नकारात्मक राजनीति के जरिए भारत की विकास यात्रा को नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा , ''मैं राहुल गांधी की डर फैलाने वाली राजनीति का पर्दाफाश करूंगा, जिससे वे किसानों और निर्यातकों को गुमराह कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि तथ्य यह है कि 'हमारे समय के नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), से कुल 38 विकसित देश जुड़े हैं और इनसे भारतीय निर्यातकों के लिए कपड़े के 45 लाख करोड़ रुपये के विशाल संभावित बाजारों के दरवाजे खुले हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस समय भारत का कपड़ा निर्यात चार लाख करोड़ रुपये का है औ इन नये समझौतों से इसमे वृद्धि की संभावनाएं विचार करने लायक हैं। उन्होंने कहा, '' इससे टेक्सटाइल क्षेत्र में ही लाखों युवा पुरुषों और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे!'' अमेरिका से कपास आयात के खतरे की कंग्रेस के नेता की बात पर श्री गोयल ने कहा, '' श्री राहुल गांधी को यह नहीं पता कि अमेरिका में कपास का उत्पादन बहुत कम है और घरेलू खपत के बाद अमेरिका का कपास व धागा निर्यात केवल 6 अरब डॉलर का है। उन्हें यह भी नहीं पता कि बंगलादेश भारत से 2.7 अरब डॉलर की कपास आयात करता है, और उसे आगे भी ऐसा करना पड़ेगा क्योंकि अमेरिका के पास निर्यात के लिए कोई ज्यादा कपास नहीं है।'' वाणिज्य मंत्री ने कहा, ''राहुल एक तरह हमारे कपड़ा निर्यातकों की संभावनाओं पर हमला कर रहे हैं, दूसरी ओर वह किसानों को बिना बात के डरा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र में भारी वृद्धि की संभावना के साथ, भारतीय कपास की मांग लगातार बढ़ेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। श्री गोयल ने श्री गांधी पर तंज कसते हुए ये भी कहा, '' जब आपकी ही परिवार की अगुवाई में कंग्रेस सरकार चल रही थी, तब की विदेश व्यापार नीति और विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) अधिनियम [नियम 27(1)] के तहत निर्यात के लिए उत्पाद बनाने में उपयोग होने वाले कच्चे माल के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति थी जिसमें जिसमें कपास भी शामिल है।'' वाणिज्य मंत्री ने कहा कि जब राहुल गांधी ''निर्यात के लिए शून्य-शुल्क आयात'' पर हमला करते हैं, तो वे अपनी ही पार्टी द्वारा शुरू की गई नीतियों पर हमला कर रहे हैं! विपक्ष के ऐसे अज्ञानी नेता पर आश्चर्य नहीं कि वे चुनाव दर चुनाव असफल होते हैं। श्री गोयल ने भारत के कपड़ा क्षेत्र को भारत की अर्थव्यवस्था की जान बताते हुए कहा, '' राहुल जी, अमेरिकी व्यापार समझौते और एनडीए सरकार द्वारा किए गए अन्य एफटीए से भारतीय किसान और टेक्सटाइल मजदूर दोनों को बड़ा लाभ होगा३ और भारत की जनता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है। आपके झूठ का पुलिंदा विफल होगा।'' कपड़ मंत्री श्री सिंह ने श्री गांधी के आज के बयान का एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जवाब देते हुए कहा, '' श्री गांधी हमेशा की तरह तथ्यों को समझे बिना भ्रामक जानकारी फैला रहे हैं। वास्तविकता यह है कि भारत ने अमेरिका के साथ कई प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कहीं अधिक बेहतर और संतुलित व्यापार व्यवस्था सुनिश्चित की है।' उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ समझौता समग्र रूप से उद्योग की वृद्धि को समर्थन देने के साथ-साथ हमारे किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए तैयार किया गया है। कपड़ा मंत्री ने कहा कि भारत की कपास निर्यात कहानी पहले से कहीं अधिक मजबूत और विविधतापूर्ण है। उन्होंने कहा , '' साथ ही, हम केवल एक बाजार पर निर्भर नहीं हैं। आज भारत के टेक्सटाइल निर्यात ने 100 से अधिक देशों में वृद्धि दर्ज की है, जो हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता, लचीलापन और वैश्विक स्तर पर भारतीय टेक्सटाइल वैल्यू चेन में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।'' श्री सिंह ने कहा कि इसके अलावा यूरोपीय संघ , ब्रिटेन, न्यूज़ीलैंड, ओमान और अन्य रणनीतिक साझेदारों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों से भारत निर्यातकों के लिए विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में नए अवसर खुल रहे हैं। कपड़ा मंत्री ने कहा है कि विविध बाजारों में माल बेचने की आसानी से जोखिम में कमी लाने, बेहतर मूल्य हासिल करने और कपास किसानों, कपास की जिनिंग, कताई तथा सूती कपड़ा निर्माताओं के लिए दीर्घकालिक में कारोबार में मजबूत वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने राहुल गांधी के नजरिए को सीमित बताते हुए कहा कि जहां कुछ लोग एकल-बाजार की कहानी पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वहीं व्यापक परिप्रेक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट है।''

## एसएससी...

मौके से चार मोबाइल फोन, दो लैपटॉप और एक इंटरनेट राउटर बरामद किए हैं। जब्त उपकरणों की तकनीकी जांच कराई जा रही है।

## पीएमओ के सेवा...

घटनाओं को देखा है, गढ़ा है। इस परिसर ने देश के 16 प्रधानमंत्रियों के नेतृत्व में बने मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण फैसले होते देखे हैं। बीते दिनों में यहां मंत्रिमंडल की बैठकों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। साउथ ब्लॉक के इन कमरों ने विभाजन की विभीषिका भी देखी, युद्ध और आपातकाल की चुनौतियों को भी देखा और शांतिकाल की नीतियों पर भी चिंतन और मनन किया। इन्होंने टाइपराइटर से लेकर डिजिटल गवर्नेंस तक, तकनीक की लंबी छलांग को महसूस किया है। आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत आज एक सुरक्षित और सक्षम राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आया है और देश विकसित भविष्य के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके लिए एक आधुनिक, तकनीकी और पर्यावरण के प्रति अनुकूल कार्यालय की आवश्यकता थी। नया परिसर एक ऐसा कार्यक्षेत्र है, जो यहां काम करने वाले हर कर्मयोगी की उत्पादकता बढ़ाये, सेवाभाव के उसके संकल्प को प्रोत्साहित करे। इसी भाव के साथ साउथ ब्लॉक के उद्घाटन के करीब 95 वर्षों के बाद, 13 फरवरी 2026 से सरकार इन भवनों को खाली कर रही है और 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानांतरित हो रही है। यह प्रतीकात्मक रूप से गुलामी के अतीत से 'विकसित भारत' के भविष्य की ओर बढ़ने की ओर देश का एक और कदम है। मंत्रिमंडल ने यह संकल्प भी संकल्प लिया कि नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को 'युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय' का हिस्सा बनाया जाये। यह हमारी हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता से पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। यह संग्रहालय, हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाएगा और हमारे गौरवशाली अतीत को समृद्ध भविष्य से जोड़ेगा।

## एक लाख करोड़ के...

और सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) के जरिये जुटायी गयी हो। शेष राशि का योगदान राज्य सरकारें और शहरी निकाय अपनी तरफ से या अन्य माध्यमों से कर सकते हैं। इसके लिए 10 लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी शहर पात्र होंगे। ऐसे शहरों की अनुमानित संख्या 2,025 है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के मामले में आबादी की कोई सीमा नहीं है। इसके अलावा एक लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी मुख्य औद्योगिक शहर भी यूसीएफ का लाभ लेने के पात्र होंगे। राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारें अपनी परियोजनाओं में वित्तीय मदद के लिए केंद्र के पास आवेदन करेंगी जिनके समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के आंकलन के आधार पर उसे यूसीएफ के तहत वित्तीय मदद देने या न देने का फैसला किया जायेगा।

## देश के लोगों को...

रहमान ने कहा कि नई सरकार ऐसे समय काम शुरू करेगी जब अर्थव्यवस्था कमजोर है, संविधान और संस्थाएं दबाव में हैं और कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दौर की शासन व्यवस्था ने ढांचे को नुकसान पहुंचाया है, जिसे अब मिलकर ठीक करना होगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को संस्थागत रूप देना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। रहमान ने बताया कि इस चुनाव में कुल 51 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। उन्होंने नतीजे चाहे जो रहे हों, सभी दलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दल ही लोकतंत्र की असली रोशनी होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और विपक्ष अगर अपनी-अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाएं तो लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने सभी लोकतांत्रिक दलों से राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने की अपील की। प्रेस वार्ता में तारिक रहमान ने चुनाव आयोग, प्रशासन और चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग के बिना शांतिपूर्ण चुनाव संभव नहीं था। कार्यक्रम में बीएनपी महासचिव मिर्ज़ा फखरुल इस्लाम आलमगीर सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नवनिर्वाचित सांसद, सहयोगी दलों के प्रतिनिधि और विदेशी मीडिया के लोग भी उपस्थित थे। माहौल उत्सव जैसा रहा।

## नौकरी की गारंटी होगी...

ब्लॉक व कैम्पियरगंज विधानसभा क्षेत्र में आज विकास की जो स्थिति है, वह लोगों की कल्पनाओं से भी परे है। यहां कालेसर-जंगल कौड़िया बाईपास बन जाने से लोग सीधे लखनऊ पहुंच जाते हैं, वह भी सिर्फ तीन-साढ़े तीन घंटे में। चिउटहा से कुशीनगर जाने में सिर्फ आधा घंटा लगता है। क्षेत्र की हर प्रमुख सड़क फोरलेन हो गई है। बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान हो रहा है। जंगल कौड़िया में पूज्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की स्मृति में डिग्री कॉलेज बन गया है। यहां 2 हजार से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा मिल रही है। स्टेडियम बन गया है। कुश्ती के प्रशिक्षण और अभ्यास की सुविधा से क्षेत्र के पहलवानों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। विकास के साथ ही गरीबों के कल्याण के कार्य हुए हैं। आवास, शौचालय, राशन, आयुष्मान भारत, पेंशन का लाभ हर पात्र को उपलब्ध हुआ है।

# महाशिवरात्रि : 'बोध' रैली, नशा-मुक्ति का दिया संदेश

**'बोध' DJJS के एक Drug Abuse प्रोजेक्ट का नाम है, जिसका UNODC के साथ Collaboration है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





नई दिल्ली। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर त्रिनगर में Divya Jyoti Jagrati Sansthan (DJJS) एवं Yuva Parivar Sewa Samiti (YPSS) के संयुक्त तत्वावधान में विशेष 'बोध' रैली का आयोजन किया गया। यह पहल 'SANKALP – A Campaign Against All Addiction (2025S2029)' के अंतर्गत The Real Heroes अभियान का हिस्सा थी।

'बोध' DJJS का एक ड्रग एब्यूज़ जागरूकता प्रोजेक्ट है, जिसका United Nations Office on Drugs and Crime (UNODC) के साथ सहयोग है। रैली का केंद्रीय विषय था– क्या भगवान शिव नशा करते थे?

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक तिलक राम गुप्ता और पार्षद मीना गोस्वामी द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। रैली में विभिन्न फ्लैग काड्र्स और फ्लेक्स के माध्यम से भगवान शिव से जुड़े प्रचलित मिथकों को तार्किक ढंग से स्पष्ट करते हुए उन्हें आत्मसंयम, जागरूकता, संतुलन और चेतना के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में 200 से अधिक युवाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों को संदेश दिया गया कि शिव जीवन की चुनौतियों से भागने का नहीं, बल्कि सचेत रूप से उनका सामना करने, भावनाओं को साधने और सही निर्णय लेने की प्रेरणा देते हैं। नशे के स्थान पर सेल्फ कंट्रोल, विवेक और आंतरिक शक्ति को वास्तविक सामर्थ्य बताया गया। रैली के दौरान आध्यात्मिक साहित्य का वितरण भी किया गया।

संगीत और कथन के प्रभावी संयोजन से शिव के सामाजिक, मानसिक और जीवनोपयोगी आयामों को सरल भाषा में समझाया गया। अंत में क्ख्व्ह की साध्वी सुरभि आशा भारती एवं साध्वी नीरू भारती ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिव नशे के नहीं, बल्कि पूर्ण जागरूकता और आत्मबल के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने मन, इच्छाओं और भ्रम पर नियंत्रण रखता है, वही आज के समय का सच्चा 'रियल हीरो' है। कार्यक्रम का स्पष्ट संदेश रहा कि सच्ची भक्ति बाहरी उत्तेजनाओं में नहीं, बल्कि आत्मसंयम और जागरूक जीवन में निहित है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा का किया अनावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शाहदरा स्थित डॉ. हेडगेवार आरोग्य संस्थान के परिसर में राष्ट्र पुनरुत्थान के शिल्पी एवं संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा का अनावरण किया।

मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि यह अवसर अत्यंत गौरवशाली है, क्योंकि संघ अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रहा है। सन् 1925 की विजयादशमी के पावन दिवस पर डॉ. साहब ने जिस ध्येय बीज का रोपण किया था, वह आज एक विराट वटवृक्ष बनकर मां भारती की सेवा में निरंतर समर्पित है। व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज संगठन का उनका मार्ग आज भारत के सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण का आधार स्तंभ बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संघ के इस शताब्दी संकल्प के साथ हमारा ध्येय है कि भारत अपने प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त कर परम वैभव के शिखर पर प्रतिष्ठित हो। आरोग्य संस्थान में स्थापित यह प्रतिमा हमें सदैव सेवा ही साधना और राष्ट्र प्रथम की प्रेरणा देती रहेगी। इस अवसर पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह, विधायक ओम प्रकाश शर्मा, अभय वर्मा, संजय गोयल, अनिल गोयल समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## शाहबाद डेयरी में युवती से मारपीट, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी इलाके में पड़ोसियों के बीच हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। रास्ता रोककर एक 24 वर्षीय युवती के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 12 फरवरी को थाना शाहबाद डेयरी को झगड़े की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक घायल युवती को अस्पताल ले जाया जा चुका था। अस्पताल में युवती का मेडिकल कराया गया, जिसमें चोटें शारीरिक हमले के अनुरूप पाई गईं। अस्पताल में दर्ज बयान में युवती ने आरोप लगाया कि 12 फरवरी की शाम करीब 6:30 बजे शाहबाद डेयरी स्थित अखाड़ा के पास वह अपने घर जा रही थी। इसी दौरान मोहम्मद कादिर और उसके पिता रवि अहमद ने उसका रास्ता रोका और मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। शिकायत और एमएलसी के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। जांच के दौरान आरोपित मोहम्मद कादिर (21) और उसके पिता रवि अहमद (52) को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि इससे पहले भी आरोपित कादिर और पीड़िता के भाई हरिया के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हुआ था। फिलहाल जांच में किसी भी तरह का सांप्रदायिक एंगल सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि यह मामला एक ही इलाके में रहने वाले पड़ोसियों के बीच आपसी झगड़े का है। आरोपितों से पूछताछ जारी है और मामले की जांच की जा रही है।

## अबोहर सैन्य स्टेशन में पूर्व सैनिक रैली का आयोजन

**चंडीगढ़।** वीर माताओं, वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याण तथा उनसे बातचीत करने के उद्देश्य से 15 फरवरी 2026 को अबोहर सैन्य स्टेशन में पूर्व सैनिक रैली आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों की शिकायतों को दूर करना है। सेना के प्रवक्ता ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि रैली से फ़ाज़िल्का, श्री मुक्तसर साहिब, फरीदकोट, श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिलों की 13 तहसीलों के पूर्व सैनिकों को लाभ मिलेगा। सभी को एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम चिकित्सा सुविधाओं, पेंशन संबंधित मामलों, पुनर्वास, रोजगार अवसरों तथा केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर पंजाब के राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी । राज्यपाल ने एक संदेश में कहा, महा शिवरात्रि के इस पवित्र अवसर पर मैं भगवान शिव के सभी भक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित करता हूं। भगवान महादेव की कृपा से सभी के जीवन में शांति, सुख, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि का वास हो।

## सारण के 29 अस्पतालों में अब सिर्फ कार्ड दिखाएं और मुफ्त इलाज पाएं

**सारण।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजना के तहत डिस्ट्रिक्ट एमपैनेलमेंट कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और पैनल में नए अस्पतालों को जोड़ने की प्रक्रिया की समीक्षा करना था। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में सारण जिले के 18 निजी और 11 सरकारी अस्पतालों कुल 29 को आयुष्मान भारत के पैनल में शामिल किया गया है। इन अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारक प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में एक नए निजी अस्पताल को पैनल में शामिल करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। हालांकि, सुरक्षा मानकों को प्राथमिकता देते हुए समिति ने उक्त अस्पताल को फायर सेफ्टी प्रमाणपत्र और क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत अन्य तकनीकी कमियों को दूर करने के लिए एक माह का समय दिया है। अनुपालन सुनिश्चित होने के बाद ही अगली बैठक में इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## भीमनगर बॉर्डर पर हिरन का सींग जब्त, एसएसबी ने एक तस्कर को दबोचा

**सुपौल।** जिले के भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र स्थित भीमनगर चेक पोस्ट पर 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एक हिरन का सींग जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सीमा चौकी भीमनगर द्वारा सतर्क ड्यूटी के दौरान की गई। 45वीं वाहिनी के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि वन्यजीव अवयव की तस्करी की गुप्त सूचना मिलने के बाद चेक पोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान सुरक्षा बल ने सूचना से मेल खाते एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। तलाशी में उसके बैग से हिरन का एक सींग बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान सुरेश कुमार देव, ग्राम भवानीपुर, जिला सुपौल के रूप में बताई। उसने स्वीकार किया कि वह बरामद सींग को नेपाल स्थित अपनी बहन के घर ले जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि वन्यजीव अवयवों को रखना, ले जाना या व्यापार करना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 50 के तहत दंडनीय अपराध है। आरोपी तथा जब्त अवयव को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद वन क्षेत्राधिकारी वीरपुर को सुपुर्द कर दिया गया है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक मोहन लाल सहित अन्य एसएसबी जवानों की सक्रिय भूमिका रही। 45वीं वाहिनी ने सीमावर्ती इलाकों में अवैध तस्करी और वन्यजीव अपराधों पर कड़ी निगरानी जारी रखने की बात कही है।

## पुलवामा शहीदों की स्मृति में वीरपुर अस्पताल में रक्तदान शिविर, 36 यूनिट रक्त संग्रह

**सुपौल।** पुलवामा के बलिदानियों की स्मृति में शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल वीरपुर, सुपौल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन सुपौल, एसएसबी कमांडेंट वीरपुर, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम-सह-डीपीसी तथा जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में सशस्त्र सीमा बल वीरपुर के जवानों, भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं और अन्य रक्तवीरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अब तक कुल 36 यूनिट रक्त संग्रह किया जा चुका है, जबकि शिविर आगे भी जारी है। रक्त केंद्र सदर अस्पताल सुपौल की टीम ने रक्त संग्रह की जिम्मेदारी संभाली।

# चुनावी रणनीति पर भाजपा का मंथन, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड भारतीय जानता पार्टी (भाजपा) ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। इसी के मद्देनजर शनिवार को जौलीग्रांट स्थित एक होटल में कोर ग्रुप की बैठक बुलाई गई।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की मौजूदगी में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार तथा कोर ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में 70 सीटों पर विजय सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ कार्य करेगी। चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इसी उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों एवं चुनावी रणनीति को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। भट्ट ने बताया कि सेवा कार्यों, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, एक पेड़ मां के नाम अभियान, आपातकाल का काला अध्याय, विभाजन विभीषिका दिवस, सेवा पखवाड़ा, जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान, वीर बाल दिवस सहित अन्य राष्ट्रीय एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि मार्च से अप्रैल तक विभिन्न विषयों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चुनावी दृष्टि से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए वाराणसी में प्रशिक्षण शिविर भेजा जाएगा। 17 फरवरी को प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें मुख्यमंत्री के साथ वर्तमान राजनीतिक एवं संगठनात्मक परिस्थितियों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को आमंत्रित करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर मोर्चों की बैठक के बाद संयुक्त मोर्चा बैठक आयोजित कर संगठन को और सुदृढ़ किया जाएगा। नव मतदाताओं को जोड़ने तथा दोनों मंडलों में बूथ कार्यक्रमों को मजबूत करने की रणनीति तैयार की गई है। महेंद्र भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री विधायकों के साथ अलग से संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल विस्तार के मुद्दे पर भी चर्चा हुई है। राज्य स्तरीय सर्वे के आधार पर कोर कमेटी में मंथन किया गया। केंद्रीय टीम विकास केंद्रित मुद्दों के आधार पर चुनाव में उतरेगी।

## नवादा के रजौली चेक पोस्ट पर 167 लीटर विदेशी शराब जब्त, नालंदा का तस्कर गिरफ्तार

नवादा। नवादा जिले के बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित रजौली चेक पोस्ट पर शनिवार को उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 167.310 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक नवादा अरुण कुमार मिश्र के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत यह सफलता मिली। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताए कि उत्पाद निरीक्षक अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को झारखंड से होकर प्रतिदिन गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि एक संदिग्ध कार शराब की खेप लेकर बिहार की ओर आ रही है। सूचना के आधार पर चेक पोस्ट पर डब्ल्यूबी 02 एएफ 8066 नंबर की कार को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन के अंदर बनाए गए गुप्त तहखानों से विभिन्न ब्रांड की कुल 167.310 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

# गौतमपुरी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन जनसेवा के नए अध्याय की शुरुआत : सत्या शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने शनिवार को शाहदरा उत्तरी जोन के गौतमपुरी क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

सत्या शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाएं अब आमजन के द्वार तक पहुंच रही हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से स्थानीय निवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उनके अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें दूर स्थित अस्पतालों में जाने की आवश्यकता कम होगी। स्थायी समिति की अध्यक्ष ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक नागरिक को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवाइयां, आधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाएं, कैंसर जांच, टीकाकरण तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। यह पहल समाज के सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# एनएच-24 पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के गाजीपुर इलाके में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 76 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा एनएच-24 की सर्विस रोड पर पेट्रोल पंप के पास हुआ। जहां एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर फुटपाथ पर चढ़ गई और वहां पैदल जा रहे बुजुर्ग को कुचल दिया। पुलिस ने चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है जबकि कार में सवार अन्य लोग फरार हो गए। पुलिस के अनुसार सुबह करीब छह बजे पीसीआर कॉल के जरिए हादसे की सूचना मिली। शुरुआती सूचना थाना गाजीपुर को मिली थी, जिसे बाद में थाना पांडव नगर क्षेत्र में ट्रांसफर किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि काले रंग की स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराने के बाद सर्विस रोड के फुटपाथ पर चढ़ी हुई थी। फुटपाथ पर एक बुजुर्ग गंभीर हालत में पड़े थे, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान पैक करमई (76) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे और वर्तमान में गाजीपुर गांव में रह रहे थे। वह गाजीपुर फूल मंडी में काम करते थे और हादसे के वक्त दो सहकर्मियों के साथ काम पर जा रहे थे। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि स्कॉर्पियो मुख्य सड़क और सर्विस रोड के बीच बने डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित हो गई, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा।

# एसएससी भर्ती परीक्षा में हाईटेक नकल गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एसएससी मल्टी टास्किंग (नॉन-टेक्निकल) स्टाफ एवं हवलदार भर्ती परीक्षा-2025 में हाईटेक तरीके से नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

शनिवार को देहरादून के सरदार पटेल भवन स्थित सभागार में साइबर/एसटीएफ के पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि 13 फरवरी को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित एसएससी परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को पास कराने के नाम पर ठगी एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से नकल कराने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर उत्तराखंड एसटीएफ और उत्तर प्रदेश एसटीएफ की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। जांच के दौरान देहरादून स्थित महादेव डिजिटल जोन, एम.के.पी. इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में एक संदिग्ध सेटअप का खुलासा हुआ। परीक्षा लैब के समीप बने कक्ष में एक गुप्त चैंबर (गड्ढा) तैयार कर उसे ऊपर से ढक दिया गया था, जो बाहर से देखने पर सेफ्टी टैंक जैसा प्रतीत होता था। उक्त स्थान से दो लैपटॉप और राउटर के माध्यम से रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर (रियलवीएनसी/वीएम) का उपयोग कर परीक्षा प्रश्नपत्रों को हल कराया जा रहा था। उन्होंने बताया कि एसटीएफ टीम ने तकनीकी एवं फॉरेंसिक उपकरणों की सहायता से पूरे सिस्टम को कब्जे में लेकर सील कर दिया तथा मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नीतिश कुमार पुत्र चन्द्रभान गौड़, मूल निवासी भाटपार रानी, देवरिया (उ.प्र.), हाल निवासी नागलोई, दिल्ली तथा भास्कर नैथानी पुत्र दिनेश चन्द्र नैथानी, निवासी नथुवावाला, देहरादून के रूप में हुई है। पूछताछ में अभ्यर्थियों से परीक्षा में पास कराने के नाम पर प्रति अभ्यर्थी 10 लाख रुपये तक की मांग किए जाने का खुलासा हुआ है। मौके से दो डेल लैपटॉप, एक इथरनेट कनेक्टर एडेप्टर, दो कैट-06 केबल, एक डीजिसोल राउटर (चार्जर सहित), एक पीएनटी केबल कनेक्टिंग बॉक्स तथा चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

# गढ़वाल हिमालय ट्रैकिंग माउंटेनियरिंग संगठन ने डीएम को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। गढ़वाल हिमालय ट्रैकिंग एवं माउंटेनियरिंग संगठन ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी प्रशांत आर्य को पत्र लिखकर एक्सप्लोर पोर्टल डॉट कॉम पोर्टल में बदलाव की मांग की है। संगठन का कहना है कि ट्रेकिंग अनुमति प्रणाली में व्यावहारिक खामियां हैं, जिससे पर्यटन गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

पत्र में कहा गया कि उत्तराखंड ट्रैकिंग नियमावली 2026 पोर्टल प्रणाली में पर्यटकों और गाइड को ट्रेकिंग परमिट आवेदन को एक्सेप्ट करने का अधिकार दिया गया है, जबकि ट्रेकिंग गतिविधि से संबंधित संपूर्ण कानूनी, प्रशासनिक, सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन संबंधी दायित्व टूर ऑपरेटर एवं कंपनी पर ही निर्धारित होता है। संगठन ने सुझाव दिया है कि ट्रेकिंग परमिट आवेदन को एक्सेप्ट करने का अधिकार टूर ऑपरेटर, कंपनी को दिया जाना चाहिए, न कि पर्यटकों या गाइडों को। इससे अनुमति प्रक्रिया सरल होगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। संगठन का कहना है कि यदि मेम्बर्स, गाइड फोन नहीं उठाता या सिस्टम नहीं जानता और जानबूझकर एक्सेप्ट नहीं करता, तो परमिट अटक जाएगा, जिससे ऑपरेटरों का पेमेंट फँस जाता है और जिससे पर्यटक नाराज़ होकर अन्य राज्यों का रूख करते हैं , जिसके कारण स्थानीय युवा वर्ग जो पर्यटन से जुड़े लोग हैं, वे बेरोजगार हो जाएंगे। संगठन ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि वे इस मामले में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करें, ताकि ट्रेकिंग परमिट आवेदन एक्सेप्ट केवल टूर ऑपरेटर कंपनी के द्वारा ही किया जा सके और पर्यटकों, गाइडों को इस अनुमति सम्बंधित झमेले से बाहर रखा जा सके। वहीं उत्तरकशी के एम.डी स्नो स्पाइडर ट्रेक एंड टूर के भागवत सेमवाल ने बताया कि नई नियमावली जटिल बनाई गई है जिससे स्थानीय ट्रेक एंड टूर ऑपरेटरों और एजेंसियों को परेशानी हो रही है । विकास अधिकारी केके जोशी ने बताया कि नए पोर्टल पर जनपद की सभी ट्रेकिंग एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी एजेंसी का प्रोफाइल, पंजीकरण विवरण, कार्यरत गाइडों के प्रमाणपत्र व अनुभव अभिलेख तथा अन्य सभी आवश्यक सूचनाएं पोर्टल पर अपडेट रखने को कहा गया है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063